निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 83 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1942:** महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की।

**1947:** पाकिस्तान ने अपने राष्ट्रीय ध्वज को मंजूरी दी।

**1988:** अफगानिस्तान में 9 साल के युद्ध के बाद रूसी सेना की वापसी शुरू।

**1988:** ईरान और इराक के बीच युद्धविराम की घोषणा।

**1990:** सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर कब्जे का ऐलान किया।

# झारखंड में 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में आधा दर्जन ठिकानों पर इडी की रेड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में 800 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले की जांच कर रही ईडी ने गुरुवार सुबह रांची, सरायकेला और कोलकाता समेत आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम ने झारखंड के कुल आठ स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की है। इस दौरान रांची के पीपी कंपाउंड स्थित कृष्ण अपार्टमेंट के चौथे तल पर भी रेड डाली गई। ईडी को इस दौरान हवाला और फर्जी कंपनियों के माध्यम से किए गए लेन-देन के कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। वहीं जमशेदपुर में स्क्रैप कारोबारी ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल के ठिकानों पर टीम पहुंची। इससे पूर्व भी ज्ञानचंद जायसवाल को ईडी ने इस मामले में जेल भेजा था। यह दूसरे दौर की कार्रवाई है। जमशेदपुर में सर्किट हाउस एरिया, बिष्टुपुर, जुगसलाई आदित्यपुर समेत अन्य स्थानों पर छापेमारी चल रही है। रांची, जमशेदपुर के साथ-साथ ईडी ने झरिया और धनबाद में भी दबिश दी है। रांची से आई ईडी की विशेष टीम ने झरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर मेन रोड स्थित जगदंबा फर्नीचर दुकान और धनबाद के 'आपनो घर' सोसाइटी स्थित आवास पर एक साथ दबिश दी। ईडी की यह कार्रवाई व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ चीनू अग्रवाल के खिलाफ चल रही आर्थिक अनियमितताओं और लगभग 200 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी के गंभीर आरोपों की जांच के तहत की गई है। छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों ने वित्तीय दस्तावेज, बैंक ट्रांजैक्शन से जुड़े रिकॉर्ड, संपत्ति से संबंधित कागजात और कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए। इस जीएसटी घोटाले के तहत ईडी अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें कोलकाता के कारोबारी शिवकुमार देवड़ा, अमित गुप्ता, मोहित देवड़ा और जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी विक्की भालोटिया शामिल हैं। इन सभी आरोपितों को रिमांड पर लेकर ईडी ने पहले ही गहन पूछताछ की थी। जांच के दौरान आरोपितों की कागजी कंपनियों से जुड़े 10 बैंक खातों से 60 लाख रुपए जब्त किए गए थे। फिलहाल चारों आरोपी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम ने पहले किए पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, रांची, जमशेदपुर, कोलकाता और मुंबई में हवाला और फर्जी जीएसटी बिलिंग से जुड़े नेटवर्क की परतें खुलने लगी हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि बड़े पैमाने पर फर्जी कंपनियों के माध्यम से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का गलत लाभ उठाया गया, जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हुआ। बताया जा रहा है कि जांच एजेंसी की नजर अब उन स्थानीय कारोबारियों पर भी है, जिनका नाम इस घोटाले में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। जमशेदपुर और रांची के कई कारोबारी पहले भी इस केस में गिरफ्तार हो चुके हैं। गुरुवार की छापेमारी से यह स्पष्ट हो गया है कि ईडी इस पूरे घोटाले की जड़ तक पहुंचने के लिए हर स्तर पर कार्रवाई कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में और भी लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।



# पांच लाख की अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** चतरा पुलिस ने अफीम के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने लगभग पांच लाख रुपए की अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी सुमित अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इस दल ने वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के पाखा नाला के पास घेराबंदी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक बाइक पर सवार तीन संदिग्धों को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से लगभग एक किलो अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार तस्करों की पहचान महेंद्र कुमार यादव कुरसैल, वशिष्ठनगर जोरी जबकि दिनेश और सत्येन्द्र दोनों राजगुरूआ टोला ढेकीटूका, सदर थाना, चतरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने तस्करों के पास से अफीम के अलावा तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन और एक बाइक भी जब्त किया है। एसपी ने बताया कि यह गिरफ्तारी अफीम के अवैध व्यापार पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस अब इन तस्करों से पूछताछ कर रही है। इससे इस गिरोह के अन्य सदस्यों और इसके पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सकेगा। चतरा जिले में अफीम की खेती और तस्करी एक गंभीर समस्या रही है। पुलिस की इस तरह की लगातार कार्रवाई से इस अवैध धंधे पर लगाम लगने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### लूटपाट मामले में तीन गिरफ्तार

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में राहगीरों से लूटपाट करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई नकदी, मोबाइल और अन्य सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जय कुमार, अमित कुमार और रंजन कुमार और मनीष पांडे के रूप में हुई है। तीनों जिले के सदर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के रहने वाले हैं।

### रात से लापता व्यक्ति का शव कुएं से मिला

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हिरोडीह थाना क्षेत्र के बैरिया नवाहार गांव में गुरुवार सुबह एक कुएं से 45 वर्षीय रामजी राय का शव मिला है। रामजी राय बुधवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद अचानक लापता हो गया था। परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह ग्रामीणों के साथ मिलकर आसपास खोजबीन की गई। इसी क्रम में घर से कुछ दूरी पर स्थित एक पुराने कुएं में उसका शव दिखाई दिया।

### युवक ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जुगसलाई थाना क्षेत्र स्थित एमई स्कूल रोड में एक दुखद घटना सामने आई है। स्थानीय निवासी चेतन जायसवाल (30) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह जब चेतन ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तब इस घटना का पता चला। चेतन अविवाहित था और अपनी बहनों के साथ उसी घर में रहता था। उसने दुपट्टे का उपयोग करके फांसी लगाई। जुगसलाई थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### तेज रफ्तार हाइवा ने किसान को कुचला

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा बालूमाथ-हेरहंज स्टेट हाईवे-10 पर लावागड़ा गांव के समीप शाम करीब साढ़े सात बजे हुआ। मृतक की पहचान हेरहंज प्रखंड के दूधमाटिया टोला निवासी जमेदार भगत के रूप में की गई है। वे अपने खेत से धान की रोपनी कर हल-बैल के साथ घर लौट रहे थे तभी तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

### पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** कटकमसांडी प्रखंड के बाझा पंचायत में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। ग्राम बाझा निवासी गुलटन भुइयां पिछले चार दिनों से लापता था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार को गांव से कुछ दूरी पर स्थित जंगल में एक ग्रामीण ने सखुआ पेड़ से लटका शव देखा। नजदीक जाकर देखने पर मृतक की पहचान गुलटन भुइयां के रूप में हुई।

# जमशेदपुर का डोबो पुल बना सुसाइड पॉइंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिले के सोनारी में दो नदियों के संगम पर स्थित डोबो पुल अब खूबसूरती के लिए नहीं बल्कि आत्महत्याओं के लिए जाना जाने लगा है। पिछले सात दिनों में चार लोगों ने इस पुल से कूदकर जान देने का प्रयास किया जिनमें से तीन की मौत हो गई। इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस ने पुल के दोनों तरफ 6 से 9 फीट तक की जाली लगाने का निर्णय लिया है। साथ ही अभी 24 घंटे पुल के पास एक पीसीआर वैन तैनात की गई है जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। 29 जुलाई को नीरज मुखी नामक युवक ने पुल से कूदकर अपनी जान दे दी। इसके दो दिन बाद 31 जुलाई को ऑटो चालक विकास शर्मा ने भी पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली। 2 अगस्त को सुमित्रा प्रमाणिक नामक युवती ने अपने बॉयफ्रेंड से फोन पर हुई लड़ाई के बाद पुल से कूदकर जान दे दी। 5 अगस्त को एक अन्य युवती ने भी पुल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, मछुआरों की मदद से उसे बचा लिया गया। वह अभी अस्पताल में भर्ती है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इधर, जमशेदपुर के सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि हाल के दिनों में पुल से लगातार लोगों द्वारा आत्महत्या करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। पुलिस ने शहर के लोगों से अपील की है कि वे छोटी-छोटी बातों पर अपनी जान न दें। अगर कोई समस्या है तो अपने परिवार के लोगों से बात करें।

## नेमरा की क्रांतिकारी भूमि से मुख्यमंत्री ने दिया भावुक संदेश

# 'क्रांति की जननी' है नेमरा की पावन धरती : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हैं। वहां वे अपने पिता, झारखंड आंदोलन के प्रणेता और तीन बार के मुख्यमंत्री रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अंत्येष्टि अनुष्ठानों में शामिल हो रहे हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मुख्यमंत्री को आगामी नौ दिनों तक नेमरा में ही रहना होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नेमरा की पावन धरती को 'क्रांति की जननी' बताते हुए उसे नमन किया। उन्होंने कहा कि यह वही भूमि है जहां उनके पूर्वजों ने शोषण, अन्याय और दमन के खिलाफ संघर्ष की चिंगारी जलाई। यह गांव उनके दादा सोना सोबरन मांझी की शहादत और उनके पिता शिबू सोरेन के असाधारण संघर्ष का साक्षी रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेमरा की यह वीर भूमि, जंगलों, नालों-नदियों और पहाड़ों के साथ मिलकर हर क्रांतिकारी कदम और बलिदान की गूंज को आज भी संजोए हुए है। यहां की



मिट्टी में संघर्ष की खुशबू और आत्मबलिदान की चेतना समाई हुई है। इस भूमि को मैं शत-शत नमन करता हूं। उन्होंने लिखा कि झारखंड राज्य की स्थापना और आदिवासी अस्मिता की रक्षा में शिबू सोरेन जी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। वे न केवल एक राजनेता बल्कि जनआंदोलन के प्रतीक थे। मुख्यमंत्री ने वीर शहीद सोना सोबरन मांझी और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वीर शहीद सोना सोबरन मांझी अमर रहें! झारखंड निर्माता दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! सीएम हेमंत सोरेन का यह पोस्ट भावनाओं से परिपूर्ण श्रद्धांजलि भी है और क्रांतिकारी विरासत के प्रति उनकी निष्ठा भी है। बता दें कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मुखाग्नि देने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन श्राद्ध कर्म का विधिवत निर्वहन कर रहे हैं। रामगढ़ जिला स्थित अपने पैतृक गांव नेमरा में उन्होंने आज 'तीन कर्म' की परंपरा का निर्वहन किया। इस दौरान हर कदम पर परिजन उनके साथ रहे। घर लौटने पर बड़े-बुजुर्गों की सलाह के मुताबिक अन्य संस्कार को पूरा बतौर पुत्र सीएम हेमंत सोरेन ने पूरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री की माता रुपी सोरेन, छोटे भाई बसंत सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन, बहन अंजली सोरेन, भाभी सीता सोरेन के अलावा घर के बच्चे और अन्य रिश्तेदार मौजूद रहे।

# झारखंड का कुख्यात माफिया मुठभेड़ में ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज/धनबाद।** शंकरगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को एसटीएफ प्रयागराज यूनिट और एक कुख्यात अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में चार लाख रुपये का इनामी बदमाश धनबाद के जे सी मल्लिक रोड निवासी आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह निवासी मारा गया। बिहार और झारखंड से जुड़ा यह अपराधी कई संगीन मामलों में वांछित था। वह अंतरराज्यीय गैंग से जुड़ा था और पुलिस को लंबे समय से इसकी तलाश थी। एसटीएफ प्रयागराज को इनपुट मिला था कि यह वांछित अपराधी शंकरगढ़ क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम में शामिल अधिकारी जेपी राय, प्रभंजन और रोहित सिंह ने जब उसे पकड़ने की कोशिश की तो अपराधी ने एके-47 राइफल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में एसटीएफ के सभी सदस्य बाल-बाल बच गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। कुछ ही देर चली मुठभेड़ में अपराधी को गोली लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुख्यात माफिया आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह के खिलाफ कई चर्चित हत्याकांड में केस दर्ज हैं। छोटू सिंह मूल रूप से धनबाद का रहने वाला है और यहां के जेल में बंद होने के बाद भी वह अपना बाहुबल बरकरार रखने में कामयाब रहा। पुलिस के मुताबिक आशीष यूपी और बिहार में सक्रिय था। 12 मई 2021 को धनबाद के वासेपुर में जमीन कारोबारी सरफुल हसन की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में भी आशीष रंजन आरोपी है और फरार था। आशीष रंजन पर झरिया के टायर व्यवसायी रंजीत सिंह की हत्या का भी आरोप है। उस पर रंगदारी मांगने और अमन सिंह की हत्या का आरोप है। लेकिन कुछ महीने बाद ही वह अमन सिंह के खिलाफ हो गया था। अमन सिंह की हत्या के बाद उसने एक ऑडियो जारी कर इसकी जिम्मेदारी ली थी। जेल में बंद अमन हत्याकांड के तीनों आरोपियों ने पुलिस के सामने स्वीकार किया था कि आशीष रंजन के कहने पर उन्होंने हत्या की थी। आशीष रंजन के खिलाफ धनबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रंगदारी, बमबाजी, हत्या समेत जानलेवा हमले के मामले दर्ज हैं। गैंगस्टर अमन सिंह की तीन दिसंबर 2023 को धनबाद जेल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह ने सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल कर अमन की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। बाइक चोरी के आरोप में जेल में बंद सुंदर उर्फ रितेश यादव ने तीन दिसंबर 2023 को अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# पलामू जेल में शिफ्ट होगा गैंगस्टर सुजीत सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा को चाईबासा जेल से पलामू सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया जाएगा। यह स्थानांतरण आईजी कारा के निर्देश पर होगा। सुजीत सिन्हा पलामू के रेड़मा का रहने वाला है। पलामू में ही आपराधिक वारदात को अंजाम देकर सुजीत सिन्हा ने अपराध की दुनिया में कदम रखा था। सुजीत सिन्हा के गैंग के कई सदस्य भी पलामू सेंट्रल जेल में बंद हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में सुजीत सिन्हा पर कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। पलामू में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के स्थानांतरण के आदेश के बाद पलामू सेंट्रल जेल में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जेल की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी। जेल सुपरिटेंडेंट भागीरथ करजी ने इस स्थानांतरण आदेश की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि सुजीत सिन्हा के यहां आने पर उससे जेल में मिलने-जुलने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। पलामू सेंट्रल जेल में पहले से ही कई कुख्यात अपराधी और नक्सली बंद हैं। पीएलएफआई का सुप्रीमो दिनेश गोप भी इसी जेल में है। सुजीत सिन्हा के खिलाफ एनआईए भी जांच कर रही है।

# हस्तकरघा हमारी विरासत : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भारत में हर वर्ष 07 अगस्त को राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस मनाया जाता है। भारत की समृद्ध हस्तकरघा परंपरा को प्रोत्साहित करने, स्थानीय बुनकरों के योगदान को सम्मान देने और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस' की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। रांची के डोरंडा कॉलेज सभागार में वीवर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार हुए। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में मैं कपड़ा मंत्री था। तब 2015 में पहले कार्यक्रम में हम चेन्नई में हैंडलूम दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। अपने संबोधन में



राज्यपाल ने कहा कि आज जिस तरह का व्यवहार अमरीका कर रहा है वैसे में हैंडलूम और वोकल फॉर लोकल का महत्व बढ़ जाता है। राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने दिवंगत नेता शिबू सोरेन को याद किया। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि बीते 4 अगस्त को राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का निधन हो गया था। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि हैंडलूम हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। भारत में हस्तकरघा एक कला नहीं है बल्कि इसका हर धागा, हर कपड़ा अपनी अपनी अलग कहानी कहता है। आज अमेरिका जैसा व्यवहार कर रहा है वैसे में वोकल फॉर लोकल का महत्व बढ़ जाता है। बुनकरों की सशक्तिकरण के लिए काम करने की जरूरत है। हम संकल्प लें कि मेड इन इंडिया और हैंडलूम फ्रॉम एवरी होम का नारा धरातल पर उतरे। राज्यपाल ने हैंडलूम के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले सहदेव स्वांसी, आलोक कुमार, सुखलाल, रंजीत दास, शंकर स्वांसी, दुलाल, अंजय कुमार, गुरुदास सहित कई लोगों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं बुनकर स्वांसी समाज से आनेवाले लोगों ने कहा कि आज राज्य में बुनकर समाज को सरकारी सहायता की जरूरत है। खूंटी के स्वांसी समाज के लोगों ने कहा कि जब सरकार धरती आबा बिरसा मुंडा के वंशजों का ख्याल रखती है तो उनके आध्यात्मिक और राजनीतिक गुरु रहे आनंदपाल स्वांसी के वंशजों को भी विशेष मदद करे।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# मोकामा से जदयू की टिकट पर चुनाव लड़ेंगे अनंत सिंह: बोले- तेजस्वी की पार्टी 15 सीट पर सिमटेगी

**पटना, एजेंसी।** मोकामा के पूर्व विधायक बाहुबली अनंत सिंह जेल से बाहर आ चुके हैं। बुधवार को जेल से रिहा होने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं मोकामा से नीतीश कुमार की पार्टी से चुनाव लड़ूंगा। दावा किया कि मोकामा में जो भी उनके सामने होगा, उसकी जमानत जब्त हो जाएगी।वहीं तेजस्वी के सरकार बनाने के दावों को लेकर कहा, तेजस्वी की पार्टी 15 सीटों पर सिमट जाएगी और नीतीश कुमार फिर से बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। गौरतलब है कि हाईकोर्ट से मंगलवार को अनंत सिंह को मोकामा गोलीकांड मामले में जमानत मिली थी। बुधवार को वह जेल से बाहर निकले और काफिले के साथ पटना स्थित अपने आवास पहुंचे थे। बाहुबली अनंत सिंह बुधवार शाम करीब साढ़े 4 बजे पटना की बेऊर जेल से बाहर निकले थे। 7 महीने बाद वे जेल से बाहर आए। अनंत सिंह 3 करोड़ की लैंड क्रूजर से अपने घर के लिए निकले। उनके साथ समर्थकों का हुजूम भी रहा।

## परशुराम स्थान में करेंगे पूजा अर्चना

मोकामा जाने के दौरान ह॥ किनारे रहने वाले ढीबर, रैली, पंडारक, मेकरा, सुल्तानपुर, बरहपुर और शिवनार गांव के लोग भी उनका स्वागत करेंगे। मोकामा में पूर्व विधायक परशुराम स्थान में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद मोकामा, हाथीदह, मरांची होते हुए बाहापर तक जाएंगे। वहां



लोगों से मुलाकात करेंगे। फिर बड़हिया मां महारानी मंदिर में आशीर्वाद लेकर काफिले के साथ अपने पैतृक गांव नदवां पहुंचेंगे।

## शर्तों के साथ कोर्ट ने दी जमानत

मंगलवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा- मौजूदा साक्ष्यों और केस डायरी की समीक्षा के बाद यह पाया गया कि आरोपी को जमानत दी जा सकती है। कोर्ट ने उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। जैसे अनंत सिंह को नियमित न्यायिक प्रक्रिया में उपस्थित रहना होगा और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहना होगा। अनंत सिंह के करीबी रवि विद्यार्थी ने बताया, कुछ दिनों पहले ही एक केस में जमानत मिली थी। आज ॥ष्ट से पचमहला फायरिंग में बेल मिली है। कोर्ट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही अनंत सिंह बाहर आ जाएंगे। अनंत सिंह के पैतृक गांव नदावां में जश्न का माहौल है। अनंत सिंह के आवास पर पटाखे फोड़े गए। बाढ़ में समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाइयां बांटीं। साथ ही आतिशबाजी की। इस दौरान करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राणा विजय सिंह और दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### 65 लाख के विवाद में सोनू-मोनू ने जड़ा था ताला

पुलिस के मुताबिक, हेमजा के मुकेश के घर पर गैंगस्टर सोनू-मोनू ने 4 दिन पहले ताला जड़ दिया था। इसके पीछे 65 लाख के लेन-देन का विवाद है। मुकेश लखीसराय जिले के खुटहा गांव स्थित चिमनी में मुंशी का काम करता था। उसमें सोनू-मोनू पार्टनर थे। चिमनी संचालन में लेन-देन का विवाद शुरू हो गया। इसी विवाद में सोनू-मोनू ने मुकेश के घर में ताला लगा दिया था। मुकेश ने इसकी सूचना अनंत सिंह को दी। बुधवार को अनंत सिंह ने सोनू-मोनू से फोन पर बात की। दोनों ओर से तीखी बहस हुई। इसके बाद अनंत समर्थकों के साथ हेमजा गांव पहुंचे और अपनी मौजूदगी में ताला खुलवाने के बाद उनके समर्थकों ने सोनू-मोनू को चेतावनी भी दी कि सुलह कर लो। फिर अनंत सिंह और उनके समर्थक सोनू-मोनू के गांव नौरंगा पहुंच गए। सोनू-मोनू ने जब अनंत और उनके समर्थकों को आते देखा तो दोनों ओर से गोलियां चलने लगीं।

## क्या था पूरा मामला

मामला 22 जनवरी 2025 का है। पचमहला में सोनू और मोनू ने मुकेश सिंह के घर पर ताला लगा दिया था। मुकेश उनके ईंट भट्ठे में मुंशी का काम करता था। दोनों ने उस पर 68 लाख रुपए के गबन का आरोप लगाया था। मुकेश ने इस बारे में बाहुबली से मदद मांगी थी। इसे लेकर थाने में भी शिकायत दर्ज कराई थी। अनंत सिंह अपने समर्थकों के साथ जलालपुर पहुंचे थे। मुकेश सिंह के घर का ताला तोड़ा और सोनू-मोनू से बातचीत के लिए नौरंगा गांव पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। करीब 100 राउंड फायरिंग हुई। हालांकि पुलिस ने केवल 14 खोखे बरामद किए थे।

## 23 जनवरी को मोकामा में शूटआउट हुआ था

23 जनवरी को मुकेश के घर दोबारा गोलीबारी हुई। इसमें पुलिस को 4 खोखे मिले। 24 जनवरी को पचमला थाना पुलिस ने सोनू को गिरफ्तार किया था। 24 को ही अनंत सिंह ने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर किया था। इस गोलीबारी का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पर आर्म्स एक्ट, हत्या की कोशिश, सरकारी काम में बाधा और मारपीट जैसी धाराओं में केस दर्ज किया गया था। अनंत सिंह ने जमानत के लिए पटना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### अनंत सिंह के खिलाफ पचमहला थाने में 2 एफआईआर

अनंत सिंह के खिलाफ नौरंगा जलालपुर पंचायत की मुखिया कुमारी उर्मिला सिंह ने पचमहला थाना में एफआईआरदर्ज करवाई गई थी। जिसमें उन्होंने अनंत सिंह पर आरोप लगाया कि वह शाम साढ़े चार बजे घर के आगे टहल रही थी। इसी दौरान अनंत सिंह अपने अन्य समर्थकों के साथ कई गाड़ियों से वहां पहुंचे और थोड़ी दूर पहले ही रुक गए। इसके बाद नीचे उतरकर हवाई फायरिंग की। मेरे घर की तरफ ताबड़तोड़ गोली बारी करने लगे। वहीं पचमहला थाना अध्यक्ष प्रहलाद कुमार झा के बयान पर भी एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसमें उनका पक्ष है कि उन्हें शाम 3 बजे हेमजा गांव निवासी मुकेश सिंह के घर पर ताला लगे रहने की जानकारी मिली, जिसे वह स्थानीय लोगों के समक्ष खोलने का प्रयास किया। जिसपर मुकेश सिंह ने उन्हें रोक दिया और कहा गया की अनंत सिंह आ रहे हैं, जिसके बाद ताला खुलेगा। इतने में अनंत सिंह अपने 15-20 समर्थकों के साथ वहां पहुंचे और पुलिस को मौके से हटने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह मामला वह अपने स्तर से देख लेंगे और उन्हें धक्का देकर किनारे कर दिया और मुकेश सिंह के घर का ताला खोलकर वहां से चले गए। इसी बीच उन्हें जानकारी मिली कि वह अपने समर्थकों के साथ सोनू मोनू के घर नौरंगा पहुंचे हैं। जहां पहुंचने से पहले ही गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आनन-फानन में जब तक पुलिस वहां पहुंची तब तक अनंत सिंह अपनी गाड़ी में बैठकर वहां से चले गए। पुलिस को घटनास्थल से तीन खोखा बरामद हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### 8 साल के बच्चे की पोखर में डूबकर मौत

**समस्तीपुर में दोस्त के साथ नहाने गया था, पानी की गहराई के कारण हादसा**



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के ताजपुर थाना क्षेत्र के रजका रामपुर मोरवा गांव में बुधवार को पोखर में डूबने से एक 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक राकेश राम का बेटा सिद्धार्थ कुमार (8) है। घटना की सूचना पर पहुंची ताजपुर थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर देर शाम सदर अस्पताल भेजा। मृतक के पड़ोसी बादल कुमार ने कहा कि बच्चे के पिता प्रदेश रहते हैं। गांव में वर्षों से नहीं आए हैं। मां की मौत पिछले साल हो गई थी। बहन है जो गांव में घर-घर काम कर सिद्धार्थ का पालन-पोषण कर रही थी। सिद्धार्थ गांव के ही अरुण राम के बेटे अंकुश कुमार के साथ घर के पास प्राइमरी स्कूल के पीछे पोखर के पास खेलने गया था। इसी दौरान नहाने लगा। पानी की गहराई ज्यादा थी, इस कारण हादसा हो गया। काफी देर बाद अंकुश ने गांव में जाकर लोगों को बताया कि सिद्धार्थ पोखर में डूब गया है। जिसके बाद लोगों ने लाश को पानी से बाहर निकाला। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। ताजपुर थाना अध्यक्ष सन्नी कुमार मौसम ने कहा कि पोखर में स्नान करने के दौरान बच्चे की डूब कर मौत हुई है। बच्चे की मां नहीं है। गांव में वह अपनी बड़ी बहन के साथ रहता था। शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### किशनगंज में सड़क की बदहाली पर भड़के लोग

**टेढ़ागाछ से बहादुरगंज तक निकाली बाइक रैली**



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के टेढ़ागाछ-बहादुरगंज मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। खराब सड़क के विरोध में बुधवार को हजारों ग्रामीणों ने टेढ़ागाछ से बहादुरगंज तक बाइक रैली निकाली। इस दौरान %रोड नहीं तो वोट नहीं% जैसे नारों से सड़कें गूंज उठीं। रैली टेढ़ागाछ प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर मटियारी, बेनुगढ़, लोचा और झींगाकाटा होते हुए बहादुरगंज कॉलेज ग्राउंड तक पहुंची। वहां आयोजित सभा में ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह सड़क वर्षों से खराब हालत में है, लेकिन स्थानीय विधायक इस दिशा में गंभीर नहीं हैं। उनका आरोप था कि पूर्व विधायक 17 साल और वर्तमान विधायक 5 साल तक पद पर रहे, लेकिन दोनों ही जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ आश्वासन दिए, विकास नहीं किया। वर्तमान में इस मार्ग पर मरम्मत का कार्य जारी है, लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह कार्य अधूरी योजना और लचर गुणवत्ता के साथ हो रहा है। उनकी मांग है कि सड़क का निर्माण पुर्नगठनात्मक और दीर्घकालिक सोच के साथ किया जाए। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो यह जन आक्रोश और बड़ा रूप ले सकता है। प्रदर्शनकारियों ने भविष्य में जिला मुख्यालय का घेराव कर आंदोलन तेज करने की भी बात कही।



# रक्षाबंधन के बाद गौनाहा में श्रद्धा और भक्ति का संगम, 45 फीट के रावण का होगा दहन

**बेतिया (पश्चिमी चंपारण), एजेंसी।** बेतिया के गौनाहा प्रखंड का एक अनोखा गांव है जहां रावण दहन की विशेष परंपरा निभाई जाती है। यह आयोजन रक्षाबंधन की रात से शुरू होकर अगले दिन तक पूरे उत्साह और आस्था के साथ चलता है। इस वर्ष गांव में 45 फीट लंबा रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। इसका निर्माण लगभग एक माह से जारी है। रावण निर्माण में 60 से अधिक युवा प्रतिदिन काम कर रहे हैं। पुतले के निर्माण में 5 दर्जन से अधिक बांस, 10 किलो कांटी, 15 किलो तार और 25 किलो प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। साथ ही 65 पीस सुतली की बोरियां, 5 लीटर पेंट और 33 हजार रुपये के पटाखे भी लगाए जा रहे हैं। इस आयोजन की एक विशेषता यह है कि यहां हनुमान जी की मूर्तियों की पूजा की जाती है। इस साल गांव में 150 छोटे और 12 बड़े हनुमान जी की मूर्तियां बनाई गई हैं। करीब 100 मूर्तियां बाहर से पूजा स्थल पर आने की संभावना है। बैंगलोर, लुधियाना, झारखंड और नेपाल जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग मन्नत पूरी होने पर हनुमान जी की प्रतिमा चढ़ाने आते हैं। गांव के रामयोध्या महतो ने बताया कि जिगना के प्रेम महतो, पुरैनिया के विवेक महतो और विजय महतो को रेलवे में नौकरी लगने पर वे हनुमान जी की मूर्ति चढ़ाते हैं। पहकौल की एक महिला की बिहार पुलिस में नौकरी लगने पर भी ऐसा ही किया गया। यह आयोजन गांव के करीब 110 घरों से एकत्र की गई सहयोग राशि से संचालित होता है। इसमें रामयोध्या महतो, विनय कुमार, जगत नारायण महतो, श्याम नारायण महतो और गुड्डू महतो जैसे ग्रामीण अग्रणी भूमिका निभाते हैं। पूजा के बाद हनुमान जी की सभी मूर्तियों का विसर्जन पिपरा स्थित दोन कैनाल नहर में किया जाता है।

# ट्रैक्टर चलाकर दिव्यांग पति का बनी सहारा पत्नी

**लोन पर खरीदकर यूटयूब से सीखा चलाना, बच्चों को पढ़ाकर अधिकारी बनाना चाहती**




**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के सदर प्रखंड के जगिरी टोला की प्रमिला देवी पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। उन्होंने समाज की रूढ़िवादी सोच को तोड़ते हुए अपनी हिम्मत से एक नई मिसाल पेश की है। प्रमिला ने अपने दिव्यांग पति का सहारा बनकर लोन लेकर ट्रैक्टर खरीदा। उन्होंने यूट्यूब पर वीडियो देखकर ट्रैक्टर चलाना सीखा और अब खुद इसे चलाती हैं। एक ऐसे समाज में जहां महिलाएं अक्सर घर की चारदीवारी तक सीमित मानी जाती हैं, प्रमिला ने अपने हाथों में ट्रैक्टर का स्टीयरिंग थामकर साबित किया है कि आत्मविश्वास से कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। उनके पति की दिव्यांगता ने उनके सामने कई चुनौतियां खड़ी कीं। लेकिन प्रमिला ने हार नहीं मानी। उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली और ऐसा काम करने का फैसला किया जिसे आमतौर पर पुरुषों का क्षेत्र माना जाता है। प्रमिला के लिए यह सफर आसान नहीं था। जब उन्होंने ट्रैक्टर चलाने का फैसला किया, तो उनके पति समेत आसपास के लोगों ने उन्हें काफी मना किया। उन्हें ताने दिए गए और कहा गया कि एक महिला के लिए ट्रैक्टर चलाना संभव नहीं है। लेकिन प्रमिला ने किसी की बात पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने मोबाइल पर वीडियो देखकर ट्रैक्टर चलाना सीखा और जल्द ही इसमें माहिर हो गईं। आज वही लोग जो कभी उनका विरोध करते थे, अब उनकी तारीफ करते नहीं थकते।

## लोन लेकर ट्रैक्टर खरीदा था ट्रैक्टर

प्रमिला देवी ने पति को लकवा होने के बाद परिवार की जिम्मेदारी खुद उठाई। आर्थिक तंगी में उन्होंने 6 लाख का बैंक लोन लेकर ट्रैक्टर खरीदा। पहले ड्राइवर रखा, लेकिन खर्च ज्यादा था, इसलिए मोबाइल से वीडियो देखकर खुद ट्रैक्टर चलाना सीखा। आज खुद खेत जोतने और मिट्टी ढुलाई से अच्छी कमाई कर रही हैं। समाज की बातों को नजरअंदाज कर उन्होंने अपने आत्मबल से मिसाल कायम की। वे चाहती हैं कि उनके बच्चे पढ़-लिखकर अधिकारी बनें। पति दिव्यांग हैं और आठ परिवारों का खर्च प्रमिला अकेले उठाती हैं। समाज ने शुरुआत में विरोध किया, पर अब उनकी सराहना करता है। उनका कहना है कि सरकार को ऐसे मेहनती लोगों की ओर ध्यान देना चाहिए और सहयोग करना चाहिए।

### शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक चलाती ट्रैक्टर

प्रमिला देवी अब अपनी कमाई से अपने पांच बच्चों, पति और ससुर का पालन-पोषण करती हैं। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार आया है। उनका ट्रैक्टर अब शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर दौड़ता है। प्रमिला देवी का यह साहस महिला सशक्तिकरण का एक जीता-जागता उदाहरण है। वह उन हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं, जो परिस्थितियों के कारण अपने सपनों को त्याग देती हैं। उन्होंने यह दिखा दिया है कि जब एक महिला ठान लेती है, तो वह न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकती है, बल्कि समाज में भी अपनी एक अलग पहचान बना सकती है। लोग उनकी हिम्मत और लगन की तारीफ कर रहे हैं।

# गयाजी में हथियार के साथ 4 अपराधी गिरफ्तार:लूट की रच रहे थे साजिश

**गया, एजेंसी।** गयाजी के कोतवाली पुलिस ने बुधवार को 4 युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 2 के पास 4 देसी कट्टा और 4 मैगजीन बरामद हुए हैं। साथ ही एक बाइक और एक स्कूटी भी जब्त की गई है। पुलिस का कहना है कि ये सभी लूट की साजिश रच रहे थे। एसपी सिटी रामानंद कौशल ने बताया कि 5 अगस्त की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि वारिस नगर इलाके में फल्गु नदी किनारे कुछ संदिग्ध युवक जमा हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की। पुलिस को देखते ही चारों युवक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर सभी को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस को शक, हथियार भी सप्लाई करते हैं :** गिरफ्तार युवकों की पहचान तैयब, अरबाज, हैदर और विलाल के रूप में हुई है। सभी से पूछताछ जारी है। पुलिस को शक है कि ये युवक सिर्फ लूट ही नहीं, हथियार




सप्लाई के धंधे से भी जुड़े हो सकते हैं। एसपी सिटी ने बताया कि सभी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। हथियार कहां से आए, किसे देने वाले थे, इसके पीछे कौन लोग हैं इन तमाम बिंदुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। फिलहाल चारों को कोतवाली थाने में रखकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का मानना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो ये युवक किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते थे।

# छपरा में पूर्व मेयर की विवादित पोस्टर कांड का खुलासा: प्रिंटिंग प्रेस संचालक गिरफ्तार

**छपरा/ सारण, एजेंसी।** छपरा शहर में पूर्व मेयर राखी गुप्ता का विवादित पोस्टर लगाए जाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने पोस्टर प्रिंट करने वाले प्रेस पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में प्रेस संचालक कुंदन राज को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कुंदन वीर कुंवर सिंह कॉलोनी काशीबाजार, भगवानबाजार का रहने वाला है। पुलिस ने इस साजिश में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान कर ली है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। कुछ दिन पहले छपरा शहर के प्रमुख स्थलों पर विवादित पोस्टर लगाए




गए थे। इन पोस्टरों में पूर्व मेयर राखी गुप्ता की फोटो को फोटोशॉप के जरिए राजद नेताओं और विधायक के साथ अशोभनीय ढंग से प्रस्तुत किया गया था। ये पोस्टर रात में लगाए गए और सुबह होते ही शहर में चर्चा का विषय बन गए। घटना के बाद राखी गुप्ता के पति वरुण प्रकाश ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**छवि खराब करने की नीयत से लगाया पोस्टर :** वरुण प्रकाश ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी की छवि खराब करने की नीयत से यह कृत्य किया गया है। पुलिस ने नगर थाना कांड संख्या 755/25 दर्ज कर जांच शुरू की। एसएसपी कुमार आशिष के नेतृत्व में गठित टीम ने वैज्ञानिक तरीके से जांच की। जांच में पता चला कि पोस्टर शहर के एक निजी प्रिंटिंग प्रेस में तैयार किए गए थे। पुलिस का मानना है कि इस घटना के पीछे आपसी राजनीतिक द्वेष और पूर्व मेयर की छवि खराब करने की साजिश है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# टीचर्स को मनचाहे जिलों में मिलेगी पोस्टिंग: सीएम नीतीश बोले- ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए होंगे 3 ऑप्शन

**पटना, एजेंसी।** बिहार में शिक्षकों को अब उनके मनचाहे जिलों में पोस्टिंग मिलेगी। इसके लिए टीचर्स को अब 3 जिलों के ऑप्शन दिए जाएंगे। जिसके बाद उन्हीं जिलों में शिक्षकों की पोस्टिंग की जाएगी। ये जानकारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर दी। सीएम ने लिखा- शिक्षा विभाग की ओर से हाल ही में शिक्षकों के ट्रांसफर के बारे में अलग-अलग स्रोतों से सुझाव प्राप्त हो रहे हैं। इसकी समीक्षा के क्रम में मैंने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निदेश दिया है कि इंटर स्टेट ट्रांसफर संबंधी जिन शिक्षकों की भी समस्या है, उनसे 3 जिलों का विकल्प प्राप्त किया जाएगा, जिसके बाद उन्हीं जिलों में उनकी पोस्टिंग की जाएगी। सीएम ने लिखा, जिलों के अंदर पोस्टिंग का काम जिला पदाधिकारी की समिति की ओर से किया जाएगा ताकि जल्द से जल्द टीचर्स की इच्छा अनुसार उनकी पोस्टिंग की जा सके।

**शिक्षकों की ट्रांसफर और पोस्टिंग 10 सितंबर तक होगी :** शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की समस्या का



समाधान डीएम करेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने गुरुवार को कहा, 31 अगस्त तक शिकायतों का निपटारा कर ट्रांसफर-पोस्टिंग का काम 10 सितंबर तक पूरा किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी डीएम और डीईओ को पत्र लिखा है। लेटर के मुताबिक, जिले के अंदर ट्रांसफर की समस्या का समाधान जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्थापना समिति करेगी। अंतर जिला ट्रांसफर पोस्टिंग की समस्या का समाधान स्थापना समिति द्वारा करने के बाद इसकी जानकारी प्राथमिक शिक्षा निदेशक को दी जाएगी। उसके बाद नए सिरे से ट्रांसफर-पोस्टिंग की जाएगी।

बिहार में शिक्षा विभाग ने अब तक 10,322 महिला शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग कर दी है। विभाग के मुताबिक, 881 महिला शिक्षिकाएं जिन्हें जिले तो आवंटित किए गए थे, लेकिन स्कूल नहीं मिला था, उन्हें भी स्कूल आवंटित कर दिए गए हैं। साथ ही 1063 शिक्षिकाएं, जिन्हें स्कूल में टीचर की संख्या कम होने के कारण न तो जिला और ना ही स्कूल आवंटित हो सका था, उन्हें भी स्कूल में पोस्टिंग मिल गई। बाकी 6335 शिक्षिकाओं को जिला आवंटित किया गया। इन सभी को जिला आवंटन के बाद जिला स्थापना समिति स्कूल आवंटित करेगी। इस लिस्ट के अनुसार 2,043 शिक्षकों को जिला और स्कूल का आवंटन किया गया है, जबकि 6,335 शिक्षकों को केवल जिला आवंटित किया गया।

# मुजफ्फरपुर में ड्राइवर से कैश और बाइक की लूट

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में रैपिडो ड्राइवर से बाइक और 15 हजार रुपए की लूट हुई है। विरोध करने अपराधियों ने गोली मार दी। बुलेट दाहिने जांघ में लगी है। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना करजा थाना क्षेत्र की है। घायल की पहचान



शिवहर थाना रोड निवासी मो. शाहनवाज हुसैन(29) के तौर पर हुई है। पीड़ित ने बताया कि देर रात 1 बजे के करीब बाइक से पटना से घर के लिए निकला थ। करजा के चिकनौटा स्थित लालू राबड़ी मोड़ के पास बाइक सवार 3 अपराधियों ने गन पॉइंट पर रोक लिया। बाइक और पैसा देने को कहा। मना करने पर गोली चला दिया। बुलेट लगते ही जमीन पर गिर पड़ा। इस बीच गाड़ी और 15 हजार कैश लूटकर सभी फरार हो गए। इसके बाद अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवार के सदस्यों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बैरिया स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया। अपराधियों का फेस ओपन था।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 07-08-2025 21:56 Page 1



# शिक्षकों पर निगरानी रखेंगे मुखिया

## टोल फ्री नम्बर जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सुपौल।** जिले के सरकारी विद्यालयों से गायब रहने वाले शिक्षकों की अब खैर नहीं है। ऐसे शिक्षकों की निगरानी अब मुखिया, वार्ड सदस्य और गांव वाले भी करेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारियों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों, कार्यक्रम पदाधिकारियों और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। निर्देश के अनुसार, यदि मुखिया, वार्ड सदस्य, ग्रामीण जनता और अन्य किसी को यह सूचना प्राप्त होती है कि कोई शिक्षक, प्रधान शिक्षक या प्रधानाध्यापक विद्यालय में हाजिरी लगाकर गायब रहते हैं, तो वे इसकी सूचना विभागीय काल सेंटर के टोल फ्री नंबर 14417 और 18003454417 पर देंगे।

इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन सुनिश्चित हो सके। अपर मुख्य सचिव ने अपने निर्देश में कहा है कि प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति पर कड़ाई से नजर रखेंगे।

इसके साथ ही, यह सुनिश्चित करेंगे कि शिक्षक समय पर विद्यालय आएं और समय से विद्यालय छोड़ें। सभी शिक्षक अपनी उपस्थिति विद्यालय परिसर के अंदर आकर दर्ज करेंगे, इसे सुनिश्चित किया जाए। ऐसे शिक्षकों की पहचान की जाए, जो विद्यालय परिसर के बाहर से उपस्थिति दर्ज करते हैं। ऐसी उपस्थिति अमान्य होगी।

अपर मुख्य सचिव ने हिदायत दी है कि सभी शिक्षक अपना अवकाश स्वीकृत कराने के बाद ही विद्यालय छोड़ेंगे। अगर कोई भी शिक्षक बिना अवकाश स्वीकृत कराए अवकाश पर चले जाते हैं, तो इसकी सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी को दी जाए।

प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक एक पंजी रखेंगे, जिसमें आकस्मिक स्थिति उत्पन्न होने पर यदि बच्चे विद्यालय कार्यावधि के पूर्व विद्यालय छोड़ कर कहीं आवश्यक कार्य से जाते हैं, तो उनके संदर्भ में पंजी में तिथि एवं समय अंकित किया जाएगा।

आकस्मिक स्थिति में बच्चों के अभिभावक को दूरभाष पर सूचना दी जानी चाहिए कि उनके बच्चे विद्यालय समय पूर्व छोड़ कर घर या अन्य जगह आवश्यक कार्य से जा रहे हैं। अभिभावकों को लाउडस्पीकर से स्कूल संचालन की जानकारी दी जाएगी। टन-टन...सुनो घंटी बजी स्कूल की, चलो स्कूल तुमको पुकारे...।

# युवक का शव बरामद, सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी(बेगूसराय)।** बखरी थाना क्षेत्र के नदैल घाट से मरथुआ रोड के ढ़ेल फेंका बाबा स्थान के निकट एक युवक का शव मिला है। युवक चकहमीद पंचायत अंतर्गत बहोरचक गांव के बिन्देश्वरी पासवान का 23 वर्षीय पुत्र ललन पासवान है। जो सुबह अपने खेत से भिंडी तोड़ने गया था। इसी दौरान राहगीरों ने ललन का शव देख इसकी सूचना सवजनों को दी। सूचना मिलते ही ललन की खोज कर रहे ग्रामीण और स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे।

खबर के फैलते ही आसपास के गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। जिससे वहां भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। दल बल के साथ मौके पर पहुंचे एसडीपीओ कुंदन कुमार, थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर फैसल अहमद ने लोगों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मॉल में घुसा बदमाश कर्मियों पर तानी पिस्टल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** अहियापुर थाना क्षेत्र के जीरोमाइल इलाके में बुधवार की रात मॉल कर्मी ने समय खत्म होने की बात कहा तो बदमाश ने कर्मी व मैनेजर पर पिस्टल तान दिया।

शोर मचाने पर मॉल में अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुटी। इसी बीच सूचना पर डायल 112 की टीम वहां पहुंची। पुलिस को देखते ही बदमाश हथियार फेंक भाग निकला। इसके बाद पुलिस ने उक्त पिस्टल को जब्त किया।

अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार ने बताया कि ग्रेटा पिस्टल व कारतूस जब्त किए गए है। सीसी कैमरे को खंगालकर बदमाश की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जब्त किए गए पिस्टल लाइसेंसी या अवैध है। इसकी भी जांच की जा रही है।

बताया गया कि इलाके का एक व्यक्ति पत्नी के साथ मॉल में खरीदारी करने को आया था। रात में समय समाप्त हो जाने के दौरान कर्मियों ने खरीदारी करने से मना कर दिया। इसके बाद उक्त व्यक्ति पत्नी को घर पहुंचा दिया।

कुछ समय बाद वह मॉल में घुस गया और मैनेजर व कर्मियों पर पिस्टल तान दिया। मैनेजर पर हथियार तानते देख अन्य कर्मचारी डर गए। कर्मियों ने साहस दिखाकर उसे पकड़ लिया। इसी दौरान कर्मी और उक्त युवक में हाथापाई भी हुई। इसी बीच पुलिस वहां पहुंच गई।

इसके बाद युवक भाग निकला। भागने के दौरान उसका पिस्टल, मोबाइल, पर्स वहीं पर गिर गया। पुलिस के पहुंचने पर पिस्टल व अन्य सामान को उनके हवाले कर दिया गया। उसकी बाइक भी पुलिस ने जब्त की है। पुलिस इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## दोहरे हत्याकांड मामले में लाइनर गिरफ्तार

**लखीसराय।** जिले के वलीपुर गांव में 17 जून को हुए दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। विशेष अनुसंधान टीम ने इस कांड में शामिल कुख्यात अपराधी उमाशंकर उर्फ मुकेश सिंह उर्फ पेट्रोल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, उमाशंकर इस मामले में मुख्य लाइनर की भूमिका में था और घटना के बाद से फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला पिपरिया थाना क्षेत्र में एफआईआर संख्या 60/25 के तहत दर्ज है। 17 जून को वलीपुर पंचायत के मुखिया चंदन सिंह उर्फ डोमू और एक अन्य व्यक्ति चंदन कुमार की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद से इलाके में तनाव का माहौल था और पुलिस प्रशासन पर शीघ्र कार्रवाई का दबाव बना हुआ था। एसपी ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर पहले ही मुख्य शूटर समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब उमाशंकर उर्फ पेट्रोल की गिरफ्तारी के साथ पुलिस को इस केस के नेटवर्क को समझने में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

पुलिस का दावा है कि उमाशंकर ने ही अपराधियों को लक्ष्य की जानकारी दी थी और घटना से पहले की पूरी रेकी की थी। उसकी गिरफ्तारी से पूरे षड्यंत्र का खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस दोहरे हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता और बाकी फरार अपराधियों की तलाश तेज कर दी गई है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद इलाके में लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

# उफान पर गंगा, एहतियातन 32 विद्यालयों को किया बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली में गंगा के बढ़ते जलस्तर और पिछले दो दिनों से हो रही लगातार तेज बारिश के कारण वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड में बाढ़ की स्थिति विकराल होती जा रही है। पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है और अब यह प्रखंड के कई हिस्सों में फैल चुका है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि थाने परिसर तक में बाढ़ का पानी घुस चुका है और 32 विद्यालयों को बंद कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, राघोपुर प्रखंड के गोकुलपुर पुलिया से लेकर फतेहपुर घाट जाने वाली सड़क, रामपुर श्यामचंद से मीरमपुर, रूस्तमपुर से वीरपुर, जुड़ावनपुर बरारी, शिवनगर बिंदा मार्केट और सिक्स लेन पुल के पाया नंबर 29 से 55 तक की सड़कें पानी में डूब चुकी हैं। सिक्स लेन पुल के पाया नंबर 29 के पास निर्माण कंपनी द्वारा बनाई गई सड़क पानी के तेज बहाव से बह गई है, जिससे जाफराबाद और जहांगीरपुर का संपर्क मुख्य सड़क से पूरी तरह कट गया है।

प्रखंड के अधिकांश ढाब पानी से भर गए हैं, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। रामपुर भट्ठी वार्ड नंबर 1 के पास के इलाकों में लोग केले के थम और ट्यूब का सहारा लेकर एक ओर से दूसरी ओर जा रहे हैं। सड़कों पर पानी भरने के कारण दोपहिया और तिपहिया वाहनों का आवागमन भी लगभग ठप है।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद प्रकाश ने बताया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राघोपुर प्रखंड के 32 स्कूलों को बंद कर दिया गया है। इनमें यूएचएस चक सिंगार, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय जुड़ावनपुर बरारी, पृथ्वी सिंह हाई स्कूल जहांगीरपुर, एनपीएस राघोपुर डोम टोली, जीपीएस पुरुषोत्तमपुर सहित कई प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालय शामिल हैं। राघोपुर के कई इलाकों में मकई और जनेरा की फसलें पानी में डूब गई हैं।

# पंचायत समिति की बैठक शांतिपूर्ण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड के मनरेगा सभा भवन में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार ने की, जिसमें क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और प्रशासनिक योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार ने मतदाता सूची से संबंधित जानकारियाँ साझा कीं और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बिजली विभाग से उपस्थित आकाश कुमार ने सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को जागरूक करने की अपील कि ।बैठक में पीएचडी विभाग द्वारा नल-जल योजना की प्रगति पर भी चर्चा हुई। दसौत पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहन झा ने



मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित दवा छिड़काव की मांग की।

वहीं पंसस गुंजन कुमार सिंह ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आ रही दिक्कतों और आधार कार्ड केंद्रों की कमी को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि आम जनता को कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।अंचल अधिकारी वीणा भारती ने आगामी ₹महा अभियान₹ की जानकारी दी, जो 16 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा।

इस अभियान के तहत आम जनता अपने पूर्वजों के नाम से संबंधित जमाबंदी कागजात को अपडेट करा सकेगी।बैठक में कई अन्य विभागों के पदाधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह पीओ रजनीश कुमार बीपीआरओ राजू कुमार शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह पीएचसी प्रभारी डॉ. अमित कुमार हेल्थ मैनेजर अमानुल्लाह प्रीति कुमारी पंसस अवधेश शर्मा, सीताराम यादव, आशा कुमारी, किरण कुमारी, खुशबू कुमारी मुखिया सुनैना देवी, नटवर राय, बिनोद संजीव कुमार पासवान पासवान,

# नौकरी का झांसा देकर विदेशी महिला के साथ हैवानियत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नेपाल की महिला के साथ दुष्कर्म हुआ है। दरिंदे ने बस में इस वारदात को अंजाम दिया। बुधवार को यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो सब लोग दंग रह गए। महिला ने पुलिस को बताया कि परिवार से प्रताड़ित होकर वह सिलीगुड़ी से पटना जंक्शन आई। वहां एक व्यक्ति से मिली। वह बिहार सैन्य पुलिस में निजी बस ड्राइवर है। उसने मुझे नौकरी का झांसा दिया। इसके बाद दो दिन तक मेरा दुष्कर्म किया। मैं उससे ऐसा करने से रोकती रही लेकिन जबरन वह मेरे साथ गंदा काम करता रहा। इतना ही नहीं उसने मेरे सारे रुपये और पर्स भी छीन लिए। धमकी देते हुए कहा कि अगर किसी को यह बात बताई तो जान से मार दूंगा। महिला ने कहा कि मुझे न्याय चाहिए।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। विदेशी महिला का मेडिकल कराया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं नेपाली विदेशी महिला को शरण देने वाले सूरज थापा ने बताया कि नौकरी का झांसा देकर आरोपी ने दो दिन तक दुष्कर्म किया गया। वह बीएमपी में ट्रेनिंग करने वाले जवानों को बस से ले जाने और छोड़ने का काम करता है। हमलोगों ने इस मामले की सूचना पटना पुलिस को दी। पुलिस से अपील है कि वह आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए। मामले में सचिवालय एसडीपीओ अनु कुमारी ने बताया कि मामले को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है। ऋछ टीम को बुलाया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित महिला को मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपी को पुलिस ने पहचान लिया है, लेकिन वह अभी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। आरोपी एक निजी बस चालक है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसे बस में बैठाकर कई जगह ले जाया गया, पुलिस इसका सत्यापन कर रही है। पुलिस उसके कई ठिकानों पर दबिश बना रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बदमाशों ने नोट गिराकर कार सवार महिला को लगाया चूना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** चंद रुपये के लोभ ने एक महिला का लाखों का नुकसान करवा दिया। पीड़िता ने सदर थाने में प्राथमिकी कराई है। जिसमें अज्ञात बदमाशों को आरोपित किया है। उनका कहना है कि भगवानपुर चौक के समीप उनकी कार खड़ी थी। इसी दौरान बदमाशों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया।

पीड़िता ने कहा कि वह अपने भाई और ड्राइवर के साथ कार में थीं। इसी बीच बदमाश उनके पास आए और 100 रुपये के कुछ नोट कार के नीचे गिरे होने की बात कही। नोट पर नजर पड़ते ही वह अपने भाई और ड्राइवर के साथ नीचे उतरीं। नोट उठाए और चौक पर ही स्थित मिठाई की दुकान की ओर चली गईं। वहां पहले से ही खड़े बदमाशों को जैसे मौका मिल गया। उनलोगों ने कार में पड़े बैग उड़ा लिए। जिसमें डायमंड जूलरी, एटीएम व पैन कार्ड, नकदी एक लाख रुपये आदि थे। मामले में औरंगाबाद जिले के कथरुआ निवासी और वर्तमान में सदर थाना के पताही स्थित आशा सदन की रहने वाली डा. मणि कुमारी ने प्राथमिकी कराई है।

पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है। इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आवेदन में कहा कि उनकी गाड़ी के पास कुछ अज्ञात युवकों ने पैसा गिरा दिया। इसके बाद कहा कि पैसे गिरे हैं। इस बीच वह अपने भाई मनीष कुमार और ड्राइवर ध्रुव कुमार के साथ सामने होटल से मिठाई लाने गई। गाड़ी से बाहर निकलते ही बदमाशों ने उनका बैग निकाला और भाग गए। पुलिस आसपास के सीसी कैमरे को खंगाल बदमाशों को चिह्नित कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। झांसा देकर कार सवार के बैग उड़ाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी उसी जगह पर बदमाशों ने कई सवार को अपना निशाना बनाया है।

आश्चर्य की बात यह है कि उस चौक पर अक्सर पुलिस की गशती गाड़ी या 112 की गाड़ी रहती है। बावजूद बदमाश लोगों को निशाना बनाने से नहीं चूक रहे। कुछ दिन पहले एक कार सवार को कुछ इसी तरह के बदमाशों ने कार से मोबिल गिरने की बात कहकर रोका और उनके गाड़ी से बाहर आते ही बैग उड़ा लिया। पुलिस प्रशासन की ओर से इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए तकीनकी सहायता लेने के साथ-साथ लोगों को जागरूक भी करना चाहिए। उन्हें यह जानकारी दी जानी चाहिए कि कैसे झांसा देकर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। वे कैसे इस तरह के मामले में खुद को बचा सकते हैं।

# करोड़ों की ठगी का उद्भेदन, चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगों के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह देशभर में इनवेस्टमेंट फ्रॉड, गेमिंग फ्रॉड और एनजीओ के नाम पर फजीर्वाड़ा कर करोड़ों रुपये की ठगी कर रहा था। पुलिस की यह कार्रवाई ह्यऑपरेशन साइबर प्रहारह्ण के तहत की गई है, जबकि गिरोह से जुड़े अन्य अपराधियों की तलाश अभी जारी है।

यह मामला तब सामने आया जब अहियापुर थाना क्षेत्र के मेडिकल ओवरब्रिज के पास स्थित एक होटल में तीन युवकों के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि तीनों युवक साइबर ठग हैं, जो एक्सिस बैंक से संचालित एक फर्जी एनजीओ ह्यराम प्यारी नंदलाल सेवा संस्थानह्ण के माध्यम से अब तक



करीब 8 करोड़ 33 लाख रुपये की साइबर ठगी कर चुके हैं। उनके बीच कमीशन के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की और पूरे मामले का खुलासा हुआ।

गिरफ्तार किए गए ठगों में अभिषेक पांडेय, कृष्णा कुमार सिंह और विक्रम कुमार सिंह तथा गुड्डू कुमार शामिल हैं। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने गुड्डू कुमार को उसके गांव से गिरफ्तार किया और उसके पास से बड़ी मात्रा में साइबर अपराध में प्रयुक्त उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए।

# पीएम से मिलेंगी मुखिया पूजा कुमारी

## 15 अगस्त को होंगी सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** इससे बड़ी बात और क्या होगी कि बिहार के गांव की मिट्टी में रचे-बसे संस्कारों से सजी एक युवा महिला जब नेतृत्व की बागडोर संभालती है, तो वो सिर्फ पंचायत नहीं, पूरे राज्य का गौरव बन जाती है। बात हो रही है गया जिले के कोंच प्रखंड अंतर्गत गरारी पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी की जो राज्य की सबसे युवा और दो बार निर्वाचित मुखिया हैं। पूजा कुमारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर होने वाले मुख्य समारोह में शामिल होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का अवसर मिला है। महज 25 वर्ष की उम्र में उन्होंने जिस प्रकार पंचायत में विकास और महिला सशक्तिकरण की अलख जगाई है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्पद है। यह सम्मान केवल पूजा के लिए नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने अपने कार्यों से साबित कर दिया है कि उम्र नेतृत्व की कसौटी नहीं होती, बल्कि संकल्प और संवेदनशीलता ही असली नेतृत्व की पहचान है। वे मानती हैं कि आज जो भी हैं वह अपने पंचायत के लोगों के आशीर्वाद और विश्वास के कारण हैं।

पूजा बताती हैं कि जनसेवा का बीज उन्हें अपने दादा ससुर से विरासत में मिला। आज गरारी मॉडल वूमेन फ्रेंडली पंचायत के रूप में पहचाना जाता है जबकि कुछ वर्ष पहले तक यहां की महिलाएं अपने अधिकारों से तकरीबन अनभिज्ञ थीं। उन्होंने मनरेगा और स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा। इससे पंचायत की महिलाओं में आत्मनिर्भरता आई और घरेलू हिंसा की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगा। पूजा का मानना है कि जब महिलाओं को अधिकार और आजीविका दोनों मिल जाएं तो वे समाज का चेहरा बदल सकती हैं।

## नाराज छात्र-छात्राओं ने किया सड़क जाम

**गोपालगंज।** जिले के भोरे में गुरुवार को स्कूल मर्जर के खिलाफ छात्रों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। राजकीय मध्य विद्यालय, भोरे के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को गांधी स्मारक हाई स्कूल में मर्ज किए जाने के बाद, नई जगह पर मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर छात्रों ने चरमुहानी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम की वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और स्थानीय यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही गांधी स्मारक हाई स्कूल के शिक्षक मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझाकर शांत कराया। शिक्षकों ने जल्द संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद छात्रों ने जाम हटाया और स्थिति सामान्य हुई। यह मर्जर केंद्र सरकार की पीएम श्री योजना के तहत किया गया है। योजना का उद्देश्य संसाधनहीन विद्यालयों को बेहतर बुनियादी ढांचे वाले स्कूलों में मर्ज करना है। लोगों का आरोप है कि इस निर्णय में भौतिक सत्यापन नहीं किया गया।

# जहानाबाद में धोबी घाट का होगा कायाकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** शहर में कई योजनाएं अब जमीन पर उतरने वाली है। इसमें 24 लाख की लागत से धोबी घाट का निर्माण तथा 14 लाख से राजेंद्र पुस्तकालय के जीर्णोद्धार महत्वपूर्ण है। इन दोनों कार्यों को लेकर टेंडर की प्रक्रिया संचालित कर दी गई है। शहर में कभी भी धोबी घाट व्यवस्थित तरीके से नहीं रहा है। जिसके कारण इस व्यवसाय से जुड़े हुए लोग हमेशा अपनी मांग रखते रहे हैं। दरधा नदी पुल के समीप संत गांडगे के नाम से धोबी घाट का निर्माण कराया जाएगा।

राजेंद्र पुस्तकालय का हाल भी काफी जर्जर है। इस पुस्तकालय में लगभग 60 बच्चे प्रतिदिन प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सामूहिक रूप से करते हैं। यहां कई प्रकार की दुर्लभ पुस्तके भी उपलब्ध है। ऐसे में नगर परिषद द्वारा इन दोनों योजनाओं की स्वीकृति वोर्ड की बैठक में पहले ही मिल गई थी। बैठक में पारित होने के बाद योजना को अब टेंडर की प्रक्रिया में लाया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 के अंदर ही इन दोनों योजनाओं का कार्य पूरा हो जाएगा। हालांकि शहर में धोबी घाट बनाए जाने की मांग इससे जुड़े लोगों द्वारा काफी पहले से उठाई जाती रही है। यह जिले का सबसे पहला धोबी घाट होगा। इसके निर्माण हो जाने से इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को काफी राहत मिलेगी। पानी और स्थान की कमी की समस्या भी दूर हो जाएगी। ऐसे में एक साथ सामूहिक रूप से धोबी घाट पर व्यवस्थित रूप से सामूहिक रूप से कम होगा। जिससे इस व्यापार को एक नई ऊंचाई मिलेगी।वर्तमान समय में सुविधाओं के अभाव के कारण कपड़ा धोने के खानदानी व्यवसाय से बड़ी संख्या में लोग दूर होते जा रहे हैं। नगर परिषद द्वारा उपलब्ध सुविधा के कारण इससे जुड़े लोगों को काफी प्रोत्साहन मिलेगा।

## आरा में जजों के लिए बनेंगे 20 क्वार्टर

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि आरा न्याय मंडल के अंतर्गत अनुमंडलीय न्यायालय पीरो में जजों के 20 क्वार्टर और छह मंजिल वाले ट्रांजिट-कम-गेस्ट हाउस के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनके निर्माण पर कुल 16 करोड़ 81 लाख 19 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे।यह परियोजना भवन निर्माण विभाग के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी, जिससे न्यायिक अधिकारियों को बेहतर आवासीय सुविधा मिल सकेगी। गेस्ट हाउस न्यायाधीशों के अस्थायी ठहराव के लिए उपयोगी तो होगा ही, साथ में न्यायिक गतिविधियों के संचालन में भी सहायक सिद्ध होगा। चौधरी के अनुसार, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार न्यायिक प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि न्यायिक क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को यदि समुचित संसाधन, आधारभूत सुविधाएं और बेहतर कार्य परिवेश उपलब्ध कराया जाए, तो आम लोगों को समयबद्ध और प्रभावी न्याय दिलाना संभव होगा।

# किसानों के मंसूबे पर जीराइन व गोइठवा नदी ने फेरा पानी

## एक हजार एकड़ में लगी फसलें जलमग्न, किसानों में हाहाकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** स्थानीय प्रखंड के जमसारी पंचायत के किसानों को इन दिनों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के मंसूबे पर जीराइन व गोइठवा नदी ने पानी फेर दिया। जमसारी पंचायत खंधा के पानी की निकासी पुल कथराही व गुरुकुल स्कूल समीप बंद रहने से किसान परेशान हैं। एक हजार एकड़ से अधिक जमीन में लगी धान की फसल सब पानी में डूबा है।

धान की फसल पानी में डूबी रहने से जमसारी, बरहोग, सतकपुर, दरियापुर, गोविन्दपुर, लालूविगहा व बकरा गांव के किसान काफी परेशान हैं। किसान संजीव कुमार, सूरज कुमार, आनिल कुमार, शत्रुमर्दन शाही, सतेन्द्र कुमार, साधू शरण प्रसाद, शिवदसानी प्रसाद, अनिरूद्ध प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, सुजीत कुमार व अन्य ने बताया कि उतरथु खंधा का पानी जमसारी खंधा में फैलने से किसानों के मंसूबे पर पानी फेर दिया। किसानों की जमा पूंजी सब पानी ने बर्बाद कर दिया है। एक बीघा धान की रोपनी कराने में चार हजार रुपये से अधिक लागत आती है। सबसे ज्यादा परेशानियां गैर रैयत किसानों को हो रही है। गैर रैयत किसान खेत मालिक को नगद रुपए देकर एक वर्ष के लिए खेत लिया था। नकद रुपये पर खेत लेकर धान कि रोपनी किया था। नदी व बारिश के पानी ने सबकुछ बर्बाद करके रख दिया। अब खाने के लिए भी दाने-दाने को मोहताज होना पड़ेगा। जमसारी पंचायत के उपमुखिया अश्वनी कुमार उर्फ सोनी मुखिया ने कृर्षि विभाग के अधिकारियों से फसल क्षति का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है।

बाढ़ के पानी से हुई फसलों के नुकसान के मुआवजे के लिए सड़क जाम किया था। अधिकारियों से फसल क्षति का आकलन कर मुआवजा की मांग की। कृषि समन्वयक संजय पासवान ने कहा कि विभाग के मौखिक आदेश पर लोदीपुर पंचायत के किसानों का नुकसान हुए फसल का आकलन किया जा रहा है। जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## सीएम के आदेश को अधिकारी दिखा रहे ठेंगा

**रांची।** वन एवं पर्यावरण विभाग में मुख्यमंत्री का आदेश बेअसर रहता है। सेवानिवृत अधिकारियों-कर्मियों को सेवा विस्तार देने पर रोक के मुख्यमंत्री के निर्देश को विभागीय अधिकारी महत्व नहीं दे रहे हैं। 18-07-2024 को सेवानिवृत हुए भारतीय वन सेवा के अधिकारी ओमप्रकाश को प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने बिना उचित कारण के सेवा विस्तार दे दिया, जबकि विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री से इसके लिए आदेश भी नहीं लिया गया।

# केंद्र ने किया माता सीता का अपमान : प्रेमचंद मिश्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद प्रेमचंद्र मिश्रा ने कहा है कि बिहार की पावन भूमि, जो माता जानकी की जन्मस्थली है उसका भाजपा सरकार ने घोर अपमान किया है। सीतामढ़ी जिले का पुनौरा धाम, बिहार की धार्मिक आस्था का केंद्र हैं परंतु भाजपा ने इस गर्व को आहत किया है। प्रेमचंद्र मिश्रा गुरुवार को सदाकत आश्रम में प्रेस प्रतिनिधियों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने संसद में यह कहते हुए माता सीता का अपमान किया कि माता सीता के सीतामढ़ी में जन्म लेने के कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं हैं। भाजपा सरकार का यह बयान न केवल धार्मिक भावनाओं पर आघात है, बल्कि इसे बिहार के गौरव और अस्मिता का भी अपमान कहा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इससे शर्मनाक बात क्या हो सकती है कि माता सीता के अस्तित्व पर ही भाजपा सरकार सवाल खड़ा कर दे। यह भारत की आध्यात्मिक आस्था पर कुठाराघात है। प्रेमचंद्र ने कहा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीता मंदिर परियोजना का शिलान्यास करने बिहार आ रहे हैं, तो मांग उठ रही है कि वह पहले बिहार और भारतवासियों से माफी मांगे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पहली जुलाई 2011 को आइएल एंड एफएस को राष्ट्रीय स्तर का सलाहकार नियुक्त किया था, जिसने बिहार समेत विभिन्न राज्यों में पर्यटन सर्किट की पहचान की। रिपोर्ट को 2013 में पर्यटन मंत्रालय ने स्वीकार किया, और उसी के आधार पर रामायण सर्किट को मंजूरी दी गई। जो बिहार में उन स्थलों को जोड़ता है जो भगवान राम और माता सीता के जीवन से जुड़े हैं।

उन्होंन यह भी कहा कि पुनौराधाम के अलावा भी कई स्थल सलाहकार ने चयनित किए। सभी धार्मिक स्थलों को विकसित किया जाना था। परंतु केंद्र की भाजपा सरकार ने माता सीता मंदिर के लिए एक भी पैसा नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजेश राठौड़ और सौरभ सिन्हा भी उपस्थित रहे।

CMYK

# युवाओं को बदलनी होगी सोच तभी बदलेगा बिहार : ऋतुराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** 'बेहतर बिहार संवाद' कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर के ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय और चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में बुधवार को युवाओं और उद्यमियों के साथ विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से सीधे संवाद करते हुए बिहार के विकास में उनकी भागीदारी को आवश्यक बताया। अपने प्रेरक उद्बोधन में श्री सिन्हा ने कहा 'बिहार को बदलना है तो सबसे पहले युवाओं को अपना एटीट्यूड यानी सोच बदलनी होगी।' उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है और इसमें बिहार की



भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। बिहार की विशाल युवा जनसंख्या यदि ठान ले तो बदलाव को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि बिहार को लेकर बनी नकारात्मक सोच को खत्म करना जरूरी है। कोई भी व्यक्ति अपने परिवार को दोष देकर आगे नहीं बढ़ सकता, उसी तरह राज्य की कमियों को कोसने से बिहार आगे नहीं बढ़ेगा। युवाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी लेनी होगी और स्पष्ट सोच के साथ आगे आना होगा। श्री सिन्हा ने जेपी आंदोलन की याद दिलाते हुए कहा कि 1975 में जिस प्रकार बिहार के युवाओं ने तानाशाही के विरुद्ध बिगुल फूंका था, आज भी वैसे ही जोश और जज्बे की जरूरत है। उन्होंने गरीबी को राज्य की सबसे बड़ी चुनौती बताया और कहा कि जब तक किसानों और श्रमिकों की आय नहीं बढ़ेगी, तब तक बिहार समृद्ध नहीं हो सकता। इसके लिए तकनीक आधारित खेती, बटाईदार किसानों को स्थायी अधिकार और कृषि सुधार अनिवार्य हैं। रोजगार पर बोलते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि केवल सरकारी नौकरी को ही लक्ष्य बनाना व्यवहारिक नहीं है। युवाओं को रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाला बनने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार की ओर बढ़ने और उद्यमिता को अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार को चाहिए कि वह युवाओं के लिए ऋण और प्रशिक्षण की सरल व्यवस्था करे। कार्यक्रम में युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कृषि नवाचार, पर्यटन विकास, न्यूनतम मजदूरी दर में वृद्धि जैसे विषयों पर सुझाव दिए। श्री सिन्हा ने इन सुझावों की सराहना करते हुए कहा यही संवाद भविष्य के बिहार की नींव है। कार्यक्रम की शुरुआत में ऋतुराज सिन्हा ने स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## बिहार को बंगाल और सीमांचल को पाकिस्तान नहीं बनने देंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने आज मुजफ्फरपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिहार को बंगाल नहीं बनने देंगे और सीमांचल को पाकिस्तान बनने की इजाजत किसी भी हाल में नहीं दी जाएगी। ऋतुराज सिन्हा ने आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस वोट बैंक के लोभ में घुसपैठियों को संरक्षण देने की कोशिश कर रही हैं जो बिहार की सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि बंगाल और असम में घुसपैठ की वजह से स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है, लेकिन राजद और कांग्रेस इससे कोई सबक लेने को तैयार नहीं हैं। भाजपा नेता ने कहा कि विपक्ष चुनाव आयोग की निष्पक्षता



पर भी सवाल उठा रहा है और भ्रम फैलाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजद के नेता दो-दो जगह से वोटर बनकर चालें चल रहे हैं, लेकिन जनता अब सजग है और जंगलराज को दोबारा नहीं लौटने देगी। ऋतुराज सिन्हा ने राजद और कांग्रेस को 'क्रेडिट चोर' करार देते हुए कहा कि ये दोनों दल पहले ही चुनावी हार मान चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद की राजनीति अब केवल झूठ, भ्रम और भय फैलाने तक सिमट कर रह गई है। अपने मुजफ्फरपुर दौरे के दौरान ऋतुराज सिन्हा ने उद्यमियों, छात्रों और चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों से मुलाकात कर बिहार के विकास में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि अब समय आ गया है जब बिहार को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाए और जो लोग राज्य को गुमराह करना चाहते हैं, उन्हें करारा जवाब दिया जाए।

## सीतामढ़ी और दिल्ली के बीच अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर-लखनऊ-कानपुर-गाजियाबाद के रास्ते सीतामढ़ी और दिल्ली के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 8 अगस्त 2025 को सीतामढ़ी और दिल्ली के मध्य चलने वाली अमृत भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा।

## राजधानी में 20 वर्षों में 140 पार्कों का विकास

### आगामी 5 वर्षों में लगभग 50 और नए पार्क होंगे विकसित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पिछले 20 वर्षों में राजधानी पटना में 140 पार्कों को नए सिरे से विकसित किया गया है। इससे शहर के हरित आवकरण का तेजी से विकास हुआ है। वर्ष 2005 से 2025 के बीच नगर निगम और संबंधित विभागों के सहयोग से शहर में अलग-अलग स्थानों पर कुल 140 पार्कों का निर्माण या इन्हें फिर से विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य शहरी जीवन को न केवल अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाना है, बल्कि नागरिकों को एक स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली प्रदान करना भी है। आम लोगों को रोजाना की व्यस्तता वाली जीवनशैली में सुकून देने वाला हरित सार्वजनिक स्थल की सुविधा प्रदान करना है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन पार्कों का विकास सिर्फ हरियाली बढ़ाने तक सीमित नहीं है। बल्कि पर्यावरण संरक्षण, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने की एक कोशिश है। नई पार्क नीति में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को ध्यान में रखते हुए कई तरह की विशेष सुविधाओं को जोड़ा जा रहा है। पटना के प्रमुख क्षेत्रों जैसे बेली रोड, कंकड़बाग, राजेंद्र नगर, दानापुर और फुलवारी शरीफ में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कई नए पार्क बनाए गए हैं। इन पार्कों में वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम, योगा प्लेटफॉर्म, फव्वारे और बच्चों के खेलने के उपकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे शहर का सौंदर्य भी बढ़ा है। अगले पांच वर्षों में लगभग 50 और नए पार्कों को विकसित करने की योजना है। इन नए पार्कों में सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटिंग, वर्षा जल संचयन और कचरा प्रबंधन की आधुनिक तकनीकें शामिल की जाएंगी।

## राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस पर खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने किया विशेष सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस के अवसर पर पटना वीमेंस कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग एवं फैशन डिजाइनिंग विभाग के सहयोग से एक विशेष व्याख्यानतथा फैशन शो का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे पटना वीमेंस कॉलेज के बी.जे. सुलिवन हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय हस्तकरघा उद्योग, विशेषकर खादी को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीनियर प्रोफेशनल (डिजाइन) और एनआईएफटी पटना के पूर्व छात्र सुभाष कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान प्रस्तुत



किया। उन्होंने 'खादी और आधुनिक फैशन उद्योगः स्वतंत्रता के वस्त्र से फैशन स्टेटमेंट तक' विषय पर संबोधित किया।

अपने व्याख्यान में श्री कुमार ने बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह बोर्ड न केवल खादी और हस्तकरघा उद्योग को बढ़ावा देने का कार्य करता है, बल्कि स्थानीय कारीगरों को रोजगार के अवसर, प्रशिक्षण और स्टार्टअप्स हेतु सरकारी सहायता भी प्रदान करता है। उन्होंने खादी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह वस्त्र केवल एक पारंपरिक पहचान ही नहीं, बल्कि सतत और पर्यावरण अनुकूल फैशन का प्रतीक भी बन चुका है। श्री कुमार ने खादी और हस्तकरघा के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि कैसे ये दोनों भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं। यह कार्यक्रम डॉ. सिस्टर एम. तनिषा ए.सी., विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सभी ने अत्यंत सराहा। यह आयोजन बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की पहल और योगदान को उजागर करते हुए छात्रों को भारत की हस्तकरघा परंपरा से जोड़ने में सफल रहा।

## बिहार लगातार 11वें महीने दवा आपूर्ति में रहा देशभर में नंबर वन : मंगल पाण्डेय

### डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य विभाग में ऐतिहासिक विकास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार के डीवीडीएमएस पोर्टल के अनुसार बिहार लगातार 11 वें महीने दवा आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर बना हुआ है। यह राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुधार के प्रति प्रतिबद्धता और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। सितंबर 2024 से लगातार अभी तक 11 महीनों में दवा आपूर्ति के क्षेत्र में बिहार का देश में नंबर वन बना रहना सरकार की जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ और समय पर पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य में निरंतर स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की जा रही है एवं नए अस्पतालों का निर्माण कराया जा रहा है। राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की नई उपलब्धियां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में संभव हो पाई है। सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है और इसमें बिहार लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि डीवीडीएमएस पोर्टल के अनुसार बिहार 82.13 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। राजस्थान 78.61 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और पंजाब 73.28 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 से राज्य में स्वास्थ्य सुधार की एक नई दिशा की शुरुआत हुई थी। इसी क्रम में 1 जुलाई 2006 को कैबिनेट की मंजूरी के बाद राज्य में मुफ्त दवा वितरण नीति लागू की गई। 2006 में केवल 47 प्रकार की दवाएं उपलब्ध थीं जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 611 हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 20 अन्य प्रकार की दवाएं एवं 132 प्रकार के मेडिकल डिवाइसेज/कन्ज्यूमेबल भी मुफ्त प्रदान किए जा रहे हैं। अब प्रदेश में अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को आवश्यकता अनुसार मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि जीवन रक्षक दवाओं से लेकर कैंसर, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, रक्त थक्के और एंटी-एलर्जिक जैसी जटिल बीमारियों की दवाएं भी निःशुल्क मिलें। श्री पाण्डेय ने कहा कि राज्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सराहनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2005 में मातृ - मृत्यु दर 365 थी, जो अब घटकर 91 पर आ गई है। शिशु - मृत्यु दर घटकर अब 27 है जो राष्ट्रीय औसत के बराबर है। वहीं पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर 29 है जो राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर है। नवजात शिशु मृत्यु दर (0-28 दिन) अब 19 है, जो राष्ट्रीय औसत के समकक्ष है।

## हम और जाप नेताओं ने की सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के युवा नेता सूरज कुमार राय एवं जन अधिकार पार्टी (जाप) के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों नेताओं और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से औरंगाबाद जिला में पार्टी को और



मजबूती मिलेगी। कांग्रेस पार्टी में युवाओं, जनप्रतिनिधियों और जमीनी कार्यकर्ताओं की भागीदारी पार्टी को और मजबूत बना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में बिहार में कांग्रेस की ताकत को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता।

## मुखिया नहीं मिसाल हैं पूजा, गरारी पंचायत की चमक लाल किले तक पहुंची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इससे बड़ी बात और क्या होगी कि बिहार के गांव की मिट्टी में रचे-बसे संस्कारों से सजी एक युवा महिला जब नेतृत्व की बागडोर संभालती है तो वो सिर्फ पंचायत नहीं, पूरे राज्य का गौरव बन जाती है। बात हो रही है गया जिले के कोंच प्रखंड अंतर्गत गरारी पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी की जो राज्य की सबसे युवा और दो बार निर्वाचित मुखिया हैं। पूजा कुमारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर होने वाले मुख्य समारोह में शामिल होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का अवसर मिला है। महज 25 वर्ष की उम्र में उन्होंने जिस प्रकार पंचायत में विकास और महिला सशक्तिकरण



की अलख जगाई है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्पद है। यह सम्मान केवल पूजा के लिए नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने अपने कार्यों से साबित कर दिया है कि उम्र नेतृत्व की कसौटी नहीं होती, बल्कि संकल्प और संवेदनशीलता ही असली नेतृत्व की पहचान है। वे मानती हैं कि आज जो भी है वह अपने पंचायत के लोगों के आशीर्वाद और विश्वास के कारण हैं।

**वूमेन फ्रेंडली पंचायत**

पूजा बताती हैं कि जनसेवा का बीज उन्हें अपने दादा ससुर से विरासत में मिला। आज गरारी मॉडल वूमेन फ्रेंडली पंचायत के रूप में पहचाना जाता है जबकि कुछ वर्ष पहले तक यहां की महिलाएं अपने अधिकारों से तकरीबन अनभिज्ञ थीं। उन्होंने मनरेगा और स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा। इससे पंचायत की महिलाओं में आत्मनिर्भरता आई और घरेलू हिंसा की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगा। पूजा का मानना है कि जब महिलाओं को अधिकार और आजीविका दोनों मिल जाए तो वे समाज का चेहरा बदल सकती हैं।

## रोटरी अद्विका की पहल, सहेली सेंटर-पोस्ट ऑपरेशन वार्ड शुरू




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब पाटलिपुत्र अद्विका की वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी गठित हुई। इसमें बबीता बिदासरिया को अध्यक्ष और नीतू बिरला को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही रोटरी की मंडल अध्यक्ष रोटेरियन नम्रता की क्लब विजिट भी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत डे प्रोजेक्ट्स के साथ हुई। इसमें समाजसेवा और महिला सशक्तीकरण की झलक दिखी। रोटरी अद्विका की ओर से फुलवारीशरीफ प्रखंड के उसरी गांव को गोद लिया गया है। यहां एक पुराने तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया गया और उसके चारों ओर पौधरोपण कर हरित वातावरण का संदेश दिया गया। गांव में ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहेली सेंटर की शुरुआत की गई। सेंटर में चार सिलाई मशीनें, एक पीको मशीन और एक इंटरलॉक मशीन लगाई गई है। इसका उद्घाटन मंडल अध्यक्ष नम्रता ने किया। इसके बाद महावीर सीनियर सिटीजन अस्पताल राजीव नगर में रोटरी अद्विका की ओर से बनाए गए पोस्ट ऑपरेशन वार्ड का उद्घाटन भी डीजी नम्रता के हाथों सम्पन्न हुआ।

## कुलपति ने नए कैंपस का किया औचक निरीक्षण

### प्रशासनिक और एकेडमिक भवन का कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का नया कैंपस बख्तियारपुर में बनाया जा रहा है। इसके लिए सरकार की ओर से दो अरब से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। नए कैंपस का निर्माण कार्य भी तेजगति से चल रहा है। विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह गुरुवार को नए कैंपस का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। कुलपति ने चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। वहां कार्य कर रही एजेंसी को कई तरह के निर्देश दिये। बनाए जा रहे भवन में किसी तरह की कोई कमी नहीं रह जाए, इसके लिए विश्वविद्यालय के इंजीनियरों की टीम को नियमित तौर



पर मॉनिटीरिंग करने का निर्देश दिया गया। कुलपति ने 15 दिनों के नियमित अंतराल पर विश्वविद्यालय के इंजीनियर सरोज शर्मा और अनिल प्रसाद को नए कैंपस में चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देने और वहां कार्य कर रही टीम के साथ समन्वय बनाकर कार्य कराने का निर्देश दिया है। ताकि किसी तरह की कोई समस्या नहीं हो सके। कुलपति ने प्रशासनिक और एकेडमिक भवन का कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पहले पूरा कराने को कहा। 2026 के अगला स्वतंत्रता दिवस समारोह का झंडा नए कैंपस फहराने का लक्ष्य तय किया गया। कुलपति ने सभी ब्लॉक में जाकर भ्रमण किया। मौके पर विश्वविद्यालय के डीन प्रो राजीव रंजन, प्रॉक्टर प्रो मनोज कुमार, कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्राचार्य प्रो इन्द्रजीत राय, डीन एजुकेशन डॉ कमल कुमार बौद्ध, सीनेट सदस्य अजय यादव सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

## डीएचएल एक्सप्रेस ने राखी एक्सप्रेस की शुरुआत की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स में अग्रणी डीएचएल एक्सप्रेस ने अपनी वार्षिक त्योहार विशेष सेवा 'राखी एक्सप्रेस' की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य रक्षाबंधन पर्व के इस विशेष अवसर पर परिवारों को जोड़ना और दूरियों को मिटाना है। इस पहल के तहत ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय राखी और गिफ्ट शिपमेंट्स पर शुल्क 3,099 रुपये से शुरू होता है। यह ऑफर देशभर में डीएचएल के 700 से अधिक रिटेल आउटलेट्स और इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर 9 अगस्त 2025 तक मान्य है। जो ग्राहक स्टोर पर जाकर यह सेवा लेना चाहते हैं, वे बुकिंग के समय प्रोमो कोड का उपयोग करके छूट प्राप्त कर सकते हैं। रक्षाबंधन भाई-बहनों के बीच स्नेह और एक-दूसरे की सुरक्षा का वचन निभाने का उत्सव है।

## मौजूदा दौर के महत्वपूर्ण उपन्यासकार हैं दीर्घ नारायण : डॉ शिवनारायण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदी उपन्यास के समकालीन परिदृश्य में जो उपन्यासकार बेहतरीन लेखन कर रहे हैं उनमें दीर्घ नारायण एक महत्वपूर्ण उपन्यासकार हैं। उनका नया उपन्यास अधभूतल छियानवे रियल स्टेट के माध्यम से अपने समय की पेचीदगियों को सशक्त ढंग से सामने लाता है। ये बातें 'समकालीन उपन्यास और कथाकार दीर्घ नारायण' विषयक संगोष्ठी में शामिल वक्ताओं ने कहीं। इससे पूर्व श्रीअरविंद महिला कॉलेज सभागार में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन लखनऊ




के वरिष्ठ लेखक शैलेन्द्र सागर, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति कृष्ण कुमार सिंह, इंदौर से आए वीणा के संपादक राकेश शर्मा और 'नई धारा' के संपादक शिवनारायण, श्रीअरविंद महिला कॉलेज कालेज की प्राचार्या डा साधना ठाकुर ने समवेत रूप से किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ शिवनारायण ने की और स्वागत भाषण कालेज की प्राचार्या डा साधना ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार लेखक डा ध्रुव कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डा बलिराजी मौर्या ने किया। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि दीर्घ नारायण रेणु जी के अंचल से आनेवाले अपने समय के संभावनाशील लेखक हैं। इस उपन्यास में गांधीवादी दर्शन और क्रांतिकारिता की पुट है। कथाकार शैलेन्द्र सागर ने कहा कि लेखक ने गहराई से विषय की विवेचना की है। अध्यक्षता करते हुए नई धारा के संपादक शिवनारायण ने कहा कि समकालीन उपन्यासों में हाशिए का जीवन आज के समकालीन उपन्यासों में व्यापक रूप में आ रहा है।

## पूर्व मध्य रेल में स्वतंत्रता दिवस उत्सव के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे भारतीय रेल में 01 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर के द्वारा हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी बूथ की शुरूआत की गई। दानापुर मंडल के राजेन्द्र नगर रेलवे स्टेशन पर लाउड




स्पीकर के माध्यम से जन-जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। बख्तियारपुर स्टेशन पर रेलवे ट्रैक की गहन साफ-सफाई की गई साथ ही साथ किऊल स्टेशन पर कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान किया गया। समस्तीपुर एवं सोनपुर मंडल के कॉलोनियों में जागरूकता रैली निकाली गई।

संपादकीय

# राष्ट्रहित से किसी तरह का समझौता नहीं करेगा भारत

अमेरिका की ओर से भारत पर 50 फीसद शुल्क लगाने की घोषणा ने न केवल भारतीय निर्यातकों की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि इससे भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर भी अनिश्चितताएं पैदा हो गई हैं। स्वाभाविक है कि इससे दोनों देशों को होने वाले नफा-नुकसान को लेकर विभिन्न स्तर पर आकलन भी शुरू हो गया है। इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका के इस फैसले के पीछे भू-राजनीतिक परिदृश्य से भारत पर दबाव बनाने की रणनीति भी शामिल है, लेकिन इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इसका कुछ असर अमेरिका को खुद भी झेलना पड़ सकता है। सवाल यह है कि भारत इस स्थिति से किस तरह निपटेगा? भारतीय निर्यातकों की चिंता भी वाजिब है, क्योंकि अमेरिकी शुल्क से भारत के निर्यात पर असर पड़ सकता है और अगर ऐसा हुआ तो उनका कारोबार प्रभावित होगा। यही वजह है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के साथ बैठक में निर्यातकों ने सरकार से वित्तीय सहायता और किफायती ऋृण की मांग की है। बैठक में निर्यातकों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में ऋृण पर ब्याज दरें आठ से बारह फीसद या उससे भी अधिक होती हैं। जबकि प्रतिस्पर्धी देशों में ब्याज दर बहुत कम है। जैसे, चीन में केंद्रीय बैंक की दर 3.1 फीसद, मलेशिया में तीन, थाईलैंड में दो और वियतनाम में 4.5 फीसद है। साथ ही कहा गया कि अमेरिकी खरीदारों ने मांग को रद्द करना या रोककर रखना शुरू कर दिया है। ऐसे में अगर आने वाले दिनों में भारत के निर्यात कारोबार में बड़े स्तर पर गिरावट आई तो इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम होने लगेंगे। यों तो सरकार ने अमेरिकी शुल्क से पैदा होने वाली संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के साथ निर्यातकों की बैठक इन्हीं तैयारियों का हिस्सा है। कहा जा रहा है कि सरकार ने निर्यातकों से सुझाव मांगे हैं, जिन पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इसके अलावा केंद्र सरकार निर्यातकों को समर्थन देने के लिए राज्यों के साथ बातचीत करने पर भी विचार कर रही है। माना जा रहा है कि अमेरिकी शुल्क का ज्यादा असर वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा एवं जूते-चप्पल, रसायन और विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी उद्योग पर पड़ सकता है। भारत के चमड़ा और परिधान निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी तीस फीसद से अधिक है। व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि अगर शुल्क की वजह से अमेरिका में भारतीय वस्तुओं की मांग घटती है, तो निर्यात कारोबारियों को ब्रिटेन और जापान जैसे नए बाजार तलाशने होंगे। ऐसी स्थिति में ब्रिटेन के साथ हुआ भारत का मुक्त व्यापार समझौता फायदेमंद साबित हो सकता है। वहीं, अमेरिकी शुल्क के प्रभाव का दूसरा पहलू यह है कि भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर भी अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य एवं भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में अमेरिका की 'ट्रंपीय' दादागिरी, एवं टैरिफ का तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रभाव कितना क्या असर दिखायेगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन इस सन्दर्भ में भारत सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 190 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप और मोदी ने इस आंकड़े को दोगुना से भी ज्यादा 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उस लक्ष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। ऐसे में, भारतीय कंपनियों को बहुत संभलकर अपने लिए नए बाजार खोजने व बढ़ाने चाहिए।**

# टैरिफ आर्थिक युद्ध नहीं, आत्मनिर्भर शांति का रास्ता बने

(ललित गर्ग)

डोनाल्ड ट्रंप की नीति अक्सर 'दबाव डालो और झुकावो' पर आधारित रही है। चीन, यूरोप, मैक्सिको के साथ भी ट्रंप की व्यापार नीति टकरावपूर्ण रही है। लेकिन भारत, ऐतिहासिक रूप से संतुलन साधने वाली कूटनीति में विश्वास करता रहा है।

जब किसी वैश्विक ताक़त के शिखर पर बैठा नेता 'व्यापार' को भी 'सौदेबाज़ी' और 'दबाव नीति' का औज़ार बना ले, तब यह न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के आधारभूत सिद्धांतों को भी चुनौती देता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर ऐसा ही एक आर्थिक आघात पहुँचाया है। इस टैरिफ का लक्ष्य स्पष्ट है, भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा को बाधित करना और अमेरिकी वर्चस्व की पुनः स्थापना करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य एवं भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में अमेरिका की 'ट्रंपीय' दादागिरी, एवं टैरिफ का तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रभाव कितना क्या असर दिखायेगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन इस सन्दर्भ में भारत सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 190 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप और मोदी ने इस आंकड़े को दोगुना से भी ज्यादा 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उस लक्ष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। ऐसे में, भारतीय कंपनियों को बहुत संभलकर अपने लिए नए बाजार खोजने व बढ़ाने चाहिए।

भारत की अर्थव्यवस्था अब दुनिया की सबसे तेज़ गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को उत्पादन और नवाचार का नया केंद्र बनाया है। भारत का टेक्सटाइल, स्टील, ऑटो पार्ट्स और आईटी सेवा क्षेत्र वैश्विक बाज़ार में निरंतर अपनी पकड़ मज़बूत कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा से उपजे भय का संकेत है। लेकिन यह निर्णय केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। ट्रंप प्रशासन हमेशा से ही व्यापार संतुलन के मुद्दे को राष्ट्रीय गौरव से जोड़कर देखता रहा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति का मुख्य हथियार रहा है, दूसरों को पीछे धकेलकर अमेरिका को आगे लाना। यह एकतरफा सोच व्यापार के मूल्यों और साझेदारी की भावना को कमजोर करती है। व्यापार समझौते पर 1 अगस्त की समय सीमा तक दोनों देशों के बीच जारी बातचीत किसी नतीजे पर न पहुंचने का बड़ा कारण भारत का अमेरिका की शर्तों पर समझौता करने के लिए तैयार नहीं होना रहा है। उसे आगे भी तैयार नहीं होना चाहिए। इसका कोई मतलब नहीं कि भारत अमेरिका से ऐसा व्यापार समझौता कर ले, जो केवल उसके हित में हो। इस तरह के समझौते तो तभी हो पाते हैं, जब दोनों पक्षों के हित सधते हैं। भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए अडिग रहना चाहिए और यह स्पष्ट करने में संकोच भी नहीं करना चाहिए कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुचित दबाव के आगे झुकने वाला नहीं। भारत को ट्रंप के मनमाने फैसलों से डरने की आवश्यकता इसलिए भी नहीं, क्योंकि वे अपने फैसलों से पीछे हटने और उन्हें पलटने के लिए जाने जाते हैं। उनके इस रवैये के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फजीहत भी हो रही है। उन्हें यह समझ आ जाए तो अच्छा कि आज का भारत पहले वाला भारत नहीं है और अमेरिका का भी प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा।

डोनाल्ड ट्रंप की नीति अक्सर 'दबाव डालो



और झुकावो' पर आधारित रही है। चीन, यूरोप, मैक्सिको के साथ भी ट्रंप की व्यापार नीति टकरावपूर्ण रही है। लेकिन भारत, ऐतिहासिक रूप से संतुलन साधने वाली कूटनीति में विश्वास करता रहा है। भारत ने कई बार वार्ता के माध्यम से समझौते की दिशा में पहल की, लेकिन ट्रंप की आक्रामक नीति और 'डीलमेकिंग' की व्यक्तिगत शैली ने किसी संतुलन को बनने नहीं दिया। भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ न केवल आर्थिक रूप से अनुचित है, बल्कि यह उभरते राष्ट्रों के आत्मनिर्भर बनने के अधिकार का भी हनन है। यह नव-उपनिवेशवाद का नया रूप है, जहँ आर्थिक हथियारों से शक्तिशाली राष्ट्र, विकासशील देशों को नियंत्रित करना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने भारत पर टैरिफ बढ़ाने और जुर्माना लगाने की जो घोषणा की, वह उनकी दबाव की राजनीति का ही हिस्सा है। इस राजनीति की पोल खुल चुकी है। अच्छा होगा कि इसे देश के विपक्षी दल भी समझें। इसलिए और भी समझें कि संसद में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कहा कि सैन्य कार्रवाई को स्थगित किए जाने के सिलसिले में विश्व के किसी भी नेता की कहीं कोई भूमिका नहीं। स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई को कथित तौर पर रोकने का ट्रंप का दावा फर्जी है। वास्तव में इसी कारण वे अपने इस थोथे दावे को बार-बार दोहरा रहे हैं।

आज का भारत न केवल एक विशाल बाज़ार है, बल्कि एक नवाचारशील शक्ति भी है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या, तेज़ी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, और विविधता से समृद्ध उत्पादन क्षमता भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रही है। भारत अब निर्भरता की नीति से निकलकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप के टैरिफ का प्रभाव सीमित और अस्थायी होगा, लेकिन भारत की आर्थिक विकास यात्रा दीर्घकालिक और दृढ़ है। भारत के लिए यह चुनौती अवसर में बदलने का समय है, नए बाज़ारों की तलाश, घरेलू उत्पादन को और सशक्त बनाना, और वैश्विक साझेदारियों को नए रूप में ढालना। ट्रंप की दादागिरी भारत को झुका नहीं सकती। बल्कि यह भारत को और मज़बूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे सकती है। यह समय है जब भारत को अपने उत्पादन, नवाचार, निर्यात और कूटनीति को और धार देने की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शक्ति का उत्तर शक्ति से नहीं, दूरदृष्टि और नीति से दिया जाना चाहिए। ट्रंप का टैरिफ एक चुनौती है, लेकिन भारत की आत्मा में संघर्ष से जीतने का इतिहास है। हमने हर संकट को अवसर में बदला है, और इस बार भी हम यही करेंगे, न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक संतुलन के लिए भी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आर्थिक चिंतन मूलतः 'आत्मनिर्भर भारत', 'विकास के साथ विश्वास', और 'समान साझेदारी' के सिद्धांतों पर आधारित रहा है। वे वैश्विक मंच पर भारत को एक समानाधिकार संपन्न राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करते हैं, न कि किसी बड़े राष्ट्र की कृपा पर चलने वाली व्यवस्था के रूप में। जब डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेता भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का प्रहार करते हैं, तो नरेंद्र मोदी की सोच विरोध नहीं, विकल्प पर आधारित होती है। वे इस तरह के दबावों को एक नई दिशा में सोचने और घरेलू उत्पादन एवं वैश्विक विविधीकरण का अवसर मानते हैं। टैरिफ वार के उत्तर में मोदी की प्रतिक्रिया सकारात्मक ही होती हुई दिख रही है, वे ट्रंप के टैरिफ से प्रभावित क्षेत्रों जैसे स्टील, ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल को सरकारी सब्सिडी, टैक्स रियायत और तकनीकी समर्थन के ज़रिए बल दे सकते हैं। अमेरिका के अतिरिक्त यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे नए बाज़ारों में भारत अपनी पकड़ को और मज़बूत करते हुए इस टैरिफ से उत्पन्न संकट को संतुलित कर सकता है।

ट्रंप भारत को अपना मित्र मानते हैं। लेकिन यह कैसी मित्रता है, जिसमें ट्रंप को भारत के गरीबों, किसानों, मजदूरों की कोई चिंता नहीं है। लेकिन मोदी की विदेश नीति में भी 'अमेरिका के साथ मित्रता' है, लेकिन 'आत्मगौरव की कीमत पर नहीं'। वे संवाद और दृढ़ता-दोनों का प्रयोग करते हैं। दबाव की राजनीति से न तो भारत झुकेगा, न रुकेगा। ट्रंप का टैरिफ हो या कोई और वैश्विक चुनौती, मोदी का भारत हर संकट में अवसर खोजता है। मोदी की आर्थिक दृष्टि एवं नीतियां किसी बाहरी राष्ट्र के मनोनुकूल नहीं, बल्कि भारत की आवश्यकताओं, संभावनाओं और स्वाभिमान के अनुरूप गढ़ी गई है। जब वैश्विक महाशक्तियां टैरिफ के हथियार से डराने लगें, तो समझो कि भारत की प्रतिस्पर्धा ने उन्हें असहज कर दिया है। मोदी इसे चुनौती नहीं, पहचान मानते हैं। मोदी कहते हैं-'लोकल को ग्लोबल बनाओ', और यही उनका उत्तर है हर टैरिफ, हर दबाव, हर चुनौती को। मोदी की अर्थनीति उद्यमशीलता को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ती है। उनका आर्थिक चिंतन 'केवल विकास' नहीं, बल्कि स्वराज्य आधारित समावेशी आर्थिक स्वतंत्रता है। ट्रंप के टैरिफ की चुनौती को वे उसी तरह लेते हैं जैसे उन्होंने कोविड या ग्लोबल मंदी की ली थी-साहस, दूरदर्शिता और आत्मनिर्भरता के साथ।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ध्वस्त हुआ एक और झूठा नैरेटिव

(सुरेश हिंदुस्तानी)

मालेगाँव विस्फोट मामले में भी ऐसा ही प्रयास किया गया। इसका एक कारण कांग्रेस की वह मानसिकता है, जिसके तहत कांग्रेस को नेतृत्व देने वाले राजनेता केवल यही सोचते हैं कि हम तो सरकार चलाने के लिए ही बने हैं। आज भी कांग्रेस के नेता इसी भावना के साथ विचार रखते हैं।

भारत में स्वार्थी राजनीति का खेल यूँ तो बहुत पुराना है, लेकिन ऐसी राजनीति जनमानस को केवल भ्रमित करने का काम ही करती है। यह भी सत्य है कि इसका प्रभाव लम्बे समय तक नहीं रहता। राजनीति सच की होना चाहिए, न कि झूंठ की। लेकिन आज विसंगति यह है कि राजनीतिक दल केवल अपने लिए ही राजनीति करते हैं, देश के लिए नहीं। आज राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करने तक सीमित हो गया है। ऐसी ही राजनीति के माध्यम से हिन्दू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने का खेल खेला गया। अब इस षड्यंत्र की परतें भी उधड़ने लगी हैं। जिसके फलस्वरूप फेक नैरेटिव का पर्दाफास हो गया।

भारत क्या है और उसकी विरासत क्या है? इसके मूल में जो प्रमाण मिलते वे उसका एक दर्शन है। यह दर्शन मात्र कुछ वर्षों का कार्य नहीं, बल्कि एक लम्बी साधना के बाद निकला है। जो भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणीय पाथेय है। लेकिन लम्बे समय से इस आदर्श विरासत को मिटाने का कुचक्र भी चल रहा है। हम यह भली भांति जानते हैं कि जब जब भारतीय समाज विघटित हुआ है, तब भारत को कमजोर करने के सुनियोजित प्रयास भी किए। देश विघातक शक्तियों ने भारत के समाज में फूट डालकर अपने मंसूबों को सफल किया। ऐसे प्रयास आज भी हो रहे हैं। मूल समस्या पर किसी प्रकार का कोई चिंतन नहीं हो रहा है, और न ही उस दिशा में कोई प्रयास ही हो रहा है।

अभी अभी न्यायालय ने मालेगाँव विस्फोट मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जिसमें हिन्दू आतंकवाद के नैरेटिव को ध्वस्त किया गया। इस नैरेटिव की भूमिका पूरी तरह से आधारहीन ही थी। न्यायालय के निर्णय से यह ज्ञात हुआ कि इसमें जिनको आरोपी बनाया गया, उनके विरोध में पर्याप्त प्रमाण नहीं थे, ज़ब प्रमाण ही नहीं थे, तब इस मामले में गिरफ्तार करने की जल्दबाजी किसके संकेत पर की गई। यह बहुत बड़ा षड़यंत्र ही था, जिसकी कलई धीरे धीरे खुलने लगी हैं। एक पूर्व अधिकारी का बयान इसकी पुष्टि करने के लिए पर्याप्त माना जा सकता है। हिन्दू समाज को बदनाम करने का यह षड्यंत्र केवल एक वर्ग को ख़ुश करने प्रयास मात्र ही था। राजनीतिक दलों को हमेशा अपने स्वार्थ के लिए ही राजनीति नहीं करना चाहिए। राजनीति मात्र देश को शक्तिशाली और समाज को संगठित करने के लिए होना चाहिए। यहां एक सवाल खड़ा करना मुझे बहुत आवश्यक लग रहा है। क्या देश के लिए काम करने की जिम्मेदारी केवल सरकार की ही होती है? विपक्ष और समाज की भी होती है। अगर सभी एक भाव से समाज को एक करने का कार्य करें तो भारत का सूर्य केवल भारत को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को आलोकित करेगा, यह तय है।

मालेगाँव विस्फोट मामले में षड्यंत्र की बुनियाद किसने की, इस सवाल का उत्तर पहले से वातावरण में तैर रहा था। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने हिन्दू आतंकवाद की झूठी कहानी की पटकथा तैयार की। अब सवाल यह उठता है कि रामराज्य की संकल्पना को ज़मीन पर उतारने का सपना देखने वाले महात्मा गांधी के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस के सामने ऐसी क्या मजबूरी थी कि उसने हिन्दू आतंकवाद का प्रपंच रचा। इसका पहला कारण तो यही समझ में आता है कि यह सब एक विशेष वर्ग को खुश करने का प्रयास मात्र ही था। कांग्रेस की ऐसी राजनीति करने वाले एक प्रकार से कांग्रेस को ही कमजोर करने का काम कर रहे हैं। हमें यह भी याद होगा कि एक बार कांग्रेस की सरकार के समय भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारने का प्रयास किया गया। उस समय हिन्दू समाज की जाग्रति के समक्ष कांग्रेस को झुकना पड़ा और सरकारी स्तर पर किए गए प्रयास पर पूरी तरह से पानी फिर गया।

मालेगाँव विस्फोट मामले में भी ऐसा ही प्रयास किया गया।

इसका एक कारण कांग्रेस की वह मानसिकता है, जिसके तहत कांग्रेस को नेतृत्व देने वाले राजनेता केवल यही सोचते हैं कि हम तो सरकार चलाने के लिए ही बने हैं। आज भी कांग्रेस के नेता इसी भावना के साथ विचार रखते हैं। उन्हें यह लगता ही नहीं है कि देश में अब कांग्रेस की सरकार नहीं है और देश में राजनीतिक परिवर्तन हो चुका है। कांग्रेस को यह आत्म मंथन करना चाहिए कि देश की जनता क्या चाहती है। क्योंकि जनता ने ही कांग्रेस को सता से बेदखल किया है। भारत का लोकतंत्र यही कहता है कि देश में जनता का शासन है। जनता का शासन मतलब किसी दल की सरकार नहीं, वह जनता की सरकार है, लेकिन हमारे राजनीतिक दल इसको राजनीतिक दल की सरकार मानकर व्यवहार करते हैं।

# ताकि भगदड़ के हादसों पर लग सके लगाम

**मसलन, 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर घटी घटना की वजह रेलवे अधिकारियों की सोच रही, जिन्होंने आनन-फानन में ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदल दिया और उसमें जगह पाने के लिए लोग दौड़ पड़े। दुनिया की बेहतर प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अधिकारियों का कल्पनाशील और अनुमानशील होना जरूरी माना जाता है। लेकिन भारतीय प्रशासनिक ढांचे इस कल्पनाशीलता की अक्सर कमी नजर आती है। उसे भावी संकटों और समस्याओं का अनुमान लगाने के लिए जरूरी सोच की कमी है। वह किसी समस्या का अंदाजा लगाकर उसे शुरू में रोकने और व्यवस्थित करने की बजाय आखिरी छोर पर निबटने की सोच से लगातार लैस रहता है। मेले-ठेले में जाने वाले लोगों की भीड़ को मेले में घुसने से पहले व्यवस्थित करने और उसे रोकने में भारतीय प्रशासनिक तंत्र की दिलचस्पी कम होती है।**

(उमेश चतुर्वेदी)

भगदड़ की घटनाओं को लेकर अपनी व्यवस्था कितना संजीदा है, इसी साल हुई घटनाओं से इसका अनुमान लगाया जा सकता है। साल 2025 में ही सात घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें आधिकारिक तौर पर 81 लोगों की जान जा चुकी है।

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़ की सुर्खियों की स्याही अभी सूखी नहीं कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले से भी भगदड़ की खबर आ गई है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर देश तेजी से कदम बढ़ा रहा है। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का मतलब है कि तकनीक और सहूलियतों से देश लैस होता जा रहा है। इस संदर्भ में जब भगदड़ की घटनाएं सामने आती हैं तो आधुनिकता से कदमताल करने वाली ये छवियां दरकने लगती हैं। ऐसा नहीं कि देश का ध्यान इस विरोधाभास की ओर नहीं है। फिर भी ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। ऐसी घटनाएं जब भी होती हैं तो एहतियाती कदम उठाए जाने की प्रशासनिक तंत्र की ओर से घोषणाएं होती हैं। कुछ दिन में देश ऐसी घटनाओं को भुला देता है। अभी भूलने और भुलाने का यह खेल जारी ही रहता है कि कोई नई घटना आ जाती है और एहतियाती कदमों का ऐलान महज हवा-हवाई बनकर रह जाता है।

भगदड़ की घटनाओं को लेकर अपनी व्यवस्था कितना संजीदा है, इसी साल हुई घटनाओं से इसका अनुमान लगाया जा सकता है। साल 2025 में ही सात घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें आधिकारिक तौर पर 81 लोगों की जान जा चुकी है। जबकि सैकड़ों घायल हुए हैं। दिलचस्प यह है कि ये घटनाएं कुंभ जैसे भीड़भाड़ वाले सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजन में तो हुई हीं, राष्ट्रीय राजधानी के रेलवे स्टेशन से लेकर गोवा जैसे कम जनसंख्या वाले राज्य में भी घटीं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नई सदी के बाइस साल में 23 बार भगदड़ मची, जिनमें करीब डेढ़ हजार लोगों को जान गंवानी पड़ी। इन घटनाओं में घायल लोगों में से कई दिव्यांग बन गए तो कई को ऐसा मानसिक आघात लगा कि उससे अभी तक उबर नहीं पाए हैं।

भगदड़ की घटनाओं के लिए नागरिक बोध की कमी



को पहला कारण माना जाता है। लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि भगदड़ की ज्यादातर घटनाएं प्रशासनिक तंत्र की खामी की वजह से होती है। मसलन, 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर घटी घटना की वजह रेलवे अधिकारियों की सोच रही, जिन्होंने आनन-फानन में ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदल दिया और उसमें जगह पाने के लिए लोग दौड़ पड़े। दुनिया की बेहतर प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अधिकारियों का कल्पनाशील और अनुमानशील होना जरूरी माना जाता है। लेकिन भारतीय प्रशासनिक ढांचे इस कल्पनाशीलता की अक्सर कमी नजर आती है। उसे भावी संकटों और समस्याओं का अनुमान लगाने के लिए जरूरी सोच की कमी है। वह किसी समस्या का अंदाजा लगाकर उसे शुरू में रोकने और व्यवस्थित करने की बजाय आखिरी छोर पर निबटने की सोच से लगातार लैस रहता है। मेले-ठेले में जाने वाले लोगों की भीड़ को मेले में घुसने से पहले व्यवस्थित करने और उसे रोकने में भारतीय प्रशासनिक तंत्र की दिलचस्पी कम होती है, लेकिन जब मेले में भीड़ बढ़ जाती है तो मेले वाली जगह के दरवाजे पर वह अचानक से रोक लगा देता है। जबकि होना यह चाहिए कि मेले की ओर जान वाले रास्ते पर भीड़ को देखते हुए रोक लगा दी जाए। दरवाजे पर भीड़ को रोकने से मेले में भीड़ भले ही ना घुसे, लेकिन पीछे से आ रहे रेले पर रोक नहीं लग पाती। इससे बैरिकेट वाली जगह पर भीड़ का दबाव बढ़ जाता है। पीछे वाली भीड़ के दबाव के चलते एक वक्त ऐसा आता है कि बैरिकेट का कोई मतलब नहीं रह जाता। फिर रेला लोगों को धकियाते आगे बढ़ने लगता है। इस बीच कोई गिर गया तो पीछे वाले के पास ना तो इतना वक्त होता है कि वह समझ पाए ना ही इतनी क्षमता कि पीछे वाली भीड़ को रोक पाए। वह सामने गिरे व्यक्ति के शरीर की ओर अपना पैर बढ़ाने से रोक भी नहीं पाता। इसी दौरान गिरे हुए लोग दूसरे लोगों के पांवों से कुचलते चले जाते हैं। प्रयागराज की भगदड़ की भी वजह यही थी। भीड़ पीछे नहीं रोकी गई, स्नान केंद्र के पास रोकी गई। इसकी वजह से बैरिकेट पर दबाव बढ़ा और पीछे से आए रेला ने इसकी परवाह नहीं कि कौन गिरा है और किसके पेट,पीठ या सिर पर उसका पैर पड़ रहा है। भगदड़ के बारे में एक अवधारणा रही है कि गरीब-गुरबा और अशिक्षित लोग ही इसके शिकार बनते हैं। लेकिन यह अधूरा सच है। यह सच है कि उत्तर भारत के मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ में ज्यादार निम्न मध्यम वर्ग के लोग होते हैं। उत्तर भारत में मंदिरों तक में वीआईपी संस्कृति का बोलबाला है। इसकी तुलना में दक्षिण भारतीय मंदिरों में वीआईपी संस्कृति कुछ कम है। हालांकि दक्षिण के भी कई मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था में वीआईपी संस्कृति का तड़का रहता है। लेकिन तुलनात्मक रूप से उत्तर में यह संस्कृति ज्यादा है। इसलिए उत्तर के मंदिरों और धार्मिक मेले-ठेले में अनुशासनहीन भीड़ की बहुलता होती है। चूंकि प्रशासनिक तंत्र कल्पनाशीलता से उन्हें व्यवस्थित नहीं कर पाता, लिहाजा भगदड़ की दुर्भाग्यजनक घटनाएं हो जाती हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत की एक बड़ी समस्या भारत की बड़ी जनसंख्या भी है। हालांकि आज की राजनीति का एक हिस्सा इसे समस्या नहीं मानती। क्योंकि उसका आधार वोट इसी भीड़तंत्र से ही विकसित होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नये ड्राइविंग लाइसेंस कैंडिडेट को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरीडीह जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी, श्री संतोष कुमार के नेतृत्व में आज नये ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आए हुए कैंडिडेट को बारवाडीह ग्राउंड,गिरिडीह में ड्राइविंग टेस्ट लिया गया एवं साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का अनुपालन के प्रति जागरूक किया। हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया और बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट कि भी वितरण की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी श्री संतोष कुमार एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक मोहम्द वाज़िद हसन उपस्थित रहे।

### स्कॉलर बी.एड कॉलेज में दिशोम गुरू शिबू सोरेन को श्रद्धांजली अर्पित की गई



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनहत्ती स्थित स्कॉलर बी.एड कॉलेज में भूतपूर्व मुख्यमंत्री सह झारखण्ड आन्दोलनकारी नेता दिशोम गुरू शिबू सोरेन को श्रद्धांजली दी गयी। इस मौके पर सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी और दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की इस मौके पर कॉलेज प्राचार्या डॉ शालिनी खोवाला ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक महान क्रांतिकारी बताया। झारखण्ड निर्माण में उनके अहम योगदान को याद दिलाते हुए कहा कि ये आदिवासी आंदोलन को झारखण्ड की जमीनी स्तर से राष्ट्रीय राजनीति के केन्द्र में ला खडा किया। उनका निधन झारखण्ड के लिए अपूर्ण क्षति है जिसका भरपायी कर पाना कतई मुमकीन नहीं है। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ हरदीप कौर, डॉ संतोष कुमार चौधरी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, डॉ सुधांशु शेखर जमैयार, डॉ प्रवीण कुमार मिश्रा, आशीष राज, डोली कुमारी, रंजीत कुमार सिंह, स्मिता कुमारी, आनन्द कुमार, कौशल कुमार शिक्षकेत्तर कर्मचारी जय किशोर शाही, अजय कुमार रजक,मनीष जैन, सुशील वर्मा सहित सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### कांग्रेस संगठन की वर्तमान स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की : धनंजय सिंह



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से रांची के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में मुलाकात किया इस मुलाकात के दौरान उन्होंने झारखंड कांग्रेस संगठन को वर्तमान स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा किया धनंजय सिंह ने राहुल गांधी से कहा कि राज्य में पार्टी की राजनीतिक स्थिति और मजबूत करना और बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रियता और संगठन पर चल रहे कार्यों की जानकारी दी। प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं और लोगों को कांग्रेस के विचारधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### रेड क्रॉस भवन में कांस्य फुट मसाजर सेवा शुरू

**महिला फिजियोथेरेपी कक्ष भी बनकर तैयार, शीघ्र होगा शुभारंभ**



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेड क्रॉस भवन में संचालित फिजियोथेरेपी सेवा के साथ ही यहाँ कांस्य फुट मसाजर सह टॉक्सिन रिमूवर मशीन की सुविधा भी जरूरतमंदों को दी जा रही है। इस मशीन से कफ, बात, पित दोषों की समस्या से हो रहे शारीरिक कष्ट से काफी राहत मिल सकती है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार ने बताया कि यहां आने वाले पीड़ित मरीजों को जल्द से जल्द राहत दिलाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। शीघ्र ही यहां महिला फिजियोथेरेपी कक्ष की भी शुरूआत कर दी जाएगी। यहां महिला फिजियोथेरेपिस्ट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावे ओपीडी सेवा को और दुरुस्त किया जाएगा ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक लोग उठा सके।

### दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर के तत्वाधान में जेपीपी इंटरनेशनल स्कूल,गांव-गादी श्रीरामपुर, जिला-गिरिडीह में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे करीब




300 विद्यार्थियों की दाँतो की जाँच क्लब के सदस्य दंत चिकित्सक रो.डॉक्टर निखिल अग्रवाल एवं डॉक्टर खुश्बू गर्ग के द्वारा की गई तथा बच्चो को डेंटल किट प्रदान की गई और दाँतो के देखभाल के विषय में विस्तार से बताया गया। साथ ही साथ बच्चों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने के लिए दो चम्मच कम चार कदम आगे एवं जीवन शैली में व्यापक सुधार लाने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक पूर्व अध्यक्ष सुजय राज गुप्ता, अध्यक्ष सीए शंकर अग्रवाल, सचिव सीए रवि गाड़िया, कोषाध्यक्ष सीए दीपक सोंथालिया, राजेंद्र तरवे, अनिल मिश्रा एवं खढढ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल प्रबंधन, अमित पांडे, त्रिलोकी नाथ पांडे एवं विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### थाना में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय महिला परिषद और ओजश्वीनी के द्वारा आज मुफ्फसिल थाना और पंचम्बा थाना में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। मौके पर राष्ट्रीय महिला परिषद के अध्यक्षा पूनम सिन्हा ने बताया कि आज विभिन्न थाना परिसर में जाकर पदाधिकारियों और जवानों के बीच हमसब ने रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। ये सिर्फ राखी नही ये समाज की तरफ से प्यार, सम्मान और विश्वास की डोरी है। बदले में हमसब को सुरक्षा और साथ का वचन भी मिला। अपने परिवार से दूर रह कर हर पर्व-त्योहार और सुख-दुख से ऊपर उठ कर पुलिश वालो हमारी रक्षा के लिए हमेशा खड़े रहते हैं। मौके पर अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष रवि शंकर पांडेय, जिला अध्यक्ष रितेश पांडेय, ओजश्वीनी से काजल कुमारी, नेहा कुमारी, पिंकी कुमारी, सोनाली कुमारी, शिवानी कुमारी, विनीता कुमारी, अंकिता कुमारी, पलक सिन्हा, नीलम कुमारी,हिन्दू हेल्पलाइन के जिला अध्यक्ष राम बाबू गुप्ता, कुंदन केशरी सहित दर्जनों महिलाएं थी।



### दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बाघमारा प्रखण्ड समिति के तत्वावधान में जमुआ पंचायत भवन में झारखंड आंदोलन के जनक,झामुमो के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए एक श्रद्धांजलि



सह शोक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता धीरेन रवानी ने किया। बतौर मुख्य रूप से वरीय नेता रतिलाल टूडू उपस्थित हुए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए रतिलाल टूडू ने कहा की गुरुजी का संपूर्ण जीवन सत्य,संघर्ष और समर्पण में बिता है वो हमारे भगवान हैं। उन्होंने हमेशा झारखंड के स्वाभिमान,संस्कृति और अस्मिता की रक्षा की। वे राजनीति के नहीं, विचारधारा के प्रतीक थे। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करना है।श्रधांजलि सभा मे अर्जुन मुखिया,राजेन्द्र प्रसाद राजा,मनसाराम मुर्मू ,संजय रजवार,सुरेश महतो,शहजाद अन्सारी, रितिक सिंह,पंकज दिनकर,प्रवीण लाला,राजेश यादव,जगदीश कर्मकार,सुरेश दास,राजा अकरम,बैजनाथ रवानी,किस्मत भुइँया, मन्तोष कर्मकार,आदि ढेरों कार्यकर्ता ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में सीएसआर व अनटाइड फंड, डीएमएफटी से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक

**बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त ने जिला अंतर्गत सीएसआर, डीएमएफटी के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने का दिया निदेश आज समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में (डीएमएफटी), सीएसआर व अनटाइड फंड से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यो के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सारे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय से पूर्ण करायें। आगे उपायुक्त ने अबतक चयनित योजनाओं के साथ-साथ उनकी कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया कि निमार्णाधीन कार्यों को अविलंब पूर्ण कराएं, ताकि सारे कार्यो का जिला स्तर से निरीक्षण किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने सीएसआर एवं अनटाइड फंड के तहत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को सुनियोजित तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि सीएसआर मद का इस्तेमाल स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। जिससे सीएसआर मद का अच्छे से उपयोग किया जा सके। साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विकास योजनाओं के कार्यो पारदर्शिता लाने तथा गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत प्रभावित क्षेत्रों के बेहतर विकास हेतु जितने भी योजनाओं का चयन किया जाता है सभी का चयन पारदर्शी तरीके से किया जाय, ताकि खनिज प्रभावित उन क्षेत्रों में वहा के परिवेश के अनुसार योजनाओं का चयन किया जाय एवम सही विकास हो सके। आगे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि डीएमएफटी की राशि को प्राथमिकता के साथ खर्च किया जाय। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों यथा-पेजलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, महिला शिक्षा आदि पर खर्च किया जाय। साथ ही योजनाओं का चयन पारदर्शी तरीके से ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाय।बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, विभिन्न कंपनी के प्रतिनिधि के अलावा संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी के सभी अधिकारी के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## जमुआ विधायक ने किया धीरोसिंगा स्कूल का निरीक्षण, शिक्षकों की कमी और अव्यवस्था पर जताई चिंता



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र की विधायक मंजु कुमारी ने गुरुवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय धीरोसिंगा का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विद्यालय के छात्र-छात्राओं और अभिभावकों द्वारा लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर किया गया था निरीक्षण के दौरान विद्यालय की स्थिति अत्यंत चिंताजनक पाई गई। स्कूल में एक भी स्थायी सरकारी शिक्षक नहीं है और सहायक शिक्षक को ही प्रभारी बनाकर पूरे विद्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कई कक्षाओं में बेंचें टूटी हुई मिलीं, जो छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। वहीं कुछ कक्षाओं में पंखे तक नहीं लगे हैं, जिससे भीषण गर्मी में बच्चे कष्टदायक परिस्थितियों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।विद्यालय परिसर, कार्यालय और शौचालयों में गंदगी का अंबार मिला। विधायक ने यह भी पाया कि विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक किए बिना ही विभिन्न खर्च किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह से पारदर्शिता के अभाव को दशार्ता है इन तमाम समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक मंजु कुमारी ने निरीक्षण स्थल से ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को फोन कर स्थिति से अवगत कराया और तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।विधायक ने स्पष्ट कहा, "मेरा उद्देश्य है कि जमुआ विधानसभा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बने। यह तभी संभव है जब विद्यालयों में शिक्षक समय पर उपस्थित हों, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और प्रबंधन पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने विधायक के इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि जल्द ही विद्यालय की स्थिति में सुधार होगा। इसके बाद जमुआ विधायक ने मध्य विद्यालय रेम्बा पहुंची जहां विद्यार्थियों ने स्वागत किया इस दौरान विधायक मंजु कुमारी ने विद्यार्थियों के बीच साइकल वितरण किया। उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गंगाधर वर्मा, गोविंद वर्मा, प्रदीप सिंह,कार्तिक मंडल, सीता देवी, नरसिंह मंडल,मंटू साव,प्रवीण राणा, नेमचंद बैठा आदि उपस्थित थे ।

## महुआर घटना में भू-माफिया, अपराधियों से आतंकित परिवार ने बेंगाबाद थाना में दिया आवेदन

**कल गांव में होगा प्रतिवाद**




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस पीड़ित परिवार को सुरक्षा देकर अपराधियों को गिरफ्तार करे- राजेश यादव !झारखंड में राजकीय अवकाश के दिन, विगत 4 अगस्त को बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महुआर (बोरोटांड़) में जमीन सीमांकन की आड़ में बाहर से आए जमीन कब्जा करने वाले अपराधियों द्वारा तांडव मचाए जाने की घटना से आतंकित परिवार ने आज बेंगाबाद थाना में एक आवेदन देकर अपनी सुरक्षा तथा दोषी अपराधियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत बेंगाबाद के पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने बताया कि, सही हो या गलत किसी भी तरह की जमीन कब्जा करने वाला गैंग इन दिनों सक्रिय है, जिनकी दहशत तथा गुंडागर्दी दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। बोरोटांड़ की घटना भी इसी की एक बनागी है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कहा कि, कई सफेदपोश और पुलिस-प्रशासन के भी कुछ लोग कहीं-ना-कहीं इसमें संरक्षण देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि, घटना के बाद उन्होंने पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर आंदोलन का ऐलान किया है। कल बेंगाबाद के थाना प्रभारी से भी बात की और दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की गई है। आज पीड़ित परिवार के द्वारा थाना में आवेदन भी दिया गया है, जिसमें परिवार ने खुद के लिए जमीन कब्जाने वाले गिरोह के अपराधियों से असुरक्षा की बात भी कही है। हम पुलिस-प्रशासन से परिवार को सुरक्षा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हैं कहा कि, पीड़ित परिवार ने आज ही थाना में आवेदन दिया है, इसलिए पुलिस को कार्रवाई का समय देते हुए कल के न्याय मार्च को स्थगित कर चरणबद्ध आंदोलन के तहत गांव में ही प्रतिवाद सभा करने का निर्णय लिया गया है। फिर घटना को लेकर जिले के आला अधिकारियों को लिखित और मिलकर सूचना देंगे। फिर भी जरूरत पड़ी तो आगे का आंदोलन किया जाएगा।

## लायंस क्लब ने चैताडीह के सरकारी अस्पताल में मरीजों को बांटे फल और जरूरत के सामान

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी' पहल के तहत चैताडीह स्थित मातृत्व एवं शिशु कल्याण केंद्र (सरकारी अस्पताल) में एक सराहनीय सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती लगभग 60 मरीजों को फल, बिस्किट, सैनिटरी पैड, जूस और हॉर्लिक्स जैसी उपयोगी वस्तुएं




वितरित कीं। क्लब के इस सेवा भाव से मरीजों और अस्पताल के कर्मचारियों ने काफी खुशी जाहिर की और क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्लब की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी इसी तरह के सेवा कार्य जारी रखेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन सुमित भूदौलिया, सचिव लायन विनीत केडिया, कोषाध्यक्ष लायन पुनीत खंडेलवाल, लायन प्रतीक अग्रवाल, लायन धीरज खेतान और लायन अक्षय केडिया समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया और जरूरतमंद मरीजों तक मदद पहुंचाई.

## बेटे की हत्या करने वालों को सजा दिलाने हेतु उपायुक्त से किया अनुरोध



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिता मकबुल अंसारी उम्र 55 वर्ष, पिता स्व. असरफी मियाँ ग्राम- मनकडीहा, याना- देवरी, जिला-गिरिडीह का रहने वाला हूँ। मेरा पुत्र मो० सहिल अंसारी उम्र 25 वर्ष दिनांक 22/07/2025 समय करीब शाम 8 बजे अपना घर से पैदल निकला और बोला कुछ देर में आ रहा हूँ लेकिन मेरा पुत्र घर नही आया। मैं जब अपने घर के आस-पास पता किया तो कुछ पता नहीं चला। जब मैं सुबह 05 बजे देखा तो लोग चर्चा कर रहे थे कि किसी व्यक्ति कि हत्या चतरो पुरनाबथान चेतन तुरी के घर में हो गया है। तब हम चतरो गये तो देखें कि मेरा बेटा साहिल का बॉडी चेतन तुरी के घर के उत्तर दिशा की खिडकी के रड़ में मेरा ही बेटा का गंजी से गला में बाँध कर लटका हुआ था। खिडकी की उचाई करीब तीन फीट है। और पैर में दोनो चप्पल पहना हुआ या एवं मोबाईल हाथ पर या। तथा उस जगह कच्चा मि ट्टी का जमीन है। जमीन पर एक भी खरोच नही था। चेतन तुरी के घर के अन्दर गैस टंकी एवं अन्य सामान तितर-बितर था। मुझे पूर्ण विश्वास है कि 1. ज्योति कुमारी पिता अशोक तुरी 2. अशोक तुरी पिता चेतन तुरी 3. चेतन तुरी पिता नाम ना मालूम 4. चेतन तुरी की पत्नी नाम ना मालूम 5. अशोक तुरी की पत्नी नाम ना मालूम तथा अन्य लोगों के द्वारा मेरे बेटे का गला दबा कर हत्या किया गया है। उसके बाद खिडकी में लटका दिया, मैने उस दिन याना में आवेदन दिया तो थाना प्रभारी एवं अनुमंडल पुलीस अधिकारी महोदय ने सबके समक्ष कहा कि तीन फीट उँचाई में लटका एवं पैर में चप्पल तया हाथ में मोबाइल व उस जगह में एक भी खरोच नहीं है ऐसे में साफ झलकता है कि हत्या करने के बाद में इन्हे गंजी से खिडकी पर लटका दिया गया है। तथा महोदय ने कहा था कि 24 घंटे के अंदर हत्यारो को पकड कर सजा मिलेगा। परंतु आज 10 दिन से उपर हो गया है लेकिन कोई करवाई नही हुई है। सिर्फ ज्योति कुमारी को जेल भेजा गया है। जब मैं थाना जात हूँ तो केस आयु एवं थाना प्रभारी कहते हैं कि तेरा बेटा अत्महत्या कर लिया जो मेरे समझ से बाहर है।पिता ने उपायुक्त से निवेदन किया कि हम गरीब एवं साहिल की विधवा बीवी व दो छोटे-छोटे बच्चे पर दया करते हुए। उच्च स्तरीय जाँच कर दोषी के उपर उचित कनूनी कारवाई करने का अनुरोध किया।

## अस्पतालों में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली एवं शौचालय जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए गए

**अस्पताल भवन के नवीनीकरण / मरम्मत के लिए बजट प्रस्तावित किया गया**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 07 अगस्त, 2025 को रोगी कल्याण समिति/अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय के सभागार में माननीय अध्यक्षा जिला परिषद श्रीमती सुनिता देवी माननीय की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सदर अस्पताल सहित अन्य सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की गई। साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और आपूर्ति की स्थिति पर चर्चा हुई तथा मरीजों की सुविधा के लिए आवश्यक बुनियादी सुधारों का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही जिले के सभी अस्पतालो में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली एवं शौचालय जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए गए। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह, सांसद प्रतिनिधि, माननीय गोमिया विधायक प्रतिनिधि श्री मुकेश कुमार, माननीय डुमरी विधायक प्रतिनिधि श्री संजय महतो, माननीय बोकारो विधायक प्रतिनिधि श्री प्रभात कुमार रंजन, माननीय बेरमो विधायक प्रतिनिधि, माननीय चंदनकियारी विधायक प्रतिनिधि सहित चेम्बर ऑफ कामर्स श्री मनोज चौधरी, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम चास/कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पर्षद फुसरो/श्री गोपाल मुरारका, सांस्थापक, हेल्पिंग हैन्डस, बोकारो / हल्ड के पदाधिकारी/जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, बोकारो एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

**सिवान में मतदाता पुनरीक्षण पर जोर**

## जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ-बीएलए की बैठक, 08 अगस्त को भी होगा आयोजन

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सिवान।** लोकतंत्र को मजबूती देने की दिशा में सिवान जिला प्रशासन एक अहम पहल कर रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश के निर्देश पर जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ और बीएलए की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत की गई, जिसमें 01 अगस्त से 01 सितंबर 2025 तक चलने वाले दावा-आपत्ति एवं दस्तावेज अपलोडिंग की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि सभी प्रखंड, अंचल, नगर निकाय व पंचायत कार्यालयों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक विशेष कैंप चलाया जा रहा है। नागरिक फॉर्म-6 (नवीन पंजीकरण), फॉर्म-7 (नाम हटाने हेतु), और फॉर्म-8 (स्थानांतरण/सुधार/पीडब्ल्यूडी चिन्हांकन) जमा कर सकते हैं। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी आवेदन को कार्य दिवस समाप्ति के बाद संबंधित बीडीओ विधानसभा व मतदान केंद्रवार संकलित कर संबंधित बीएलओ, एईआरओ, व ईआरओ को सौंपें। इसके अनुपालन की जिम्मेदारी व्यक्तिगत रूप से बीडीओ की होगी। निगरानी के लिए जिला संपर्क केंद्र भी सक्रिय है। डॉ. आदित्य प्रकाश ने अपील की कि सभी नागरिक विशेष कैंप में भाग लें और मतदाता सूची में सही प्रविष्टि सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह नागरिकों के मताधिकार के प्रति सजग रहने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## स्थानीय प्रतिभा को मंच देगा 'आकांक्षा' हाट

**11 से 14 अगस्त तक डीआरसीसी, सिवान परिसर में लगेगा बहु-विभागीय प्रदर्शनी मेला**

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिवान।** नीति आयोग भारत सरकार के दिशा-निदेर्शों के आलोक में जिला पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश के निदेर्शानुसार "आकांक्षा हाट" का आयोजन 11 अगस्त से 14 अगस्त 2025 तक जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी), सिवान के परिसर में किया जाएगा। इस चार दिवसीय आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों एवं जीविका समूहों को एक मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अपने उत्पादों और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

**कई विभागों की भागीदारी, स्थानीय उत्पादों की झलक**

"आकांक्षा हाट" में कृषि विभाग द्वारा 3 स्टॉल, उद्योग विभाग द्वारा 4 स्टॉल, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा 3 स्टॉल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 स्टॉल, जीविका द्वारा 4 स्टॉल तथा सुधा द्वारा 1 स्टॉल लगाया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे अपने विभागीय उत्पादों, कौशल विकास से जुड़े कार्यों एवं लोक-कलाओं से जुड़े प्रतिभागियों को चिन्हित कर प्रदर्शनी में शामिल करें।



**हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट से लेकर पेंटिंग तक होगी प्रदर्शित**

मेले में स्थानीय उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम, लोक-चित्रकला, एवं जीविका समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की स्टॉलें प्रमुख आकर्षण होंगी। इसके माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान एवं प्रोत्साहन देने का लक्ष्य रखा गया है।

**बेहतर प्रदर्शन वालों को मिलेगा पुरस्कार**

जिला प्रशासन की ओर से सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का चयन प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा, जिसे विशेष रूप से पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस निर्णय का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के साथ गुणवत्ता को बढ़ावा देना है।

**व्यवस्था चाक-चौबंद, हर पहलू पर नजर**

सफाई की जिम्मेदारी नगर परिषद को सौंपी गई है, जो डीआरसीसी परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करेगी।

**चिकित्सा सुविधा हेतु सिविल सर्जन चिकित्सकीय दल व एंबुलेंस की व्यवस्था करेंगे।**

सुरक्षा इंतजाम हेतु अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति होगी।

अग्निशमन प्रबंधन की जिम्मेदारी जिला अग्निशमन पदाधिकारी को दी गई है, जो फायर ब्रिगेड वाहन एवं कर्मी तैनात करेंगे।

**जनसंपर्क विभाग करेगा प्रचार-प्रसार**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग "आकांक्षा हाट" में पहुंच सकें और स्थानीय उत्पादों का लाभ ले सकें। यह आयोजन जिले की सांस्कृतिक, शिल्प एवं औद्योगिक पहचान को नया आयाम देगा।

## गवर्नर ने खारिज किया ट्रंप का मृत अर्थव्यवथा का बयान, कहा-

# वैश्विक वृद्ध में भारत का योगदान 18 प्रतिशत, यूएस का 11

**मुंबई, एजेंसी।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था के बयान को खारिज करते हुए कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वैश्विक वृद्धि में भारत का योगदान अमेरिका से काफी अधिक है।



मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए बुधवार को कहा, हम वैश्विक वृद्धि में करीब 18 फीसदी योगदान दे रहे हैं। यह करीब 11 फीसदी का योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है। जहां तक मृत अर्थव्यवस्था की बात है तो, भारतीय जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि अमेरिका की विकास दर 2 फीसदी रहने का अनुमान है ।वैश्विक वृद्धि दर तीन फीसदी रह सकती है। दरअसल, ट्रंप ने रूस से सस्ते कच्चे तेल की खरीद जारी रखने पर नाराजगी जताते हुए भारत को मृत अर्थव्यवस्था बताया था। इस बयान से भारत-अमेरिका संबंधों पर असर पड़ने की आशंकाओं पर गवर्नर ने कहा, अगर भारत को अपनी तेल खरीद रूस के बजाय कहीं और से करने के लिए मजबूर किया गया तो भी उसका घरेलू महंगाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## ट्रंप ने भारत पर थोपा 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ

# रूसी तेल खरीद पर जुर्माना

### नया फैसला 27 अगस्त से प्रभावी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ रूस से तेल खरीदना जारी रखने पर जुर्माने के तौर पर लगाया गया है। अतिरिक्त टैरिफ के बाद कुछ छूट प्राप्त वस्तुओं को छोड़कर, भारतीय वस्तुओं पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत होगा। ट्रंप ने अपने प्रारंभिक टैरिफ लागू होने से 14 घंटे से भी कम समय पहले अतिरिक्त टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। 30 जुलाई को ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था, जो 7 अगस्त यानी आज से प्रभावी होगा। वहीं, अतिरिक्त टैरिफ 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से प्रभावी होगा। ट्रंप पिछले दिनों कई बार यह बात दोहारा चुके हैं कि भारत, रूस से तेल खरीदता है और ऐसा करके वह यूक्रेन युद्ध को भड़काने में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मदद कर रहा है। एक दिन पहले भी उन्होंने 24 घंटे के भीतर भारत पर बहुत अधिक टैरिफ लगाने की बात कही थी।

**कम शुल्क से भारत के प्रतिस्पर्धियों को अमेरिकी बाजार में मिलेगी बढ़त-** अमेरिका के टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी करने से भारत पर दोहरी मार पड़ने की संभावना है। अधिक टैरिफ होने से भारत के कपड़ा, समुद्री उत्पाद और चमड़ा निर्यात जैसे क्षेत्रों पर सबसे बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा, म्यांमार, कंबोडिया और बांग्लादेश जैसे क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धी देशों पर कम शुल्क होने से अमेरिका बाजार में भारतीय उत्पादों के पिछड़ने का खतरा भी पैदा हो गया है।

### किन देशों पर कितना टैरिफ

अतिरिक्त टैरिफ के बाद भारत ब्राजील के साथ दुनिया का सबसे अधिक अमेरिकी टैरिफ वाला देश बन जाएगा। अमेरिका ने म्यांमार पर 40 फीसदी, थाईलैंड और कंबोडिया पर 36-36 फीसदी, बांग्लादेश पर 35 फीसदी, इंडोनेशिया पर 32 फीसदी, चीन और श्रीलंका पर 30-30 फीसदी, मलयेशिया पर 25 और फिलिपींस और वियतनाम पर 20-20 फीसदी टैरिफ लगाया है। इन देशों का अमेरिका के साथ कई क्षेत्रों में कारोबार है, जिसका सीधा भारत से संबंध है। अब जब इन देशों पर और भारत पर अधिक टैरिफ होगा, तो स्वाभाविक रूप से अमेरिकी बाजार में भारत के इन प्रतिस्पर्धी देशों को बढ़त मिलेगी।

### इन क्षेत्रों पर पड़ेगा असर

अमेरिका के बढ़े टैरिफ पर जिन क्षेत्रों को सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ेगा, उनमें वस्त्र/परिधान (10.3 अरब ऑलर), रत्न एवं आभूषण (12 अरब डॉलर), झींगा (2.24 अरब डॉलर), चमड़ा एवं जूते (1.18 अरब डॉलर), पशु उत्पाद, रसायन (2.34 अरब डॉलर) और विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी (9 अरब डॉलर) शामिल हैं। निर्यातकों के अनुसार, इस कदम से अमेरिका को भारत के 86 अरब डॉलर मूल्य के निर्यात पर गंभीर असर पड़ेगा।

## पूर्व राजनयिक ने कहा-

# ट्रंप का रास्ता तर्कहीन, फैसले एकतरफा; उद्योग जगत बोला- अर्थव्यवस्था पर असर कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। इस फैसले से भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों में तनाव बढ़ गया है। हालांकि भारत के कई विशेषज्ञों और आर्थिक संस्थानों ने इसे चिंताजनक लेकिन नियंत्रण में बताया है। पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने ट्रंप के फैसले को अतार्किक और व्यक्तिगत नाराजगी से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा ट्रंप एक बार फिर बिना वजह सजा देने के रास्ते पर चल पड़े हैं। 6 जुलाई को भारत-अमेरिका के बीच वार्ता



लगभग पूरी हो चुकी थी, लेकिन खुद ट्रंप ने उसे रोककर अपनी टीम को फिर से बातचीत शुरू करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने सवाल उठाया, अगर अमेरिका कहता है कि भारत को रूस से तेल नहीं खरीदना चाहिए, तो क्या वह वैसा ही सस्ता तेल दे सकता है भारत को अपने राष्ट्रीय हितों को पहले रखना ही होगा। अनिल त्रिगुणायत ने यह भी कहा कि, लगता है कि पश्चिमी देश भारत की स्वतंत्र आर्थिक ताकत से खुश नहीं हैं और उसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिलेगी। डॉ. रणजीत मेहता, जो भारत के प्रमुख वाणिज्य मंडल के ष्टश्वह्र हैं, उन्होंने कहा कि टैरिफ से नुकसान तो है, लेकिन वो बहुत सीमित है। उन्होंने कहा, हमने एक रिपोर्ट में इसका अध्ययन किया है। भारत का अमेरिका को 2024-25 में कुल निर्यात करीब 88 अरब डॉलर है। इस 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ से लगभग 1.87 प्रतिशत (यानि 8.11 अरब डॉलर) का असर पड़ेगा। उन्होंने आगे बताया, अगर हम भारत की पूरी अर्थव्यवस्था पर असर देखें, तो यह सिर्फ 0.19 प्रतिशत से 0.38 प्रतिशत के बीच है। हमारी अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत है कि ऐसे बाहरी झटकों को झेल सकती है।

### टैरिफ से इन क्षेत्रों में लग सकता है झटका

वहीं इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा ने कहा, ट्रंप के इस कदम से औषधि, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्रों को झटका लगेगा। लेकिन उन्होंने भरोसा जताया कि भारत एक घरेलू खपत पर आधारित अर्थव्यवस्था है। जैसे हमने 2008 का आर्थिक संकट और कोविड-19 की महामारी को झेला, वैसे ही इस झटके को भी झेल लेंगे।

# अमेरिका में 9 लाख करोड़ का नया निवेश करेगा एपल

### टिम कुक ने ट्रंप को मेड इन अमेरिका 24 कैरेट सोने का तोहफा दिया

**वॉशिंगटन एजेंसी।** एपल के सीईओ टिम कुक ने अमेरिकी में 100 बिलियन डॉलर (लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपए) के नए निवेश की घोषणा की है। अब एपल का अमेरिका में कुल निवेश बढ़कर 600 बिलियन डॉलर (लगभग 53 लाख करोड़ रुपए) हो जाएगा। टिम कुक ने ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की और उन्हें एक तोहफा भी दिया।

यह तोहफा गोरिल्ला ग्लास से बनी एक बड़ी गोल डिस्क है, जो आईफोन में भी इस्तेमाल होने वाला ग्लास है। इस डिस्क के बीच में एपल का लोगो बना हुआ है। इसके अलावा, इस उपहार के ऊपर राष्ट्रपति ट्रम्प का नाम लिखा है और मेड इन यूएसए - 2025 लिखा है। ये डिस्क 24 कैरेट सोने के स्टेंड पर लगी हुई है। भारत में प्रोडक्शन पर भी फोकस कर रहा एपल



एपल चीन से हटकर भारत में आईफोन का प्रोडक्शन पर फोकस कर रहा है। अमेरिका में बिकने वाले 78 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। मार्केट रिसर्चर कैनालिस के मुताबिक 2025 में जनवरी से जून के बीच भारत में 23.9 मिलियन (2 करोड़ 39 लाख) आईफोन बने, जो पिछले साल की तुलना में 53 प्रतिशत ज्यादा है।

वहीं रिसर्च फर्म साइबर मीडिया रिसर्च के अनुसार भारत से आईफोन का निर्यात (भारत से विदेश भेजे गए आईफोन) भी बढ़कर 22.88 मिलियन (2 करोड़ 28 लाख) यूनिट तक पहुंच गया है। पिछले साल समान अवधि (जनवरी से जून) में ये भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग का आंकड़ा 15.05 मिलियन (1 करोड़ 50 लाख) था।

# अडानी की कंपनी के 2.2 करोड़ शेयर बिके

### विदेशी फर्म ने 790 रुपये के भाव पर की डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अबुधाबी की निवेश प्रबंधन कंपनी आईएचसी ने बुधवार को अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड में अपनी 1.83 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,737 करोड़ रुपये में बेच दी। बीएसई और एनएसई पर बल्क डील के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (आईएचसी) ने अडानी एनर्जी




सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के लगभग 2.2 करोड़ इक्विटी शेयर बेच दिए। आईएचसी ने यह डील अपनी सहयोगी इकाई एनवेस्टकॉम होल्डिंग आरएससी लिमिटेड के माध्यम से की है।

### 790 रुपये पर डील

यह शेयर बिक्री अडानी समूह की कंपनी एईएसएल में 1.83 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इन शेयरों की बिक्री औसतन 790 रुपये प्रति शेयर के भाव पर की गई। इस तरह शेयर बिक्री का कुल मूल्य 1,736.73 करोड़ रुपये रहा। इस हिस्सेदारी बिक्री के बाद एईएसएल में एनवेस्टकॉम होल्डिंग की हिस्सेदारी 2.68 प्रतिशत से घटकर 0.85 प्रतिशत हो गई है। इस साल मार्च में आईएचसी ने अडानी एंटरप्राइजेज के 84.49 लाख शेयर लगभग 1,800 करोड़ रुपये में बेचे थे।

# आनंद राठी समेत 5 आईपीओ को सेबी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पर पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 5 कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी दे दी है। इनमें से एक कंपनी आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स भी है। बता दें कि यह आनंद राठी ग्रुप की कंपनी है, जो शेयर ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म है।

**किन कंपनियों को मिली मंजूरी-** आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के अलावा प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया, गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी और ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। इन पांचों कंपनियों ने इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे।

**आईपीओ की डिटेल-** प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स की इकाई प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स 2,700 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आएगी। इसमें 1,700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल होगी। आनंद राठी ग्रुप की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा।

# 56 पर आ गया 290 वाला टीटीएमएल का शेयर

### भारी कर्ज में कंपनी, लगातार करा रहा नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा टेलीसर्विसेज महाराष्ट्र लिमिटेड यानी टीटीएमएल के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर में आज 2 प्रतिशत तक गिरकर 56.75 रुपये के इंट्रा डे लो पर आ गए थे। शेयरों में इस गिरावट के पीछे एक खबर है। दरअसल, कंपनी में मैनेजमेंट लेवल पर कुछ बदलाव हुए हैं। इसका असर शेयर पर निगेटिव पड़ा है। बता दें कि कंपनी के शेयर साल 2022 में 290 के भाव पर थे। पांच साल में कंपनी के शेयर 1600 प्रतिशत तक चढ़ गए हैं।

### क्या है डिटेल

कंपनी ने शेयर बाजार को गैर-कार्यकारी गैर-स्वतंत्र निदेशक के इस्तीफे की सूचना दी है। इसके अलावा, अतिरिक्त निदेशक (गैर-कार्यकारी गैर-स्वतंत्र) की नियुक्ति के बारे में जानकारी दी है। बता दें कि कंपनी कर्ज फ्री नहीं है। यह सेक्टर में भारी बोझ के साथ आपरेट कर रही है।

लाखों करोड़ रुपये के,तत्र्र ड्यूज के चलते लगातार घाटे में है। कंपनी निगेटिव नेटवर्थ और कर्ज से भरे बैलेंस शीट के साथ काम कर रही है। कंपनी ने जून तिमाही में 324.98 करोड़ का नेट घाटा दर्ज किया, जो पिछले वर्ष क्यू1 एफवाय2025 में 323.40 करोड़ के घाटे से लगभग 0.5 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान ऑपरेशनल राजस्व 284.25 करोड़ रहा, जो एक वर्ष पहले की तुलना में करीब 12.13 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। कंपनी की कुल आय में लगभग




12.5 प्रतिशत की कमी आई, जबकि खर्चों में कटौती करते हुए उन्हें 139.55 करोड़ पर लाया गया, जो पिछले वर्ष की 188.64 करोड़ के मुकाबले काफी कम था।

### क्या है कंपनी का कारोबार

बता दें कि टीटीएमए एक भारतीय टेलीकॉम कंपनी है जो टाटा ग्रुप की एक सहायक कंपनी है। यह मुख्य रूप से महाराष्ट्र (मुंबई को छोड़कर) और गोवा क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं प्रदान करती है। टाटा टेली बिजनेस सर्विसेज के अंतर्गत छोटे, मझोले और बड़े व्यवसायों को विभिन्न प्रकार की एंटरप्राइज समाधान सेवाएं जैसे क्लाउड कम्युनिकेशन, इंटरनेट कनेक्टिविटी, साइबर सुरक्षा और द्बश्श्व सेवाएं देती है। कंपनी का मुख्य फोकस ब्2ब्सेवाओं पर है और यह डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को बढ़ावा देने में मदद करती है। स्टॉक मार्केट में टीटीएमएल के शेयर काफी चर्चा में रहते हैं, खासकर जब इसमें अचानक तेजी या गिरावट आती है। निवेशकों को इस कंपनी में निवेश करने से पहले इसके वित्तीय प्रदर्शन, बाज़ार की स्थिति और दीर्घकालिक रणनीति का अच्छी तरह से विश्लेषण करना चाहिए।

### 200 रुपये बढ़ा सोने का दाम

# चांदी की कीमत में भी बढ़त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी के बीच बुधवार को राजधानी में सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज



के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि बुधवार को सोने में मध्यम सकारात्मक रुख रहा। सुरक्षित निवेश की मांग जारी रहने से कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी आई।

**टैरिफ अनिश्चितताओं ने जोखिम को बढ़ाया-** गांधी ने कहा कि इस टैरिफ संबंधी अनिश्चितता ने कीमती धातुओं पर जोखिम प्रीमियम बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी दिन में बाद में फेडरल रिजर्व के सदस्यों के भाषणों पर नजर रखेंगे।

- **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरे सोने-चांदी के दाम-** न्यूयॉर्क में सोना हाजिर 17.51 डॉलर या 0.52 प्रतिशत गिरकर 3,363.35 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चांदी हाजिर 0.12 प्रतिशत गिरकर 37.76 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।
- **डॉलर सूचकांक में आई तेजी-** एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (कमोडिटी एवं करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतें 3,360 डॉलर प्रति औंस से नीचे कमजोर रुख के कारण सोने की कीमतें कमजोर रहीं। डॉलर सूचकांक में पिछले कुछ दिनों में सकारात्मक तेजी देखी गई।

- **ट्रंप ने दवा आयात पर टैरिप लगाने की धमकी दी-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को दवा आयात पर नए टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि टैरिफ की शुरुआत कम होगी, लेकिन समय के साथ यह 250 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इसके अलावा ट्रम्प ने संकेत दिया कि सेमीकंडक्टर और चिप्स पर टैरिफ के संबंध में घोषणा जल्द ही की जाएगी।

### मंहगाई बढ़ने से सोन की कीमतों को समर्थन मिलने की उम्मीद

अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा कि व्यापार तनाव लगातार बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने धमकी दी है कि अगर यूरोपीय संघ अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहता है तो वे उस पर 35 प्रतिशत तक टैरिफ लगा देंगे। उन्होंने कहा कि इस बीच, निवेशक अन्य देशों के साथ अमेरिका की व्यापार वार्ता पर बारीकी से नजर रख रहे हैं, क्योंकि कोई भी नया टैरिफ अर्थव्यवस्था पर और अधिक दबाव डाल सकता है। इससे मुद्रास्फीति बढ़ सकती है और बदले में सोने की कीमतों को समर्थन मिल सकता है।

# 20 के नीचे ट्रेड कर रहा मुकेश अंबानी का शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार बिकवाली मोड में है। इस माहौल के बीच टेक्सटाइल सेक्टर की कंपनी-आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर को भी बेचने की होड़ मच गई। सप्ताह के तीसरे दिन यह शेयर 2 पर्सेंट से ज्यादा टूट गया और भाव 20 रुपये से कम पर है। इस बीच, कंपनी ने वार्षिक आम बैठक की तारीख का भी ऐलान किया है।

**कब होने वाली है बैठक-** आलोक इंडस्ट्रीज ने वार्षिक आम बैठक का ऐलान किया है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि वार्षिक आम बैठक गुरुवार, 4 सितंबर, 2025 को होगी । यह बैठक शाम 4:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित की जाएगी।

**शेयर का परफॉर्मेंस-** आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर 18.87 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 18.40 रुपये के निचले स्तर तक आ गया। कारोबार के अंत में शेयर 1.85 प्रतिशत टूटकर 18.52 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। अप्रैल 2025 में शेयर की कीमत 13.90 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का हाई 29.77 रुपये है। यह भाव अगस्त 2024 में था। इस बीच, बुधवार को सेंसेक्स 166.26 अंक टूटकर 80,543.99 अंक पर और निफ्टी 75.35 अंक के नुकसान से 24,574.20 अंक पर बंद हुआ।

**कंपनी के बारे में-** 1986 में वजूद में आई आलोक इंडस्ट्रीज एक टेक्सटाइल कंपनी है जिसका मुख्यालय मुंबई में है। कपास और पॉलिएस्टर, दोनों ही क्षेत्रों में इसकी मजबूत उपस्थिति है। कपास क्षेत्र में, कंपनी कताई से लेकर बुनाई, प्रोसेसिंग, तैयार कपड़े, चादरें, तौलिए और परिधानों तक एकीकृत है।

# वज्रपात से तीन की मौत

## एक ही परिवार की थी तीनों महिलाएं, रोप रही थी धान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू** । प्राकृतिक आपदा ने बुधवार को केकेरगढ़ पंचायत के जोलहबिगहा गांव में एक साथ तीन जिंदगियां निगल लीं। खेत में धान रोपनी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हुआ।

मौसम में अचानक बदलाव हुआ और तेज गर्जना के साथ बिजली कड़कने लगी। इसकी चपेट में आकर दो ननदें और एक भौजाई की दर्दनाक मौत हो गई।

मृतकों की पहचान मासूक अंसारी की पत्नी रेशमा बीबी, उनकी अविवाहित बहन ओकिदा खातून और विवाहित बहन रजनी बीबी के रूप में हुई है।

रजनी बीबी की शादी पांकी थाना क्षेत्र के परसावां गांव में जहीर मियां के साथ हुई थी और वह इन दिनों मायके आई हुई थी। वहीं ओकिदा खातून पहले से ही अपने भाई के साथ मायके में रह रही थी।

परिजनों के मुताबिक तीनों महिलाएं घर के खेत में धान रोपने के लिए गई थीं। तभी मौसम ने करवट ली और आसमान से अचानक वज्रपात हुआ, जिससे तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। मासूक अंसारी के घर चीख-पुकार मच गई। परिजन बिलखते हुए खेत की ओर दौड़े, लेकिन तब तक सबकुछ खत्म हो चुका था। रेशमा बीबी अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गई है, जबकि रजनी बीबी के दो बेटे और एक बेटी है। जिनके सिर से मां का साया उठ गया है, जिससे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

# संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए पदाधिकारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को उपायुक्त ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी**। जिला प्रशासन खूंटी द्वारा आज मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (बालिका), खूंटी के सभागार में नीति आयोग, भारत सरकार के संपूर्णता अभियान के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त आर. रॉनिटा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग, भारत सरकार अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड कर्रा एवं आकांक्षी जिला खूँटी द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाज कल्याण के विभिन्न इंडिकेटर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए नीति आयोग द्वारा खूँटी जिले को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

साथ हीं जिला प्रशासन द्वारा आज जिला स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी, कर्मी एवं विभिन्न विभागों के फ्रंट लाइन वर्कर्स को सम्मानित किया जाएगा। जो हम सभी के लिए गर्व की बात है।




उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों एवं फ्रंट लाइन वर्कर्स को संबोधित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि आप सभी के कठिन परिश्रम, समर्पण और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। आप सभी इसके वास्तविक हकदार हैं। हमें इसी समर्पण भाव के साथ आगे भी कार्य करते रहना है।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन की ओर से आकांक्षी मानकों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारी, कर्मी एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में सेविका, सहायिका, हेल्थ वर्कर्स, शिक्षा विभाग के कर्मी, समाज कल्याण, जेएसएलपीएस, बीडीओ कर्रा, फेलो, समेत अन्य को मंच पर आमंत्रित कर उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया।

उनके कार्यों की सराहना करते हुए उपायुक्त ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने में पदाधिकारियों कर्मियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी, फेलो एवं सम्मानित फ्रंटलाइन वर्कर्स उपस्थित थे।

# अब एक ही छत के नीचे मिलेगी देसी - विदेशी शराब

## दुकान आवंटन की प्रक्रिया आज से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। अगर आप देसी या विदेशी शराब के शौकीन हैं तो इसके लिए अलग अलग दुकान पर जाने की जरूरत नहीं है। सरकार की नई शराब नीति के तहत अब एक सितंबर से एक ही दुकान में देसी और विदेशी शराब मिलेगी।

दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुक्रवार यानी आठ अगस्त से चालू हो रही है। कोई भी दुकान लेना चाहता है तो विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। आवेदन केवल 20 अगस्त तक ही लिए जाएंगे। 22 अगस्त को दुकानों का लॉटरी से आवंटन किया जाएगा। अगर आप शराब की दुकान खोलना चाहते हैं तो शुक्रवार से शुरू होने वाली आवंटन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। दरअसल, पहले जिले में तीन तरह से शराब की बिक्री होती थी।




एक दुकान में विदेशी, दूसरी में देसी और तीसरे में कंपोजिट शराब बिका करती थी, परन्तु नई शराब नीति के तहत अब तीनों दुकानों का एक में ही विलय कर दिया गया है। यानी अब एक ही दुकान में तीनों तरह की शराब मिल जाएगी। अब अपनी मनचाही शराब के लिए किसी को भटकना नहीं होगा। शराब दुकानों के आवंटन के लिए इस बार तीन समूह बनाया गया है। कोई भी तीन समूह के माध्यम से भाग ले सकता है। इस बार दुकानों को निजी हाथों में सौंपा गया है, इसलिए लॉटरी में लोगों की संख्या अधिक होगी।

# नीम के पेड़ से लटकती मिली युवक-युवती की लाश

## पति को छोड़ लीव इन रिलेशनशिप में रह रही थी युवती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर**। पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा थाना क्षेत्र के जंगल में नीम के पेड़ से पुलिस ने दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकता हुआ युवक और युवती का शव बरामद किया है। युवती पहले से ही शादी-शुदा है। मामला हत्या का है या आत्महत्या इसकी जांच में पुलिस जुट गई है। मृतकों की पहचान पटमदा के पोकलाबेड़ा ग्राम निवासी देवेंद्र नाथ सिंह के पुत्र जामिनी सिंह और जबकि युवती की पहचान गाड़ीग्राम निवासी वैजयंती के रूप में की गई है।

पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि युवती तीन माह पहले से पति और एक पुत्री को छोड़कर जामिनी सिंह के साथ रह रही थी। युवती से जामिनी शादी करना चाहता था, लेकिन उसके माता-पिता उसे बहू मानने को तैयार नहीं थे।



दोनों शहर में जाकर मजदूरी करते थे और वहीं लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे। पटमदा डीएसपी वचनदेव कुजूर ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का है। युवती शादी-शुदा है। आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है।

शव तीन दिन पुराना है। बुधवार को ग्रामीणों ने जंगल में युवक और युवती का शव फंदे से लटकता देख इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बरामद किया। दोनों के स्वजन मामले में कुछ नहीं बोल रहे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध दुकानदारों को दी गयी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। नगर निगम ने गांधी उद्यान (गांधी मैदान) के आसपास दशकों से संचालित अवैध दुकानों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें 15 दिनों की अंतिम मोहलत दी है। यह सूचना सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत कुमार ने दी है। निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा में यदि दुकानदारों ने एग्रीमेंट नहीं कराया, तो उनकी दुकानें को जबरन हटावा दी जाएंगी। निगम के अनुसार, इन दुकानदारों को पूर्व में कई बार वैध रूप से काम करने के लिए समझौता करने तथा निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए कहा गया था, लेकिन उनकी उदासीनता और बार-बार अतिक्रमण की प्रवृत्ति नगर निगम के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। इन अवैध दुकानों के कारण नगर निगम को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। शहरी सौंदर्य और ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

नगर निगम कई बार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर चुका है, लेकिन दुकानदार बार-बार फिर से कब्जा जमा लेते हैं।

# दिशोम गुरु के श्राद्धकर्म तक सीएम गांव में ही करेंगे प्रवास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। पूर्व मुख्यमंत्री सह झारखंड आंदोलन के महानायक शिबू सोरेन का बीते मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुखाग्नि दी। गुरुजी का श्राद्धकर्म 10 दिन का होगा। ऐसे में श्राद्धकर्म तक झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन नेमरा गांव में ही रहेंगे।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने अंतिम संस्कार से जुड़ी सभी धार्मिक विधि-विधानों में पूरी भागीदारी करने का निर्णय लिया है। हेमंत सोरेन इस दौरान नेमरा में अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे और पिता की स्मृतियों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त करेंगे।

वहीं, राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन का 10 दिनों तक नेमरा में निवास करने से पूरी प्रशासनिक तंत्र भी नेमरा में ही एक्टिव हो गई है। इस दौरान नेमरा गांव में सड़क, बिजली, पानी और मोबाइल नेटवर्क की समस्याओं को दूर करने की कवायद तेज हो गई है। अंतिम यात्रा में झारखंड, बिहार, उड़ीसा और बंगाल से आए लोगों को मोबाइल नेटवर्क की संमस्याओं से जूझना पड़ा था।

यही नहीं, नेमरा की सड़कें संकीर्ण होने के कारण कई घंटे तक लोगों को जाम में फंसना पड़ा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव को भी जाम में फंसना पड़ा। गुरुजी के अंतिम यात्रा में लाखों लोग या गए थे। इससे नेमरा की सड़कें पूरी तरह जाम हो गई थी। वहीं, सुरक्षा में लगे जवान और प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ पांव फूल रहे थे।

नेमरा के स्थानीय लोगों ने कहा कि श्राद्धकर्म के बाद अंतिम दिन भी नेमरा में लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना है।

गुरु जी तस्वीर को नमन करने और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने आएंगे।

# तीन दिवसीय "आकांक्षा हाट" कार्यक्रम की शुरूआत

## जेएसएलपीएस व स्कूली छात्र-छात्राओं ने लगायी हस्तशिल्प, पेंटिंग, हैंडलूम प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी**। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत आज कचहरी मैदान, खूंटी में तीन दिवसीय आकांक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसका विधिवत शुभारंभ खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने किया।

आकांक्षा हाट कार्यक्रम 7 से 9 अगस्त तक आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य लोकल फॉर वोकल के तर्ज पर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है, ताकि शिल्प, स्वदेशी उत्पाद एवं प्रयासों को एक सशक्त मंच मिल सके तथा जिले की आर्थिक और सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ किया जा सके।

इस हाट में जेएसएलपीएस, खूंटी के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कालामाटी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, बिरहू के छात्र-छात्राओं द्वारा हस्तशिल्प, पेंटिंग, हैंडलूम आदि की सुंदर प्रदर्शनी लगाई गई है, जहां लोग विभिन्न स्थानीय निर्मित सामग्री की खरीदारी कर रहे है। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और लोगों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।



मौके पर विधायक श्री मुंडा ने कहा कि महिलाओं के विकास के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने आमजन से इन योजनाओं के प्रति जागरूक रहने और लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता और प्रतिभा को निखारने का प्रयास करना चाहिए तथा उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अपने उत्पादों को बाजार में बेचकर ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकते हैं।

सांसद प्रतिनिधि, खूंटी सहित अन्य वक्ताओं ने जिले में उपलब्ध प्राकृतिक उत्पादों के परिप्रेक्ष्य में विविध प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उपस्थित लोगों से जागरूक होकर उनका लाभ लेने की अपील की।

# गांजे की खेप के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

## महिला का सहयोगी चकमा देकर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोमो**। गोमो आरपीएफ इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा तथा रेल थानेदार शहजहां खां के नेतृत्व में बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर अप पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के साधारण कोच में छापामारी कर भारी मात्रा में गांजा से भरा एक ट्रॉली बैग, दो पिठू तथा एक झोला के साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका सहयोगी एक व्यक्ति फरार होने में कामयाब रहा।

फरार कारोबारी की खोजबीन को लेकर पुलिस की टीम पूरे स्टेशन तथा अन्य ट्रेनों की तलाशी ले रही है। समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

मिली जानकारी के अनुसार, आरपीएफ पुलिस अभियान के तहत चंद्रपुरा स्टेशन से ट्रेन के अंदर जांच करते हुए गोमो आ रही थी। तभी तेलो स्टेशन के पास ट्रेन पहुंचने पर सीट पर बैठी महिला की गतिविधि को देख जवानों को शक हुआ। उसके बाद उक्त कार्रवाई की गई।

एसडीओ के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी बीके सहदेव के समक्ष गांजा से भरी ट्रॉली, पिठू बैग, झोला को खोला गया। जिसमें पौने चार लाख रुपये के 25 किलोग्राम गांजा भरा हुआ था। देर शाम कागजी कार्रवाई के बाद गांजा तथा महिला कारोबारी को रेल थाना की पुलिस को सौंप दिया गया।

आरोपी महिला मानीनी नायक, बुडरेंगी थाना मोहना ओडिशा की रहने वाली बताई जा रही है। उसने दंडाधिकारी तथा पुलिस की समक्ष कहा कि मैंने पहली बार यह काम किया है।

## उड़ीसा की रहने वाली है महिला

मुझे ओडिशा से बिहार के डेहरी आनसोन तक गांजा पहुंचाने की एवज में आने जाने का किराया तथा पांच हजार रुपये मिलते हैं। मेरे घर की स्थिति काफी खराब है। मेरे तीन बच्चे हैं, पति पहले ही मुझे छोड़ चुका है। जिस कारण यह काम करने को मजबूर हूं। यह कहकर वह रोने लगी।

मालूम हो कि मंगलवार की रात हावड़ा नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से भारी मात्रा में गांजा पकड़ा गया था। छापेमारी टीम में आरपीएफ सब इंस्पेक्टर राधा कुमारी, साकिब आलम, आलोक आनंद तथा एएसआई प्रभात सिंह, बिनोद सिंह, प्रधान आरक्षी अमित कुमार आदि शामिल थे।

# रामदास बेदिया को राष्ट्रपति भवन में डिनर का न्योता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची** । रांची जिला के अनगड़ा प्रखंड में रहने वाले रामदास बेदिया को राष्ट्रपति भवन में डिनर करने के लिए न्योता मिला है। रामदास बेदिया एक साधारण किसान हैं।

उन्हें यह सम्मान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धारित समय से पहले आवास निर्माण करने के लिए मिला है। जहां सैकड़ों लोग पूरी राशि लेने के बाद भी आवास निर्माण पूरा नहीं कर रहे हैं, वहीं उसने मिसाल पेश किया है।

डाक विभाग के रांची डाक मंडल के वरिष्ठ डाक अधीक्षक रूपम कुमार सिन्हा ने बताया कि रामदास बेदिया न सिर्फ राष्ट्रपति भवन में डिनर करेंगे, बल्कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी शामिल होंगे।

राष्ट्रपति भवन से निमंत्रण मिलने पर अनगड़ा के बीसा गांव के निवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं काफी संख्या में लोग रामदास बेदिया के घर पहुंचकर उसे बधाई दे रहे हैं।

बीसा के पूर्व मुखिया सुषमा बड़ाईक ने बताया कि रामदास बेदिया को राष्ट्रपति द्वारा सम्मान मिलना पूरे प्रखंड के लिए गर्व की बात है। वहीं यह सूचना डाक विभाग की टीम द्वारा रामदास बेदिया को दी गई।

# एनसीओआरडी की बैठक में जागरुकता पर दिया गया बल

## मादक पदार्थों के नियंत्रण को ले विस्तार से की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी**। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त, आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गई एफआईआर, एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी दी गई। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी एवं सभी संबंधित अधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

बैठक में थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया गया। साथ हीं विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।



उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अफीम, ब्राउन शुगर समेत अन्य मादक पदार्थों को लेकर आवश्यक रूप से सघन छापामारी अभियान चलाया जाए, साथ ही मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री करने वाले दोषियों के विरुद्ध भी त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। मादक पदार्थों के परिवहन पर भी विशेष निगरानी रखी जाए। उपायुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों पर पूर्णतया विराम लगाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, एनसीओआरडी के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मासूम से गैंगरेप मामले में दो लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुमारडुंगी**। पश्चिम सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना में चार नहीं पांच लोग शामिल थे। मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के बाद यह खुलासा हुआ है। पुलिस ने गुरुवार को दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, एक आरोपित ने न्यायालय में समर्पण किया है। गिरफ्तार आरोपितों में आंगरडीहा गांव निवासी 22 वर्षीय राजेन्द्र गोप उर्फ राज एवं मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़बिल गांव निवासी 20 वर्षीय ब्रजमोहन बिरुवा उर्फ सोदा शामिल है।

राजेन्द्र गोप उर्फ राज को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। उसी के द्वारा पांचवें आरोपित ब्रजमोहन बिरुवा की पहचान की गई। उसे बुधवार की रात को गांव में छापामारी कर घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया।

दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## एक ने किया आत्मसमर्पण

वहीं, एक आरोपित आंगरडीहा गांव निवासी डुर्सु सिंकु ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है ।स्थानीय थाना प्रभारी विनोद पासवान ने बताया कि मझगांव थाना क्षेत्र के बेनीसागर से मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया गया है।

इधर, परिजनों ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के कारण बच्ची का स्वास्थ्य बिगड़ गया था। पूरे शरीर में भयंकर दर्द था। अस्पताल में जांच के बाद हुए उपचार से आराम मिल गया है। वर्तमान में वह घर पर ही है।

घटना के बाद से काफी सहमी हुई है। बाहर निकलने से डर रही है। सामूहिक दुष्कर्म में शामिल दो आरोपित मुकेश सिंकू एवं लक्ष्मण पुरती अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

## लुइस सुआरेज और डी पॉल ने इंटर मियामी को लीग्स कप क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया



**फोर्ट लॉडरडेल, एजेंसी।** इंटर मियामी सीएफ ने टीम के तीसरे और अंतिम लीग कप 2025 चरण के एक मुकाबले में लीगा एमएक्स पुमास उनम पर 3-1 की जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। दिग्गज स्ट्राइकर लुइस सुआरेज की टीम की जीत में अहम भूमिका रही। सुआरेज ने एक गोल और दो असिस्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया। मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने क्लब के लिए अपना पहला गोल किया और तादेओ अलेंदे ने गोल किया।

उनम की तरफ से 34वें मिनट में जॉर्ज रुवाल्काबा ने एकमात्र गोल किया। यह मैच का पहला गोल था। इंटर मियामी की तरफ से पहला गोल 45वें मिनट में लगा। ये गोल डी पॉल ने लगाया। डी पॉल ने लुइस सुआरेज की लेफ्ट विंग से आई गेंद को सीने से रोका, फिर नीचे-दाएं कोने में एक बेहतरीन आउटसाइड-ऑफ-द-फुट फिनिश के साथ गोल किया। यह असिस्ट सुआरेज का टूर्नामेंट में पहला और 2025 में सभी प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर 14वां था। सुआरेज ने 59वें मिनट में पेनेंका के पेनल्टी स्पॉट पर किए गए गोल के साथ इंटर मियामी के लिए स्कोरलाइन पलट दी। इस गोल के साथ ही इस सीजन में की प्रतियोगिताओं में उनके गोलों की संख्या 10 हो गई। अलेंदे ने 69वें मिनट में इंटर मियामी के लिए तीसरा और निर्णायक गोल दागकर टीम की जीत पर मुहर लगा दी। इस गोल के लिए भी सुआरेज ने असिस्ट किया था। यह सीजन में अलेंदे का 11वां गोल था। सुआरेज का यह असिस्ट ऐतिहासिक रहा। इस असिस्ट के साथ उन्होंने क्लब के लिए एक सीजन में सर्वाधिक 15 असिस्ट के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। 3-1 के स्कोर के साथ इंटर मियामी ने लीग्स कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

### नेशनल बैंक ओपन:

## कनाडा की युवा खिलाड़ी मबोको फाइनल में पहुंचीं, रिबाकिना को हराया; अब ओसाका से सामना



**मॉन्ट्रियल, एजेंसी।** मबोको का सामना जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 (7) से हराया। 85वीं रैंकिंग की मबोको अपने पहले डब्ल्यूटीए टूर खिताब की तलाश में उतरेंगी। कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया मबोको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त एलिना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। 18 साल की मबोको ने रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 (4) से मात दी। मबोको ने तीसरे सेट में मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट टाईब्रेकर में पहुंचाया।

मबोको का सामना अब जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 (7) से हराया। 85वीं रैंकिंग की मबोको अपने पहले डब्ल्यूटीए टूर खिताब की तलाश में उतरेंगी। अगर मबोको खिताब जीतने में सफल रहीं तो वह ओपन एरा में घरेलू टूर्नामेंट जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी होंगी। कनाडा के लिए फेय अर्बन (1969) और बियांका आंद्रेस्कू (2019) में ऐसा कर चुकी हैं। मबोको ने कहा, अभूतपूर्व मैच। जिन्होंने मेरा समर्थन किया उन सभी को धन्यवाद। यह काफी कठिन मैच था, लेकिन सब कुछ संभव है।

### अंडर 22 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिपः

# नीरज, ईशान, यात्री और प्रिया फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक, एजेंसी।** नीरज (पुरुष, 75 किलोग्राम) और ईशान कटारिया (पुरुष, 90+ किलोग्राम), यात्री पटेल (महिला, 57 किलोग्राम), प्रिया (महिला, 60 किलोग्राम) ने बुधवार को बैंकॉक में अंडर-22 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में अपने-अपने भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। नीरज ने अपनी स्पीड और काउंटर अटैक का फायदा उठाते हुए दक्षिण कोरिया के क्योंघो बैंग को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद ईशान कटारिया भी फाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने अपने लंबे कद और दमदार मुक्कों के साथ चीन के चेन चेन पर दबदबा बनाया। आलम यह रहा कि चीनी मुक्केबाज को बुरी तरह पिटता देखकर रेफरी को तीसरे राउंड में मुकाबला रोकना पड़ा। यात्री पटेल फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनीं।



उन्होंने लेफ्ट-राइट पंच के कॉम्बिनेशन का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए वियतनाम की थी नुंग क्वांड को 57 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। कुछ मिनट बाद, प्रिया ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की ओडिनाखोन इस्मोइलोवा को शिकस्त देकर महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-19 और अंडर-22 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ हो रहा है। भारत ने इन दोनों आयु वर्गों में कुल 40 मुक्केबाजों को उतारा है, जिसमें घरेलू स्तर पर प्रभावित करने वाली युवा प्रतिभाओं और अनुभवी चैंपियंस का बेहतरीन संयोजन देखने को मिल रहा है। सेमीफाइनल में पहुंचे चार अन्य भारतीय मुक्केबाजों में रॉकी चौधरी दुर्भाग्यशाली रहे। उन्हें ईरान के सैम एस्ताकी के खिलाफ बाउट में दोनों भौहों पर कट लगा। इसके चलते रेफरी ने उन्हें दूसरे राउंड में मुकाबला जारी रखने की अनुमति नहीं दी। वहीं, हर्ष (60 किलोग्राम) और मयूर (90 किलोग्राम) ने अपने-अपने मुकाबलों में पूरा दमखम दिखाया, लेकिन जजों के विभाजित फैसले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हर्ष को उज्बेकिस्तान के शोहरूह अब्दुमालिकोव से 1-4 से हार मिली, जबकि मयूर को उसी देश के शखजोद पोल्वोनोव के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अन्य भारतीय मुक्केबाज अंकुश को कजाकिस्तान के सानझर-अली बेगालियेव के खिलाफ 0-5 से हार झेलनी पड़ी। हालांकि, यह चारों मुक्केबाज कांस्य पदक के साथ देश लौटेंगे।

भावना शर्मा अपनी क्वार्टरफाइनल की फॉर्म को दोहरा नहीं सकीं। उन्हें महिलाओं के 48 किलोग्राम भारवर्ग में उज्बेकिस्तान की रोबियाखोन बख्तियोरोवा से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। उनके अलावा पार्थवी ग्रेवाल (60 किलोग्राम), प्रांजल यादव (65 किलोग्राम) और श्रुति (75 किलोग्राम) भी अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हार गईं। उन्होंने कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता का समापन किया।

# शुभमन गिल आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नॉमिनेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामित किए गए हैं। इसमें जुलाई 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले तीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। नॉमिनेट किए गए खिलाड़ियों में गिल के अलावा, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर शामिल हैं। शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज में 75.40 की औसत के साथ 754 रन बनाए। बर्मिंघम में खेले गए मैच में उन्होंने 269 और 161 रन की पारी खेली थी। शुभमन गिल ने इस टेस्ट सीरीज 147, 8, 269, 161, 16, 6, 12, 103, 21 और 11 रन की पारी खेली।

कप्तान के रूप में अपनी पहली सीरीज खेलते हुए गिल ने स्थिरता और आक्रामक स्वभाव का मिश्रण दिखाया। फैंस उन्हें विराट कोहली का उत्तराधिकारी मान रहे हैं। उनकी कप्तानी में भारत ने पांच मुकाबलों की सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की।

वहीं, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने चार मुकाबलों की सात पारियों में 43.43 की औसत के साथ 304 रन बनाए। इसमें शतकीय पारी भी शामिल है। इसके साथ ही स्टोक्स ने पूरी सीरीज में 17 विकेट भी हासिल किए। बेन स्टोक्स ने लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। लॉर्ड्स में उनके ऑलराउंड प्रदर्शन ने इंग्लैंड को 22 रनों से रोमांचक जीत दिलाई। दूसरी ओर, मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में 265.5 की औसत से 531 रन बनाए। उन्होंने पहले टेस्ट की दूसरी इनिंग में 147 रनों की संयमित पारी खेली। मुल्डर ने बुलावायो में अपने करियर की सबसे बड़ी नाबाद 367 रनों की पारी खेली। यह दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट इतिहास में किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए 15.28 की औसत से सात विकेट लिए। ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

## धोनी ने सीएसके के साथ भविष्य पर बड़ा बयान दिया, यह चेन्नई के लिए अच्छा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य को लेकर काफी चर्चा हो रही है। आईपीएल 2025 के दौरान रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद धोनी ने एक बार फिर छ्स्य की कप्तानी संभाली, लेकिन पूरा सीजन धोनी के संन्यास की अफवाहों से भरा रहा। हालांकि खुद धोनी या फ्रैंचाइजी ने इस पर कुछ नहीं कहा। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज से एक बार फिर उनके सीएसके में भविष्य के बारे में पूछा गया और उन्होंने इसका स्पष्ट जवाब दिया। धोनी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मेरे पास फैसला करने के लिए बहुत समय है, लेकिन अगर आप पीली जर्सी में वापसी के बारे में पूछ रहे हैं, तो मैं हमेशा पीली जर्सी में ही रहूंगा, चाहे मैं खेलूं या नहीं, यह अलग बात है। मैं और छ्स्य हम साथ हैं। आप जानते हैं, अगले 15-20 सालों तक भी। मुझे उम्मीद है कि उन्हें नहीं लगता कि मैं अगले 15-20 साल और खेलूंगा।



धोनी 2008 में पहले आईपीएल सीजन से ही सीएसके का हिस्सा रहे हैं और उनकी कप्तानी में उन्होंने रिकॉर्ड 5 बार खिताब जीता है। धोनी ने टीम के साथ अपने रिश्ते और टीम व शहर के साथ अपने संबंधों के विकास के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में यह रिश्ता और मजबूत हुआ है। इसने मुझे एक व्यक्ति के रूप में बेहतर बनाने में मदद की। इसने मुझे एक क्रिकेटर के रूप में बेहतर बनाने में मदद की। सीएसके बस यूं ही बन गया। मुझे लगता है कि यह चेन्नई के लिए अच्छा है। इसलिए, आज यह मेरे लिए भी अच्छा है।

## वेस्टइंडीज ने वनडे सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया

### अल्जारी जोसेफ को आराम, शेफर्ड की वापसी; पाकिस्तान से पहला मैच 8 अगस्त को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इस बार तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को आराम दिया गया है, जबकि ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड की वनडे टीम में वापसी हुई है।

अल्जारी जोसेफ को इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में भी आराम दिया गया था। टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें लगातार ब्रेक दे रहा है। वहीं, रोमारियो शेफर्ड ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में वनडे मैच खेला था। इस साल इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह टीम का हिस्सा नहीं थे। वेस्टइंडीज की नजर 2027 वनडे वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन पर वेस्टइंडीज फिलहाल वनडे रैंकिंग में 10वें स्थान पर है और उनकी नजर 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए डायरेक्ट क्वालिफिकेशन हासिल करने पर है। टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा,पाकिस्तान एक अलग तरह की चुनौती है। उनके खिलाफ खेलने से हमें अहम रैंकिंग अंक मिल सकते हैं जो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए जरूरी हैं।

- **वेस्टइंडीज वनडे टीमः** शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रू, जेडियाह ब्लेड्स, कीसी कार्टी, रॉस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, आमिर जंगू, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, इविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड।

जेडियाह ब्लेड्स को टीम में किया गया है शामिल अल्जारी जोसेफ की जगह 23 वर्षीय लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज जेडियाह ब्लेड्स को मौका मिला है। ब्लेड्स ने अभी तक सिर्फ 1 वनडे और 4 टी-20 मैच खेले हैं और वे नई गेंद से स्विंग कराने में सक्षम हैं।

### लगा कंधा उखड़ जाएगा...

# क्रिस वोक्स ने बताई ओवल टेस्ट की पीड़ा

### बोले- शुभमन गिल की बात ने दिल जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पेसर क्रिस वोक्स ने भारत के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट के आखिरी दिन के बारे में खुलकर बात की. उन्होंने कंधे की गंभीर चोट के बावजूद बल्लेबाजी की थी. द गार्जियन से बातचीत में वोक्स ने उस पल में हुई तकलीफ और भावनाओं को साझा किया. उन्होंने बताया कि भारत के कप्तान शुभमन गिल ने उनकी हिम्मत की तारीफ की थी.

वोक्स ने बताया- पहला शॉट सबसे दर्दनाक था. मैंने सिर्फ कोडीन ली थी और कंधा बहुत दुख रहा था. फिर भी जब रन लेने की कोशिश की तो आदतन दौड़ पड़ा, जबकि हाथ बंधा हुआ था. उस वक्त सच में लगा कि कहीं कंधा फिर से बाहर न निकल गया हो. इसलिए आपने मुझे हेलमेट फेंकते, दांतों से ग्लव्स उतारते और कंधा चेक करते हुए देखा होगा.

आखिरी में एटकिन्सन बोल्ड हो गए और वोक्स को खेलने का मौका नहीं मिला. लेकिन फिर भी दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाईं, भारतीय टीम ने भी सम्मान दिखाया. मैच के बाद शुभमन गिल खुद वोक्स के पास आए. शुभमन गिल ने क्रिस वोक्स की बल्लेबाजी के बारे में क्या कहा? वोक्स ने कहा- शुभमन ने मुझसे कहा- ये बहुत बहादुरी भरा था. मैंने उसे जवाब दिया- तुम्हारी सीरीज शानदार रही, बहुत अच्छा खेला, और तुम्हारी टीम को भी क्रेडिट. वोक्स ने ये भी कहा कि अब भी बहुत निराश हूं कि वो फिनिश नहीं मिला जिसकी उम्मीद थी. लेकिन मैदान पर ना जाना कभी सोचा भी नहीं, चाहे जीत के लिए 100 रन भी बाकी होते. दर्शकों की तालियों ने अच्छा महसूस कराया और कुछ भारतीय खिलाड़ी भी सम्मान देने के लिए पास आए, लेकिन कोई और होता तो वो भी ऐसा ही करता. आप नौ विकेट पर मैच छोड़ नहीं सकते.



**वोक्स को ओवल टेस्ट में कैसे चोट लगी थी** - क्रिस वोक्स को पहले दिन फील्डिंग करते समय कंधे में चोट लगी थी और इसके बाद उन्होंने मैच में हिस्सा नहीं लिया. लेकिन जब इंग्लैंड के नौ विकेट गिर गए और जीत के लिए 17 रन चाहिए थे, तब वोक्स पट्टी बंधे कंधे के साथ मैदान पर उतरे. ओवल के दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया. वो गस एटकिंसन का साथ देने उतरे थे.

# क्या भारत की टी-20 टीम में केएल राहुल की होगी वापसी? 493 विकेट वाले पूर्व खिलाड़ी ने चयनकर्ताओं को लेकर कही बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम को अब टी20 क्रिकेट पर फोकस करना है। सितंबर में एशिया कप होना है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति जल्द ही इस टूर्नामेंट के लिए टीम का ऐलान करेगी। चयनकर्ताओं के लिए टीम का चयन आसान नहीं होने वाला है। भारत की टी20 टीम की बात करें तो बीते कुछ समय में शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ी भी टीम का हिस्सा नहीं रहे हैं। अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ियों ने मौके को दोनों हाथों से लपका है। एशिया कप से पहले शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर की वापसी की मांग तेज हो गई है। इस बीच भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डोडा गणेश ने गिल और श्रेयस के अलावा केएल राहुल की टी20 टीम में वापसी की मांग कर दी है। 493 विकेट वाले कर्नाटक के पूर्व खिलाड़ी ने कहा है कि भारत की टी20 टीम चुनने में चयनकर्ताओं को सिरदर्दी होने वाली है।



### 3 साल से भारत की टी20 टीम से बाहर

डोडा गणेश ने एक्स पर कहा, चयनकर्ताओं को श्रेयस अय्यर, गिल और केएल राहुल को टी20 टीम में शामिल करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। राहुल की बात करें तो वह लगभग 3 साल से भारत की टी20 टीम से बाहर हैं। वह टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद से इस फॉर्मेट में भारत के लिए नहीं खेले हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में वह आखिरी बार खेले थे।

### राहुल की वापसी मुश्किल

केएल राहुल के बगैर भारतीय टीम 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीत चुकी है। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और इशान किशन जैसे खिलाड़ी भी टीम से बाहर हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने मौके का भरपूर फायदा उठाया है। ऐसे में राहुल की टी20 टीम वापसी काफी मुश्किल है। भारतीय टीम जिस टैम्पलेट पर टी20 क्रिकेट खेल रही है उसमें दाएं हाथ का बल्लेबाज शायद ही फिट हो।

## श्रेयस अय्यर को मिलने वाली है खुशखबरी, सामने आई बड़ी खबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर आईपीएल के बाद से क्रिकेट के मैदान पर काफी कम दिखाई दिए हैं, अब खबरे हैं कि ये खिलाड़ी एशिया कप में नजर आएगा. रिपोर्ट्स हैं कि टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और चयनकर्ता श्रेयस अय्यर को टीम इंडिया में मौका दे सकते हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक अगस्त के तीसरे या चौथे हफ्ते में एशिया कप के लिए टीम इंडिया का चयन होगा, इसके साथ-साथ वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी टीम चुनी जाएगी और इन दोनों ही टीमों में श्रेयस अय्यर को मौका मिलने वाला है. श्रेयस अय्यर इसलिए एशिया कप और टेस्ट फॉर्मेट में वापसी के बड़े दावेदार हैं क्योंकि टीम को अनुभव की जरूरत है. अय्यर हैं तो तीस साल के लेकिन उन्होंने काफी ज्यादा क्रिकेट खेला है. उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट के प्रेशर का भी अनुभव है. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अय्यर एशिया कप में मिडिल ऑर्डर में खेलते दिख सकते हैं (



### श्रेयस अय्यर ने रन भी खूब बनाए हैं

श्रेयस अय्यर ने अपनी बैटिंग से भी सेलेक्टर्स को उन्हें चुनने के लिए मजबूर सा कर दिया है. इस खिलाड़ी ने आईपीएल 2025 में कमाल ही कर दिखाया. टूर्नामेंट में पंजाब किंग्स की कप्तानी करते हुए उन्होंने 175 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए. अय्यर की बैटिंग एवरेज भी 50 से ज्यादा की रही. उनकी कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल फाइनल तक पहुंची लेकिन खिताबी जंग में उसे आरसीबी से हार का सामना करना पड़ा.

## संक्षिप्त समाचार

### पति ने साधु के वेश में घर आकर की पत्नी की हथौड़े से हत्या, 10 साल से रह रहे थे अलग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के नेब सराय इलाके में 50 वर्षीय एक महिला की उसके अलग रह रहे पति ने हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी पति साधु के वेश में घर में आया था। मृतक महिला किरण झा एक केयरटेकर के रूप में काम करती थी। घरेलू हिंसा के कारण किरण पिछले 10 सालों से अपने पति से अलग रह रही थी। पुलिस ने बुधवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी प्रमोद झा उर्फ पप्पू (60) ने बुधवार तड़के अपनी पत्नी किरण झा पर उनके घर के अंदर हमला किया। पुलिस ने इसे प्री प्लान्ड अटैक बताया है। डीसीपी (साउथ) अंकित चौहान ने बताया कि किरण को उसकी बहू ने सुबह करीब 4 बजे खून से लथपथ पाया। डीसीपी ने कहा कि आरोपी अपनी पत्नी से लगभग एक दशक से अलग रह रहा था और 1 अगस्त को ही बिहार के मुंगेर जिले में स्थित अपने पैतृक गांव से दिल्ली आया था। बताया जा रहा है कि उसने अपने परिवारवालों को गुमराह करने और घर में घुसने के लिए साधु का वेश धारण किया था। अधिकारी ने बताया कि मृतका किरण झा अपने बेटे दुर्गेश, बहू कमल झा और पोती के साथ नेब सराय में रहती थी। दुर्गेश बिहार के दरभंगा में एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी में काम करता है। डीसीपी ने बातया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी के पास आय का कोई साधन नहीं था और उसने अपनी पैतृक संपत्ति भी बेच दी थी।

### दिल्ली में महिला फिजियोथेरेपिस्ट से दुष्कर्म, इलाज के बहाने बुलाकर लूटी आबरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली समयपुर बादली थाना क्षेत्र में सोमवार को महिला फिजियोथेरेपिस्ट से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने उसे फिजियोथेरेपी के बहाने धोखे से बुलाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने महिला का शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 39 वर्षीय रंजना (परिवर्तित नाम) पति के साथ समयपुर बादली इलाके में रहती है। रंजना घरों में मरीजों की फिजियोथेरेपी करती है। पीड़िता ने बताया कि उसे 31 जुलाई को रोहिणी सेक्टर-16 में रिश्तेदार के घर पूजा में जाना था। उसने रैपिडो बाइक बुक की। रास्ते में बाइक कैब ड्राइवर ने उससे उसके काम के बारे में पूछा। पीड़िता ने जब बताया कि वह फिजियोथेरेपिस्ट है तो उस युवक ने कहा कि वह तीन-चार लोगों को जानता है, जिन्हें फिजियोथेरेपी की जरूरत पड़ती है। साथ ही यह भी बताया कि इसके एवज में उसे अच्छे पैसे भी मिलेंगे। इसके बाद कैब चालक ने पीड़िता से उसका फोन नंबर ले लिया। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार शाम को कैब चालक ने दोबारा उसे फोन कर साथ चलने के लिए कहा। कैब चालक पीड़िता को झुग्गी की तरह के इलाके में ले गया। वहां एक शख्स कमरे में बैठा था। पीड़िता ने बताया कि उस शख्स ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को रोहिणी इलाके में छुड़वा दिया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने रविवार को परिजन को घटना की जानकारी दी।

### शोर मचाने की ऐसी सख्त सजा, टीचर ने बुरी तरह पीटकर बच्चे का कंधा ही तोड़ दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी विद्यालय में कक्षा तीन में पढ़ने वाले छात्र को क्लास में 15 दिन पहले शोर मचाना भारी पड़ गया। आरोप है कि शिक्षिका ने गुस्से में आकर छात्र को डंडे से पीटा। कंधे पर डंडा लगने से हड्डी में फैक्चर हो गया। जांच रिपोर्ट के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की है। जिला इटावा के रहने वाले सचिन रॉय पिछले कई वर्षों से सदरपुर कॉलोनी स्थित एक घर में किराए पर परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी सविता ने बताया कि उनके दो बच्चे कांशीराम कॉलोनी के निकट परिषदीय विद्यालय में पढ़ते हैं। पीयूष कक्षा तीन में और अनमोल कक्षा दो में पढ़ता है। उन्होंने बताया कि जुलाई के आखिरी सप्ताह में पीयूष ने अचानक स्कूल जाने से इन्कार कर दिया। कारण पूछने पर कुछ नहीं बताया। उसने हाथ और कंधे में दर्द होने की शिकायत की। वह नजदीकी डॉक्टर के पास लेकर गए। एक्सरे कराने और उपचार कराने की सलाह दी। तभी घर पर अनमोल ने उन्हें बताया कि क्लास में शोर मचाने पर पीयूष को शिक्षिका ने डंडे से पीटा था। तब जाकर पीयूष ने दर्द से कराते हुए बताया कि घटना 21 जुलाई की है। 30 जुलाई को बाल चिकित्सालय में एक्सरे कराने पर कंधे में फैक्चर आया।

# कहानी दिल्ली-एनसीआर के पहले शॉपिंग मॉल की, जो कभी थी शहर की रौनक

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नब्बे के दशक के अंत और 2000 की शुरुआत में दिल्ली का अंसल प्लाजा सिर्फ एक मॉल नहीं था, बल्कि एक सपना था। साउथ दिल्ली के बीचों-बीच बसा यह अर्ध-गोलाकार मॉल उस दौर में आधुनिकता की मिसाल था। परिवार, दोस्त, और प्रेमी जोडे यहां न सिर्फ खरीदारी के लिए आते थे, बल्कि यहां का हर पल उत्सव जैसा होता था। मैकडॉनल्ड्स की कतारें, प्लैनेट एम में कैसेट्स की खोज और बच्चों का खुली हवा में खेलना... यह सब अंसल प्लाजा को दिल्ली की शान बनाता था।

लेकिन आज यह मॉल अपनी पुरानी रौनक खो चुका है। टूटी-फूटी एस्केलेटर और छत से टपकता पानी इसकी बदहाली की कहानी बयां कर रहा था। गलियारों में सन्नाटा पसरा था और कुछ कॉलेज के छात्र ही इधर-उधर भटकते नजर आए, जो शायद एक खुला कैफे या शांत कोना ढूंढ रहे थे। सफदरजंग एन्क्लेव की रहने वाली रचना तिवारी कहती हैं, पहले हम घंटों यहां बिताते थे। मेरे पति प्लैनेट एम में कैसेट्स देखते, बच्चे बाहर खेलते, और फिर हम सब मैकडॉनल्ड्स में साथ बैठते। अब तो यह मॉल भूतहा सा लगता है।

1999 में बना अंसल प्लाजा दिल्ली में मॉल संस्कृति की शुरुआत थी। इसका एम्फीथिएटर कॉन्सर्ट्स का गवाह बना, कांच का लिफ्ट बच्चों के लिए आश्चर्य था और मार्क्स एंड स्पेंसर, पिज्जा हट जैसे



ब्रांड्स ने इसे पूरे शहर के लिए वीकेंड का पसंदीदा ठिकाना बना दिया। तिवारी याद करती हैं, मेरे बेटे को कांच की लिफ्ट में ऊपर-नीचे जाना बहुत पसंद था। उस समय यह अनोखा था। 2016 में अंसल प्रॉपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने मॉल को फिर से जिंदा करने के लिए 10 करोड रुपये से ज्यादा का निवेश किया। नए रूफटॉप रेस्तरां, पार्किंग का विस्तार और डेकाथलॉन जैसे 16 नए ब्रांड्स लाने की योजना थी। एक मल्टीप्लेक्स का विचार भी आया, लेकिन वह परवान नहीं चढा। थोडे समय के लिए भीड फिर लौटी, लेकिन खराब प्रबंधन, अनियमित दुकानों का मिश्रण, और कोविड-19 ने सारी कोशिशों पर पानी फेर दिया। राहुल राठौर, जो रूफटॉप बार लिमिटलेस में काम करते हैं, कहते हैं, शुरुआत में कुछ हलचल थी, लोग रील्स बनाने आते थे। लेकिन मॉल को और बेहतर खाने-पीने और खरीदारी के विकल्प चाहिए थे।

आज मॉल की हालत ऐसी है कि पार्किंग में असुरक्षा का माहौल है। राठौर बताते हैं, महिलाएं कहती हैं कि रात में पार्किंग सुरक्षित नहीं। कुछ महीने पहले एक कर्मचारी की बाइक चोरी हो गई। एसी कभी काम नहीं करता और छत से पानी टपकता रहता है। डेकाथलॉन के पिछले साल चले जाने से मॉल को और झटका लगा। कुछ नए स्टोर, जैसे दो महीने पहले खुला 'द गेम पलासियो', उम्मीद की किरण जगाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके मैनेजर भास्कर जीना कहते हैं, हफ्ते के दिन कुछ ही ग्राहक आते हैं, लेकिन वीकेंड पर 100 तक लोग आ जाते हैं। फिर भी, ज्यादातर दुकानें बंद पडी हैं और रखरखाव की कमी साफ झलकती है।

# एल्विश यादव को पकड़ने में नोएडा पुलिस को लगे थे 136 दिन, पूछताछ में खुद को बताया था निर्दोष

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने एल्विश के खिलाफ सांप के जहर मामले में अधीनस्थ अदालत में जारी कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी है। यूट्यूबर को सांपों के जहर की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार करने के लिए नोएडा पुलिस को 136 दिन लगे थे। 3 नवंबर 2023 को नामजद एफआईआर दर्ज होने के बावजूद पुलिस एल्विश यादव को गिरफ्तार करने से बच रही थी। पुलिस को डर था कि कहीं अधूरे साक्ष्यों के साथ एल्विश को गिरफ्तार करना महंगा न पड़ जाए।

सेक्टर-51 में सांपों और सर्पविष के साथ पांच आरोपी पकड़े गए थे। पांचों आरोपियों को जेल भेने के बाद नोएडा पुलिस पर एल्विश यादव को गिरफ्तार करने का दबाव था। लोग आरोप लगा रहे थे कि एल्विश के सिर पर राजनीतिक दलों का हाथ है, इसलिए पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। आरोपों को बल तब मिला जब मुकदमा दर्ज होने चंद दिन बाद ही राजस्थान के कोटा में पुलिस ने एल्विश को चेकिंग के दौरान रोक लिया। साथ ही नोएडा पुलिस को सूचना दी, लेकिन नोएडा पुलिस की ओर से एल्विश के वांछित न होने की बात कही गई। जिसके बाद एल्विश को कोटा पुलिस ने जाने दिया। हालांकि, इसके बाद सेक्टर-49 थाने के तत्कालीन प्रभारी संदीप चौधरी को हटा दिया गया। साथ ही केस की जांच को सेक्टर-49 थाने से ट्रांसफर करते हुए सेक्टर-20 थाने में कर दी। पुलिस ने कुछ दिन बाद एल्विश को पूछताछ के लिए नोएडा



बुलाया। एल्विश से पुलिस ने पूछताछ की और जाने दिया। इसके बाद पुलिस ने मार्च 2024 में एल्विश को पूछताछ के लिए बुलाया और गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया। पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए तस्करों से शीशी में बरामद 20 एमएल सर्पविष को जांच के लिए जयपुर स्थित फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा था। रिपोर्ट में पता चला था कि बरामद सर्पविष कोबरा की करैत प्रजाति के सांपों का था। साथ ही बरामद सांप का मेडिकल परीक्षण वन विभाग से कराया गया था तो यह सामने आया था कि सांपों की विषग्रंथि निकाली जा चुकी थीं। इसके बाद सपेरों को रिमांड पर लेकर पुलिस ने फरीदाबाद से दो कोबरा बरामद किए थे। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2024 में एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने अध्ययन किया था। एफएसल रिपोर्ट और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अध्ययन के बाद कई ऐसे तथ्य निकलकर सामने आए, जिन्होंने एल्विश की मुश्किलें बढ़ाई।

**पूछताछ में खुद को बताया था निर्दोषः** पुलिस ने नवंबर 2023 में नोटिस जारी कर एल्विस यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। कुछ घंटे पूछताछ के बाद एल्विस को जाने दिया। एल्विस ने खुद को निर्दोष बताया था और पुलिस को जांच में सहयोग करने का आश्वासन दिया था। हालांकि पूछताछ से पहले एल्विस ने एक वीडियो जारी किया था। एल्विस ने यूपी पुलिस, प्रशासन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया था कि अगर एक प्रतिशत भी गलती निकली तो वह जिम्मेदारी लेने को तैयार है।

# ब्लू टिक और फॉलोअर बढ़ाने के नाम पर ठग रहे जालसाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
साइबर अपराधी माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर ब्लू टिक दिलाने और सोशल मीडिया अकाउंट्स पर फॉलोअर बढ़ाने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। गाजियाबाद में भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। ठगी की रकम कम होने के चलते लोग शिकायत नहीं कर रहे। इसे लेकर पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है।

साइबर विशेषज्ञों के मुताबिक, रील बनाने का सिलसिला काफी समय से चला आ रहा है, लेकिन कोरोना काल के बाद से रील बनाना लोगों की आदत में शुमार हो गया है। हर उम्र के लोग सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर अपने फॉलोअर्स बढ़ाने और अपनी रील के व्यूज बढ़ाने की जद्दोजहद में जुटे हैं। साइबर अपराधियों ने लोगों की इस लत का फायदा उठाकर ठगी का जाल फैला दिया है। साइबर अपराधी लोगों को एकमुश्त रकम के बदले 'एक्स' पर स्थायी ब्लू टिक दिलाने और फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर फॉलोअर्स की अच्छा खासी संख्या बढ़ाने का दावा कर रहे हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, साइबर अपराधी सोशल प्लेटफार्म पर प्रसिद्धि पाने वाले तथा रील बनाने वाले लोगों को निशाना बनाकर उनसे रकम ऐंठ रहे हैं। साइबर विशेषज्ञों के मुताबिक लोगों को झांसे में लेने




के लिए साइबर अपराधी खुद को हैकर बताते हैं और फॉलोअर्स बढ़ाने की प्रक्रिया को अकाउंट हैकिंग सर्विस का नाम दे रहे हैं। जालसाज दावा करते हैं कि उनके पास सोशल प्लैटफॉर्म के सिस्टम को हैक करने का फॉर्मूला है, जिसके जरिये वह किसी भी इंस्टाग्राम या फेसबुक अकाउंट के फॉलोअर्स बढ़ा सकते हैं। गौर करने वाली बात यह है कि साइबर अपराधी इस काम के बदले में अधिक रकम नहीं लेते, जिसके चलते लोग झांसे में आ जाते हैं और रकम ट्रांसफर कर देते हैं। अकाउंट हैकिंग सर्विस के अलावा सोशल मीडिया सर्विस के नाम से भी जालसाज धोखाधड़ी कर रहे हैं। वह महज 799 रुपये में फेसबुक, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट अकाउंट हैक करने का दावा कर रहे हैं, जबकि वॉट्सऐप हैक करने के बदले में 850 रुपये मांग रहे हैं। राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले बीटेक के छात्र विभु सिंघल ने इंस्टाग्राम पर 10 लाख फॉलोअर्स करने के नाम पर 35 हजार रुपये गंवा दिए। जालसाजों ने शुरुआत में साढ़े तीन हजार रुपये ट्रांसफर कराए। इसके बाद भी फॉलोअर्स न बढ़ने पर ठगों ने प्रक्रिया बताते हुए और रकम ट्रांसफर करा ली। वहीं, कविनगर बी-ब्लॉक में रहने वाले सिद्धार्थ शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक लाख फॉलोअर्स बढ़ाने के चक्कर में पहले डेढ़ हजार रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद जालसाजों ने छह हजार रुपये और ट्रांसफर कराए। इसके बाद भी फॉलोअर्स नहीं बढ़े तो पीड़ित को ठगी का पता चला। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि ब्लू टिक या फॉलोअर्स बढ़ाने के चक्कर में लोग न सिर्फ रकम गवां सकते हैं, बल्कि विज्ञापन में दिए लिंक को क्लिक करके वह मोबाइल का एक्सेस ठगों के हाथ में पहुंचा सकते हैं। इसके बाद जालसाज मोबाइल के डेटा का दुरुपयोग कर खाता खाली कर सकते हैं।

# दबाव के आगे झुका रूस? वाइट हाउस का दावा, जंग खत्म करने के लिए ट्रंप से मिलना चाहते हैं पुतिन

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।**
रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की वजह से वैश्विक राजनीति में लगातार उथल-पुथल मची हुई है। बुधवार को वाइट हाउस की तरफ से दावा किया कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने युद्ध को खत्म करवाने के लिए जल्द से जल्द अपने अमेरिकी समकक्ष से मिलने की इच्छा जताई है। अमेरिका भी इस मुलाकात के लिए पहले से ही तैयार है। ऐसे में इन दोनों राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात जल्द ही हो सकती है। यह बयान उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है, जिनमें कहा जा रहा था कि ट्रंप अगले हफ्ते ही अपने रूसी और यूक्रेनी समकक्ष से मिल सकते हैं। उनकी इस मुलाकात में एक नए सिरे से युद्ध को खत्म करने की शुरुआत होगी।

इन तीनों राष्ट्र प्रमुखों की अगली मुलाकात के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब वाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लैविट ने दिया। उन्होंने



कहा,रूसियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने की इच्छा जताई है... और राष्ट्रपति ट्रंप पुतिन और जेलेंस्की दोनों से मिलने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा एएफपी ने एक वरिष्ठ यूक्रेनी सूत्र के हवाले से कहा है अमेरिकी दूत विटकॉफ की मॉस्को यात्रा के बाद ट्रंप की जेलेंस्की से फोन पर बात हुई। इस बातचीत में दोनों नेताओं के अलावा नाटो प्रमुख, ब्रिटेन, जर्मनी और फिनलैंड के नेता शामिल थे। इस फोन कॉल के दौरान तीनों नेताओं की जल्द से जल्द मुलाकात की संभावना पर भी चर्चा की गई।

इससे अलग न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस जंग को खत्म करने की एक और कोशिश करने के लिए ट्रंप इस हफ्ते के आखिर तक राष्ट्रपति पुतिन से मिलने और इसके ठीक बाद वह दोनों नेताओं से एक साथ मिलने की योजना बना रहे हैं। हालांकि अभी तक यूक्रेनी या नाटो अधिकारियों ने इस मीटिंग की पुष्टि नहीं की है।

गौरतलब है कि तीनों नेताओं के बीच यह मुलाकात के कयास अमेरिकी दूत विटकॉफ की मॉस्को यात्रा के बाद से लगाए जा रहे हैं। बुधवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूत विटकॉफ और पुतिन के बीच हुई इस बातचीत को बेहतर बताया था। आपको बता दें कि ट्रंप और पुतिन के बीच होने वाली यह मुलाकात भारत के लिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है। क्योंकि कल ही राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के ऊपर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इस बढ़े हुए टैरिफ की वजह से अब अमेरिका पहुंचने वाली भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 50 फीसदी तक पहुंच गया है।

# रूस-अमेरिका परमाणु संतुलन पर खतरा! परमाणु संधियां टूटीं और भरोसा टूटा, अंतिम कड़ी 'न्यू स्टार्ट' भी तोड़ रही दम

**वाशिंगटन, एजेंसी।** कभी परमाणु हथियारों की दौड़ पर नियंत्रण के लिए अमेरिका और सोवियत संघ (अब रूस) के बीच कई ऐतिहासिक संधियाँ हुईं, लेकिन अब वे लगभग समाप्त हो चुकी हैं। वर्तमान में 'न्यू स्टार्ट' इकलौती संधि है जो दोनों देशों के बीच परमाणु हथियार नियंत्रण को लेकर बची है, और वह भी 2026 में समाप्त होने वाली है।1987 में की गई इंटरमीडिएट रेंज न्यूक्लियर फोर्सेज (ढ्ढहस्न संधि, जो 500 से 5,500 किमी तक की परमाणु मिसाइलों पर रोक लगाती थी, पहले अमेरिका (2019) और फिर अब रूस द्वारा छोड़ दी गई है। अमेरिका ने रूस पर संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया था, वहीं रूस ने इसे नकारा और अब औपचारिक रूप से इससे बाहर निकल चुका है।

'न्यू स्टार्ट' संधि जिस पर 2010 में हस्ताक्षर हुए थे, केवल 2026 तक लागू है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने इस संधि में अपनी भागीदारी ÷स्थगित÷ कर दी है, जिससे निरीक्षण प्रक्रिया बाधित हो गई है। हालांकि, रूस का कहना है कि वह अब भी निर्धारित सीमाओं का पालन करेगा।विशेषज्ञों का मानना है कि अब अमेरिका-रूस के बीच कोई नई परमाणु संधि जल्द होती नहीं दिखती, क्योंकि आपसी विश्वास पूरी तरह खत्म हो चुका है। अमेरिका अब अपने रणनीतिक ध्यान को चीन और ईरान जैसे अन्य देशों की ओर मोड़ रहा है। अमेरिका यह भी मानता है कि पूर्ववर्ती परमाणु संधियाँ जैसे ढ्ढहस्न, चीन जैसी शक्तियों को शामिल नहीं करतीं, जबकि आज के परिप्रेक्ष्य में चीन एक प्रमुख परमाणु शक्ति बन चुका है। इससे नई हथियार दौड़ की संभावना और बढ़ गई है।

# अमेरिका के जॉर्जिया में सैन्य अड्डे में घुसा हमलावर, पांच सैनिकों को मारी गोली; बेस किया गया सीज

**त्बिलिसी, एजेंसी।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में स्थित फोर्ट स्टीवर्ट आर्मी बेस में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक सक्रिय शूटर (हमलावर) की सूचना के बाद बेस के कई हिस्सों को सीज कर दिया गया। इस घटने के दौरान पांच सैनिकों को हमलावर ने अपनी गोली का निशाना बनाया। अमेरिकी समाचार एजेंसी एपी को फोर्ट स्टीवर्ट के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एंजेल टॉमको ने बताया कि मौके पर गोलीबारी की पुष्टि हुई है और स्थिति को लगातार मॉनिटर किया जा रहा है। फोर्ट स्टीवर्ट ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा कि कई हताहतों की खबर है और स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं आई है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ये हताहत केवल घायल हैं या किसी की मौत भी हुई है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि स्थिति को गंभीरता से लिया गया है और हरसंभव सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। आर्मी बेस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह अलर्ट जारी किया गया है कि सभी लोग तत्काल अपने-अपने स्थानों पर रहें, खिड़कियां और दरवाजे बंद कर लें और जब तक अगला निर्देश न मिले, बाहर न निकलें। पूरी चौकसी के साथ आर्मी पुलिस और अन्य एजेंसियां हमलावर की तलाश में जुटी हुई हैं।

# घाना में हेलिकॉप्टर क्रैश, रक्षा और पर्यावरण मंत्रियों समेत आठ की मौत

**अकारा, एजेंसी।**
घाना में एक सैन्य हेलिकॉप्टर हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमाने बोआमाह और पर्यावरण, विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री इब्राहिम मुर्तला मुहम्मद भी शामिल थे। इसमें तीन अन्य अधिकारी और तीन वायुसेना कर्मी भी शामिल थे।

घाना सशस्त्र बलों के अनुसार, जेड9 हेलिकॉप्टर बुधवार सुबह राजधानी अकारा से ओबुआसी के लिए रवाना हुआ, लेकिन रडार से संपर्क टूट गया। घाना के राष्ट्रपति व सरकार ने शोक संवेदना व्यक्त की है। राज्य मीडिया के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त जेड-9 हेलीकॉप्टर एक यूटिलिटी




हेलिकॉप्टर था। जिसका उपयोग आमतौर पर परिवहन और चिकित्सा निकासी के लिए किया जाता है।

राष्ट्रपति जॉन माहामा के चीफ ऑफ स्टाफ जूलियस डेबराह ने बताया कि हादसा दक्षिणी अशांति नाम की जगह पर हुआ। उन्होंने इसे राष्ट्रीय त्रासदी बताया। राष्ट्रपति जॉन महामा के चीफ ऑफ स्टाफ जूलियस डेबरा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- राष्ट्रपति और सरकार इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले हमारे साथियों के परिवारों के लिए अपनी संवेदना जाहिर करती है। अगली सूचना तक देशभर में झंडे आधे झुकाए जाएंगे।

बुधवार की यह दुर्घटना पिछले एक दशक से अधिक समय में घाना की सबसे भीषण विमान दुर्घटनाओं में से एक मानी जा रही है। मई 2014 में एक सेवा हेलीकॉप्टर समुद्र तट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई थी। 2021 में अकारा में एक मालवाहक विमान रनवे से फिसलकर एक यात्रियों से भरी एक बस से टकरा गया था। जिससे कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई थी।

**देशभर में झंडे आधे झुकाए जाएंगेः** राष्ट्रपति जॉन महामा के चीफ ऑफ स्टाफ जूलियस डेबरा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- राष्ट्रपति और सरकार इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले हमारे साथियों के परिवारों के लिए अपनी संवेदना जाहिर करती है।अगली सूचना तक देशभर में झंडे आधे झुकाए जाएंगे। घाना की सेना के मुताबिक, हेलिकॉप्टर बुधवार सुबह राजधानी अकरा से उड़ान भरने के बाद रडार से गायब हो गया था। हादसे की वजहों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

**हादसे की जांच शुरूः** हेलिकॉप्टर में सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल डेमोक्रेटिक कांग्रेस के उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी सवार थे। घाना सरकार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा देश के लिए एक बड़ा झटका है। दुर्घटना का शिकार हुआ हेलिकॉप्टर एक जेड-9 यूटिलिटी हेलिकॉप्टर था, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर ट्रांसपोर्ट और मेडिकल सुविधा के लिए किया जाता है। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है और सरकार ने पीड़ित परिवारों के लिए संवेदना जताई है।

# जिला स्तरीय योजनाओं की डीडीसी ने की समीक्षा

## कृषि, आत्मा, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान, भू-संरक्षण एवं सांख्यिकी विभाग की समीक्षा, दिया जरूरी दिशा-निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्रीमती शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कृषि, आत्मा, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान, भू-संरक्षण एवं सांख्यिकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर लक्ष्य की पूर्ति हेतु आवश्यक रणनीति तय करना था।

**प्रमुख विभागों की समीक्षा एवं दिशा-निर्देश निम्न हैं :-**

**कृषि विभागः योजनाओं की विस्तृत प्रस्तुति**

जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आत्मा योजना, बीज वितरण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, झारखंड मिलेट मिशन, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना, आच्छादन योजना एवं किसान समृद्धि योजना की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की गई।

**झारखंड मिलेट मिशनः किसानों का शीघ्र पंजीकरण कराने का दिया निर्देश**

सॉयल हेल्थ कार्ड योजनाः लिए गए मृदा नमूनों को तुरंत केवीके, पेटरवार को प्रेषित करने का निर्देश दिया। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित करने पर जोर।

**भू-संरक्षण विभागः मिनी ट्रैक्टर योजना में तेजी लाने के निर्देश**

जिला भू-संरक्षण पदाधिकारी को मिनी ट्रैक्टर वितरण योजना के अंतर्गत अधिकतम किसानों के आवेदन 20 अगस्त 2025 तक सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। किसानों तक योजना की जानकारी पहुंचाने और आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने को कहा।

**सहकारिता विभागः पैक्स गोदाम निर्माण और भूमि आवंटन को लेकर दिया निर्देश**

पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समिति) के अंतर्गत कार्यालय सह गोदाम निर्माण के लिए प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि आवंटन हेतु पत्र निर्गत करें। विवादित भूमि मामलों में अनुमंडल पदाधिकारी स्तर से समाधान प्रारंभ करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

**फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) - खरीफ 2025: लक्ष्यों की पूर्ति करें**

योजना के अंतर्गत 14 अगस्त 2025 तक किसानों का पंजीकरण पूर्ण कराना अनिवार्य है। अब तक की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारण, नियमित मॉनिटरिंग और पंजीकरण प्रक्रिया में तीव्रता लाने के निर्देश दिए गए।

**उद्यान विभागः मधुमक्खी पालन योजना का क्लस्टर स्तर पर संचालन**

जिला उद्यान पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि मधुमक्खी पालन योजना को जेएसएलपीएस के माध्यम से क्लस्टर स्तर पर चिन्हित कर क्रियान्वित किया जाए। योजना के तहत स्थानीय महिलाओं एवं युवा समूहों को भी जोड़ने का सुझाव। विभागीय प्रगति की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के मुकाबले उपलब्धि में अंतर पर चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने तेजी से क्रियान्वयन कर वास्तविक आंकड़ों को अद्यतन करने के निर्देश दिए।

**गव्या विकास विभागः डेयरी प्लांट प्रस्ताव पर कार्रवाई शीघ्र करें**

गव्या विकास विभाग की धीमी प्रगति पर उप विकास आयुक्त ने असंतोष जताया।विशेष रूप से डेयरी प्लांट प्रस्ताव को पीएमयू सेल के सहयोग से एक सप्ताह के भीतर तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी को प्रत्येक सूचकांक को ट्रैक करने तथा योजनाओं के अंतर्गत मशीनरी स्थापना की प्रगति शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के समापन पर उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य की समयबद्ध पूर्ति हेतु विभाग गंभीरता से कार्य करें। नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। योजनाओं की क्रियान्वयन में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुँचाना हमारा दायित्व है, और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जैन मिलन बोकारो के संस्थापक सचिव प्रकाश भारतीय सम्मानित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जैन मिलन, बोकारो के संस्थापक सचिव प्रकाश भारतीय को संस्था के निर्माण एवं विकास में उनके दीर्घकालीन योगदान, दूर दृष्टि और मार्गदर्शनके लिए एक सादे समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के दुर्ग शहर में आयोजित एक सादे समारोह में प्रदान किया गया।जहां जैन मिलन बोकारो के अध्यक्ष संजय बैद ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर संस्था की ओर से सम्मानित किया।इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरोज भारतीय भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर संजय बैद ने कहा कि हम ऐसे व्यक्तित्व को सम्मानित कर गर्व अनुभव कर रहे हैं जिनकी दूर दृष्टि, परिश्रम और निष्ठा के कारण जैन मिलन आज सशक्त स्वरूप में खड़ा है। संस्था के संपत मल बैद ने कहा की श्री प्रकाश भारतीय ने हमेशा संस्थागत मुल्यों को स्थापित किया एवं नये सदस्यों को हमेशा प्रेरित किया। जैन मिलन के सचिव आलोक जैन ने कहा की प्रारंभिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने संस्था कि मजबूत नींव रखी और उसे निरंतर आगे बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकित बैद का विशेष योगदान रहा। मदनलाल डागा,डॉ महेंद्र जैन, के के जैन, पन्नालाल ओसवाल, बजरंग लाल चौरड़िया,किरण बाल्टियां, विमल रामपुरिया, काकू भाई सेठ ने सम्मानित होने पर प्रकाश भारतीय को हार्दिक बधाई दी एवं उनके प्रेरणादायक योगदान की प्रशंसा की।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय परिवार ने दी स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत जेवियर्स विद्यालय सेक्टर 1 सी प्राथमिक इकाई के प्रार्थना- सभा में स्वड्ड शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि दी गई। कक्षा तीसरी के बच्चों ने स्वड्ड शिबू सोरेन जी के सम्मान में उनके जीवन परिचय दिए। इनका जन्म 11 जनवरी 1944 को रामगढ जिले के नेमरा गांव में हुआ था। वह संथाल जनजाति से हैं और निधन 4 अगस्त 2025 को हुआ। सोरेन जी 'दिशोम गुरू' के नाम से लोकप्रिय एक भारतीय नेता थे, जो झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्यसभा के सदस्य और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेता थे। 18 साल की उम्र में, उन्होंने 'संथाल नवयुवक संघ' का गठन किया। झारखंड के तीसरे मुख्यमंत्री के रूप में शिबू सोरेन जी ने कार्य किया था - पहली बार 2005 में 10 दिन के लिए 2008 से 2009 तक और 2009 से 2010 तक कार्य किए। वे इंडिया अलायंस के एक घटक झामुमो के अध्यक्ष भी थे और दुमका से लोकसभा के सांसद रहे । उन्होंने तीन बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में कोयला मंत्री के रूप में भी कार्य किया। इसके साथ ही उप प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं बच्चों ने आज स्वड्ड शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए 1 मिनट का मौन रखा।

### चास नगर कमेटी की तरफ से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर पूरा राज्य उन्हें नमन कर रहा है । चास के धर्मशाला मोड में चास नगर कमेटी की तरफ से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में चंदनकियारी के जेएमएम विधायक उमाकांत रजक, राजपाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी, शिबू सोरेन के मित्र रहे प्रयाग केजरीवाल समेत जीएम के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने शिबू सोरेन को याद किया और उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि मुझे वर्ष 1980 के समय गुरुजी, विनोद बिहारी महतो और ए के राय के साथ काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है गुरु जी का जाना राज्य के लिए बहुत बड़ी क्षति है। गुरु जी का जाना हम सभी झारखंड वासियों को खलेगा। उनके बताए रास्ते पर चलकर हम झारखंड को बनाने का काम करेंगे उन्होंने कहा कि गुरु जी की आत्मा में झारखंड बसता था वह आदिवासी ,गरीब दलित कमजोर वर्गों के लिए हमेशा एक बरगद की पेड़ की तरह थे। हमेशा सबको संरक्षण देने का काम करते थे।

### तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर बैठक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जैनामोड़ स्थित भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय में मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह की उपस्थिति एवं प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा जरीडीह प्रखंड कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।अगामी 14 अगस्त को जैनामोर में तिरंगा यात्रा निकलने का निर्णय लिया गया झारखंड प्रदेश निर्देशानुसार तिरंगा यात्रा प्रदेश में 10 अगस्त से 14 अगस्त तक एवं हर घर तिरंगा लगाने का कार्यक्रम निश्चित है । बैठक मैं मुख्य रूप से प्रखंड के महामंत्री सुनील मंडल, विक्रम गोस्वामी ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद महतो, रामदयाल सिंह ,हीरालाल महतो, अशोक मिश्रा, नंदकिशोर किस्कू, अंगद मिश्रा, गौरव सिंह, वकील कुमार, विभूति महतो उपस्थित रहे।

### निःशुल्क कोचिंग एवं कौशल विकास कार्यक्रम हेतु जिला प्रशासन व बीएसएल की संयुक्त पहल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन एवं बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) की संयुक्त पहल कौशल विद्या मंदिर के अंतर्गत विस्थापित गाँवों के वैध पंजीकृत प्रमाणपत्र धारक युवाओं के लिए एक दिवसीय परामर्श एवं आवेदन शिविर का आयोजन दिनांक 11 अगस्त 2025 (सोमवार) को अपराह्न 3:00 बजे से टाउन हॉल, बोकारो में किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न निःशुल्क प्रशिक्षण और कोचिंग कार्यक्रमों से जोड़कर उन्हें रोजगार, स्वरोजगार एवं सरकारी/प्राइवेट नौकरियों के लिए तैयार करना है। चयन संस्थान द्वारा परामर्श, दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

- सरकारी / पीएसयू / निजी क्षेत्र की नौकरियों हेतु निःशुल्क कोचिंग।
- रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण (प्लेसमेंट सहायता सहित)।

# 19 विस्थापित गांवों में 06 पंचायत गठन को लेकर हुई चर्चा



- विस्थापित गांवों को पंचायत अंतर्गत सुविधाओं को मुहैया कराना लक्ष्य, डीपीएलआर निदेशक को प्रस्ताव तैयार करने का दिया निर्देश
- बीएसएल अधिग्रहित भूमि का पंजी टू में म्यूटेशन कराएं, ताकि किसी भी तरह के भूमि का अवैध खरीद -बिक्री नहीं हो सकें
- डीपीएलआर अपने दस्तावेजों को करें डिजिटलाइजेशन, विस्थापित की सूची झ पुर्नवास व खाली भूमि का नक्शा बनाएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने 19 विस्थापित गांवों में 06 नये पंचायतों के गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। मौके पर उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर निदेशक श्रीमती मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में विस्थापितों की स्थिति, उनके अधिकार झ पुनर्वास, पंचायत गठन आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और जरूरी दिशा झ निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

**विस्थापितों की समस्याओं समाधान को लेकर प्रशासन गंभीर**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि विस्थापितों की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण के कारण जिन लोगों को विस्थापित होना पड़ा है, उनके अधिकारों की रक्षा और जीवन-स्तर में सुधार प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। विस्थापितों के लिए स्थायी समाधान की दिशा में योजनाबद्ध कार्य हो रहा है।

**पंचायत गठन से होगा स्थानीय विकास और योजनाओं की पहुंच**

उपायुक्त ने समीक्षा क्रम में जिले के 19 विस्थापित गांवों में पंचायत गठन को लेकर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। कहा कि, इन क्षेत्रों में पंचायतों का गठन होने से विकासात्मक कार्यों की गति तेज होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी और स्थानीय लोगों को प्रशासन से सीधे जोड़ने में सुविधा होगी। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं भी गांव तेजी से पहुंचाई जा सकेंगी।

**डीपीएलआर निदेशक को दिया प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश**

उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन निदेशालय (डीपीएलआर) के निदेशक को निर्देशित किया कि वे विस्थापित 19 गांवों को केंद्र में रख जल्द से जल्द पंचायत गठन के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करें। इसमें पंचायतों की भौगोलिक सीमा, जनसंख्या, बुनियादी ढांचे की आवश्यकता और प्रशासनिक व्यवस्था का स्पष्ट डाटा शामिल हो।

**बीएसएल अधिग्रहित भूमि का दाखिल-खारिज कराएं, लगान जमा करें**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) द्वारा अधिग्रहित भूमि का पंजी टू में म्यूटेशन कराएं। इससे इन जमीनों का अवैध खरीद-बिक्री नहीं हो सकेगा और दूसरे लोग भी भ्रमित होकर किसी तरह के भूमि विवाद में शामिल नहीं होंगे। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि भूमिगत दस्तावेजों की पारदर्शिता भूमि विवादों को कम करेगी। उन्होंने कहा कि बीएसएल के पास भूमि का मालिकाना हक हैं, इसलिए वह संबंधित भूमि का लगान भी अंचल कार्यालय को जमा करें।

**दस्तावेजों का डिजिटलीकरण व नक्शा तैयार करें**

उपायुक्त ने डीपीएलआर विभाग को निर्देशित किया कि वह उपलब्ध सभी दस्तावेजों का डिजिटलीकरण करें। ताकि सूचना प्रणाली पारदर्शी और सुगम बने। इसके अलावा विस्थापितों की सूची, पुनर्वास प्रक्रिया की स्थिति, खाली पड़ी भूमि की जानकारी तथा विस्तृत नक्शा तैयार करने को कहा। संपूर्ण दस्तावेजों का रिकार्ड आफ रजिस्टर बनाने को कहा। यह दस्तावेज भविष्य की योजनाओं और निर्णयों के लिए आधार बनेंगे। बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपायुक्त ने कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने को कहा। जिला प्रशासन विस्थापितों के पुनर्वास, अधिकार और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक में तीन योजनाओं को घटनोत्तकर स्वीकृति







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की। मौके पर उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला योजना पदाधिकारी श्री राज शर्मा समेत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य विभागों के संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। बैठक में सर्व सहमति से उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 25 - 26 के तीन योजनाओं क्रमशः नावाडीह प्रखंड के भेण्डरा में ब्लैक स्मिथ वर्कशाप चाहरदिवारी - नाली सहित पीसीसी पथ का निर्माण, भेण्डरा पंचायत के संयुक्त जल मीनार से विधुत सब स्टेशन होते हुए ब्लैक स्मिथ सह उत्पादन केंद्र तक पीसीसी पथ झ गार्ड वाल का निर्माण कार्य एवं चास प्रखंड के प्रभात कालोनी वार्ड न. 26 में पीसीसी पथ निर्माण को घटनोत्तकर स्वीकृति दी। इस क्रम में उन्होंने पूर्व की स्वीकृत योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा किया। बैठक में उपस्थित संबंधित एजेंसियों के कार्य प्रगति को लेकर भी जरूरी दिशा निर्देश दिया। कार्य में तेजी लाने व ससमय पूरा करने को कहा। उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को पूर्व की स्वीकृत योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर नियमित निगरानी का निर्देश दिया।

**वित्तीय वर्ष 25-26 का मामला, पूर्व की स्वीकृत योजनाओं की प्रगति के निगरानी का उप विकास आयुक्त को दिया निर्देश**

# देववृक्ष कल्पतरु की शाखाओं में भगवान शिव की पूजा एवं रुद्राभिषेक के साथ ही 'तीन दिवसीय कल्पतरु महोत्सव' संपन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तीन दिवसीय 'मनोकामनासिद्धि देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव' के तीसरे और अंतिम दिन शुभ श्रावण शुक्ल त्रयोदशी तिथि दिनांक 07 अगस्त 2025 गुरुवार को प्रातः 07 बजे से बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में रोपित देववृक्ष कल्पतरु की शाखाओं में भगवान शिव की पूजा कर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के पर्यावरण प्रहरियों ने देश, राज्य एवं बोकारो वासियों के कल्याण और सर्वांगीण उत्थान हेतु प्रार्थना किया । ज्ञात हो कि समुद्र मंथन से प्राप्त चौदह रत्नों में कल्पतरु भी एक रत्न है जिसकी मान्यता त्रिदेव स्वरूप मनोकामनासिद्धि देववृक्ष के रूप में है । विद्वान कर्मकांडी पं. अखिलेश ओझा ने वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा आज भगवान शिव स्वरूप में विराजमान देववृक्ष कल्पतरु की पूजा और तत्पश्चात रुद्र अष्टाध्यायी के मंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक कराकर सबोंके कल्याण की कमाना किया । तीन दिवसीय महोत्सव में प्रथम दिन कल्पतरु के मूल में भगवान विष्णु की पूजा की गई, दूसरे दिन तना भाग में भगवान ब्रह्मा की पूजा की गई और अंतिम दिन देववृक्ष कल्पतरु की शाखाओं में भगवान शिव का पूजन किया गया तथा इसके उपरांत मनोकामनासिद्धि प्रार्थना के साथ महोत्सव के पूर्ण होने की घोषणा अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पांडेय द्वारा की गई । पूजन में भागलेने वालों में संस्थान के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद, महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल', सचिव अधिवक्ता रमण ठाकुर, सहसचिव विजय त्रिपाठी, नशामुक्ति प्रकोष्ठ संयोजक लक्ष्मण शर्मा, सलाहकार विष्णु शंकर मिश्र, सक्रिय सदस्य अर्जुन पांडेय, पं. गंगा झा ने भाग लिया तथा इस अवसर पर मृणाल कांत चौबे, बीरेंद्र मिश्र, अशोक मिश्र सहित कई उपस्थित रहे ।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी, बोकारो में दो दिवसीय नेत्र जांच चिकित्सा शिविर संपन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी , बोकारो में शहर के स्थानीय प्रसिद्ध नेत्र अस्पताल संजीव नेत्रालय कोऑपरेटिव कॉलोनी बोकारो के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें चार सौ पांच छात्रों एवं अभिभावकों ने नेत्र जांच कराया। यह शहर के जाने-माने नेत्र चिकित्सक डॉक्टर काजल रॉय जी के द्वारा किया गया । जिसमें उनके सहयोगी मनोज कुमार जी का भी योगदान रहा। उन्होंने बताया कि यहां जांच में जिनको दिक्कत आई है उनको सलाह के साथ-साथ अस्पताल में भी निःशुल्क देखने हेतु व्यवस्था दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने कहा कि यह नेत्र जांच शिविर दो दिवसीय 6 एवं 7 अगस्त को हुआ।इस बार भैया - बहनों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी यह सुविधा दी गई । विद्यालय की तरफ से यह एक नई पहल की गई है। जिसमें बालकों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी नेत्र जांच किया गया। इस कार्य से विद्यालय के बालक ही नहीं अपितु उनके अभिभावक भी खुश दिखे । वर्ष में एक बार सभी बालकों का विद्यालय के द्वारा इस प्रकार से नेत्र जांच कराया जाता है और आगे भी कराया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी आचार्य चंदन सरकार तथा सभी आचार्य एवं दीदीजी उपस्थित रहे।

# अंडरपास चौड़ीकरण के समय किया जाएगा सड़क का समाधान : उपायुक्त



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने आज शाम वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ गया पुल अंडर पास का निरीक्षण किया। सबसे पहले उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से अंडरपास की सड़क किन कारणों से बारंबार क्षतिग्रस्त हो रही है, की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त को बताया गया कि अंडरपास के बगल से नाला और नाली गुजरते हैं। इसका पानी रीसकर अंडरपास में आ जाता है। पानी की सही तरीके से निकासी नहीं होने से अंडरपास की सड़क में गड्ढे बन जाते हैं। गड्ढों के कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों की गति धीमी पड़ती है। इस मार्ग पर दिन - रात छोटे, बड़े, भारी सहित सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। अंडरपास में वाहनों की गति धीमी पड़ने से अंडरपास के दोनों और धीरे-धीरे लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है। इस समस्या का तत्काल समाधान निकालने के लिए उपायुक्त ने नगर निगम को नाला - नाली की सफाई करने तथा आरसीडी को अंडरपास की सड़क समतल कर आयरन प्लेट बिछाने का निर्देश दिया। साथ ही हाई स्ट्रैंथ के हेक्सागोनल ब्लॉक, जो पानी में भी खराब नहीं हो, की प्रयोगशाला में टेस्टिंग कर, पूरे तैयारी के बाद, लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने श्रमिक चौक के क्षेत्रफल को कम करने, आसपास से अतिक्रमण हटाने, ऑटो के लिए पार्किंग निर्धारित करने, सुचारू पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण कराने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जब गया पुल अंडरपास का चौड़ीकरण शुरू होगा तब अंडर पास की सड़क की समस्या का चिरकालीन समाधान किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर नगर निगम ने सुपर सकर मशीन लगाकर अंडरपास के आसपास नाला नाली की सफाई शुरू कर दी। यह सीवर सिस्टम की सफाई और रखरखाव के लिए उपयोग किया जाने वाला एक विशेष वाहन है। यह पाइपलाइनों से रुकावटों, कीचड़ और मलबे को हटाने के लिए शक्तिशाली सक्शन क्षमताओं के साथ उच्च दबाव वाले पानी का जेट छोड़ती हैं। जिससे नाला नाली में रुकावट पैदा करने वाली वस्तु हट जाती है। मौके पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि उपायुक्त ने गया पुल अंडरपास का गहन निरीक्षण किया है। इसका तात्कालिक समाधान निकालने के लिए आयरन शीट बिछाई जाएगी। बाद में पानी की नकासी सुनिश्चित कर पेवर ब्लॉक बिछाए जाएंगे। जब अंडरपास का चौड़ीकरण होगा तब इसका स्थाई समाधान निकाला जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, माननीय विधायक धनबाद राज सिन्हा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक के अलावा पूर्व मध्य रेलवे व अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

### वरिष्ठ शिक्षक प्रणव मुखर्जी के निधन पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डैफोडिल्स एकाडेमी, करकेंद में श्रद्धांजली सभा का आयोजन। डैफोडिल्स एकाडेमी के प्रमुख एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रणव मुखर्जी का आकस्मिक निधन शुक्रवार, 01.08.2025 को उनके पैतृक निवास बांकुड़ा में हूआ।आज दिनांक 07.08. 2025 को डैफोडिल्स एकाडेमी प्रांगण में एक श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य तापस बनर्जी ने स्वः मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किए एवं श्रधा सुमन अर्पित किए। श्रधा सुमन अर्पित करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओ में देवाशीष मुखर्जी, अनिल सिंह, एस.आर कर, चंदन पासवान, जयंत घटक, संजय दत्ता,इकबाल, झुमा दत्ता, कौशल झा, डोली प्रसाद, सम्प्रीता, कुलजीत, रेशमी छाया, मुनमुन सेन, करुणा चंदा, अंकुर, महक अग्रवाल, चेरी अग्रवाल, देवश्री, एस सिन्हा, ज्ञानभी, आदि प्रमुख थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK